ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● आश्विन शुक्ल पक्ष 07 ● विक्रम संवत 2080 ● शनिवार, 21 अक्टूबर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 258 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

## नवरात्र : सातवां दिन- मां कालरात्रि



### स्तुति मंत्र

**करालरूपा कालाब्ज समानाकृति विग्रहा।**
**कालरात्रिः शुभं दधात देवि चंडाट्टहासिनी।।**

ध्यानमंत्र- जिनका रूप विकराल है, जिनकी आकृति और विग्रह कृष्ण कमल समान है और जो भयानक अट्टहास करनेवाली हैं, वे कालरात्रि देवी दुर्गा मंगल प्रदान करें।

# बेलवरण के बाद रांची में खुले पंडालों के पट, चारों ओर बज रही मां दुर्गा की आरती



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शारदीय नवरात्र के षष्ठी के अवसर पर शुक्रवार को बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति और हरिमती दुर्गा पूजा पंडाल, लालपुर का किया अनावरण। देवी दुर्गा के दरबार में शीश नवाकर राज्य की उन्नति, सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। उन्होंने कहा कि मां का आशीर्वाद सभी पर बना रहे, सभी अपने क्षेत्र में उन्नति करें करें, यही मां से कामना है। उन्होंने राज्यवासियों को दुर्गा पूजा की बधाई और शुभकामनाएं दी ।



# ईडी योगेंद्र तिवारी से आठ दिनों तक करेगी पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब घोटाले के आरोपित शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को शुक्रवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में पेश किया। ईडी ने योगेंद्र तिवारी से पूछताछ करने के लिए 14 दिनों की रिमांड मांगी। योगेंद्र तिवारी के अधिवक्ता के विरोध पर अदालत ने आठ दिनों की रिमांड की अनुमति दी। अब ईडी योगेंद्र तिवारी से आठ दिनों तक पूछताछ करेगी। तिवारी को आज बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया गया। रिमांड की अवधि शनिवार से शुरू होगी। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक बीएमपी सिंह ने बहस की जबकि योगेंद्र तिवारी की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया और रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा ने बहस की। उल्लेखनीय है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड में हुए शराब घोटाले में मनी लांड्रिंग के आरोप में शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को गुरुवार शाम 07:15 बजे गिरफ्तार किया था। योगेंद्र पर ईडी के अधिकारियों की जासूसी कराए जाने का भी आरोप है।

## योगेंद्र तिवारी की थी प्रेम प्रकाश से मिलीभगत



- **नौकरशाहों- नेताओं के प्रभाव का इस्तेमाल कर हासिल किए ठेके**
- **योगेंद्र तिवारी व उसके सहयोगियों के खिलाफ दर्ज 19 केस को ईसीआईआर में बनाया आधार**
- **रायबंगला की जमीन खरीद में योगेंद्र की दो कंपनियों का इस्तेमाल**

**झारखंड** के बड़े शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी ने प्रेम प्रकाश के साथ मिली भगत कर 2021 में शराब का थोक कारोबार हासिल किया था। शराब के कारोबार को हासिल करने में बड़े नौकरशाहों और राजनेताओं के संरक्षण का जिक्र भी ईडी ने कोर्ट को सौंपे दस्तावेज में किया है। ईडी की जांच के दौरान पाया गया है कि अवैध तरीके से जमीन कब्जे, बगैर चालान बालू की तस्करी व लाइसेंसी दुकानों में अवैध शराब की स्टोरेज के माड्स के जरिए योगेंद्र ने अवैध कमायी की। इस कमायी का इस्तेमाल उसने देवघर के रायबंगला की जमीन की खरीद में की। ईडी ने कोर्ट को बताया है कि राय बंगला की जमीन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### किस-किस केस को ईडी ने बनाया आधार

राय बंगला की जमीन डील से जुड़ा केस जिसमें विवेक मिश्रा, संजय कुमार पांडेय, लूटन सिंह, मुन्नम संजय, योगेंद्र तिवारी, अभिषेक आनंद झा, रोशन कुमार सिंह समेत 25 नामजद आरोपी हैं।

देवघर की जसीडीह थाना में दर्ज केस 50/20, जिसमें सरकारी कर्मचारी अमर प्रसाद से मिलकर जमीन कब्जाने का आरोप है। इस केस में भी 21 नामजद आरोपी हैं।

देवघर के मरगोमुंडा थाना का केस, जिसमें योगेंद्र तिवारी के भाई की कंपनी के खिलाफ 11 हजार क्यूबिक फीट बालू की तस्करी का आरोप था।

देवघर की रिखिया थाना में दर्ज शराब तस्करी का केस जिसमें योगेंद्र व अमरेंद्र तिवारी की कंपनी की भूमिका थी।

जामताड़ा में बालू की तस्करी को लेकर 15, 16 जुलाई 2020 को नाला व जामताड़ा में दर्ज केस। इसमें आनंद कुमार सिंह, अखिलेश सिंह व सूर्य नारायण सिंह आरोपी रहे थे।

इन कांडों के अलावा रांची के धुर्वा में दर्ज रंगदारी, जामताड़ा के महिजाम, बेगदेहरी, कुंदाहित, करमाटांड, बिंदापातर, फतेहपुर, नारायणपुर में शराब तस्करी के केस भी ईसीआईआर का हिस्सा हैं।

# विधि व्यवस्था के लिए 24 जिलों में तैनात किए गए प्रभारी पदाधिकारी

### आईएएस-आईपीएस अफसरों को मिली जिम्मेवारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** सरकार के गृह कार्य एवं आपदा प्रबंधन के द्वारा जारी किए गए आदेश में यह लिखा गया है कि झारखंड में दुर्गा पूजा का त्योहार प्रारंभ है और आने वाले दिनों में दीपावली, काली पूजा तथा छठ जैसे महत्वपूर्ण पर्व मनाए जाने वाले हैं। इन त्योहारों में भारी संख्या में लोग सार्वजनिक स्थलों, पंडालों, प्रतिमा विसर्जन तथा घाटों पर निकलते हैं। ऐसे में शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार का समापन राज्य सरकार एवं स्थानीय प्रशासन के लिए चुनौतीपूर्ण रहता है। ऐसे में आगामी त्योहारों के दौरान राज्य में विधि व्यवस्था बनाए रखने, सामाजिक सौहार्द और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### किसको कहां की मिली जिम्मेवारी

- रांची में आईएएस अधिकारी मनोज कुमार और एडीजी आरके मलिक
- जमशेदपुर में आईएएस अधिकारी मनीष रंजन और आईजी अखिलेश कुमार झा
- हजारीबाग में आईएएस अधिकारी राहुल कुमार पूर्व व एडीजी प्रिया दुबे
- धनबाद में आईएएस अधिकारी प्रशांत कुमार और एडीजी मुरारी लाल मीणा
- गिरिडीह में आईएएस अधिकारी अमिताभ कौशल और आईजी सीआईडी असीम विक्रांत मिंज
- बोकारो में आईएएस अधिकारी सुनील कुमार और एडीजी तदास मिश्रा
- पलामू में आईएएस अधिकारी कृपानंद झा और आईजी अमोल बेणुकांत होमकर
- गढ़वा में आईएएस अधिकारी अबू बकर सिद्दीकी और डीआईजी संजय रंजन सिंह
- साहिबगंज में आईएएस अधिकारी आदित्य आनंद और आईपीएस धनंजय कुमार सिंह
- गोड्डा में आईएएस अधिकारी भुवनेश प्रताप सिंह और आईपीएस अधिकारी शैलेंद्र प्रसाद बरनवाल
- दुमका में आईएएस अधिकारी मुकेश कुमार और आईपीएस अंबर लकड़ा
- कोडरमा में आईएएस अधिकारी संजीव कुमार मिश्रा और आईपीएस सुरेंद्र कुमार झा
- चाईबासा में आईएएस अधिकारी अरवा राजकमल और आईपीएस माइकल राज
- सरायकेला खरसावां में आईएएस अमित कुमार व आईजी प्रभात कुमार
- चतरा में आईएएस जितेंद्र कुमार सिंह और आईपीएस कार्तिक एस
- रामगढ़ में आईएएस अधिकारी राजेश्वरी बी और आईपीएस विजयलक्ष्मी
- जामताड़ा में आईएएस अधिकारी फैज अहमद और आईपीएस कुसुम पूनिया
- पाकुड़ में आईएएस अधिकारी शशि प्रकाश झा और आईपीएस अश्विनी कुमार सिन्हा
- देवघर में आईएएस अधिकारी कमलेश्वर प्रसाद सिंह और आईजी मनोज कौशिक
- लातेहार में आईएएस अधिकारी भोर सिंह यादव व आईपीएस अनुरंजन किस्पोट्टा
- गुमला में आईएएस अधिकारी शैलेश रंजन व आईपीएस शैलेंद्र कुमार सिन्हा
- सिमडेगा में आईएएस अधिकारी सुशांत गौरव आईपीएस शम्स तबरेज
- खूंटी में आईएएस अधिकारी सूरज कुमार व आईपीएस संध्या रानी मेहता
- लोहरदगा में आईएएस अधिकारी आकांक्षा रंजन और आईपीएस इंद्रजीत महथा

## गागर में सागर

### विनय चौबे, सुनील कुमार और राहुल पुरवार बनेंगे प्रधान सचिव

**रांची।** मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, पथ निर्माण सचिव सुनील कुमार और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव राहुल पुरवार को प्रधान सचिव रैंक में प्रमोशन दिया जायेगा। राज्य सरकार ने 1999 बैच के इन अधिकारियों को सुपर टाइम स्केल से सुपरटाइम स्केल में प्रोन्नति देने के लिए भारत सरकार से तीन रिक्तियां मांगी है। केंद्र से इसके अलावा सात और अधिकारियों की रिक्ति मांगी गई है, जिन्हें विशेष सचिव पद से सचिव रैंक में प्रमोशन दिया जाना है। इसके अलावा प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का को सीएस रैंक में प्रमोशन देने के लिए सीएस रैंक में एक रिक्ति मांगी गयी है। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में भारत सरकार से 11 रिक्तियां मांगी, जिन्हें प्रमोशन दिया जाना है। रिक्ति मिलने के बाद डीपीसी की बैठक में अधिकारियों के नाम पर विचार होगा और उसकी अनुशंसा भारत सरकार को दी जायेगी। अधिसूचना कार्मिक मंत्रालय जारी करेगा। सभी को एक जनवरी 2024 की तिथि से प्रमोशन मिलेगा।

### छवि रंजन की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 2 नवंबर को

**रांची।** जमीन घोटाले के आरोपित निलंबित आईएएस छवि रंजन की जमानत याचिका पर शुक्रवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई के लिए दो नवम्बर की तिथि निर्धारित की। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने बहस की। छवि रंजन की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता अभिषेक चौधरी ने बहस की।

### नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म का मामला, पांच दोषियों को उम्रकैद

**लोहरदगा।** नाबालिग के साथ तीन साल पहले सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले पांच दोषियों को अदालत ने कठोर सजा सुनाई है। तीन सालों तक अदालत में चली न्यायिक प्रक्रिया के बाद अदालत ने पांचों आरोपियों को न सिर्फ दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई, बल्कि जुर्माना भी लगाया है। सभी दोषी न्यायिक हिरासत में हैं। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने यह फैसला सुनाया।

### आईसीसी वर्ल्ड कप 2023



**ऑस्ट्रेलिया - 367/9 (50 ओवर)**
**पाकिस्तान - 305/10 (45.3 ओवर)**

**आज का मैच**

**नीदरलैंड बनाम श्रीलंका लखनऊ (10:30 बजे से)**
**इंग्लैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका मुंबई (2 बजे से)**

# 5 लाख के इनामी नक्सली समेत दो गिरफ्तार, हथियार बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकित जंगल से नक्सली संगठन झारखंड मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के सब जोनल कमांडर सुशील उरांव समेत दो उग्रवादियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। सुशील उरांव पर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित है। दूसरा नक्सली अमरेश उरांव जेजेएमपी का सदस्य है। दोनों नक्सली मनिका थाना क्षेत्र के मनधनिया गांव के रहने वाले हैं। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि आज सुबह पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी के नक्सली किसी घटना को अंजाम देने के लिए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## राजधानी में चोरों का उत्पात

# वैज्ञानिक के घर से 20 लाख के गहने सहित नगद उड़ा ले गए चोर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** दुर्गा पूजा के दौरान पुलिस मुख्यालय के द्वारा अतरिक्त पुलिस बल मिलने के बाद भी राजधानी में फायरिंग, चोरी और लूट की घटनाएं घट रही है। चोर और स्नैचर्स ने तो राजधानी की पुलिस के नाक में दम कर रखा है, ताजा मामला रांची के कांके थाना क्षेत्र का है, यहां एक घर मे चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। घर से चोर 20 लाख के गहने और तीन लाख नगद उड़ा ले गए है।



रांची के कांके स्थित बिरसा एग्रीकल्चर कॉलेज के वैज्ञानिक योगेंद्र प्रसाद के घर पर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। योगेंद्र प्रसाद अपने पूरे परिवार के साथ बनारस गए हुए थे इसी दौरान चोरों के द्वारा इस वारदात को अंजाम दिया गया है। वैज्ञानिक योगेंद्र प्रसाद के घर के तीन लेयर के सुरक्षा घेरे को तोड़कर चोरों ने 20 लख रुपए के गहने और 3 लाख रुपए नगद गायब कर दिए। घर में चोरी की वारदात की सूचना मिलने के बाद वैज्ञानिक योगेंद्र प्रसाद शुक्रवार को बनारस से रांची पहुंचे।

वैज्ञानिक योगेंद्र प्रसाद कहां के थाना क्षेत्र के चौड़ी में नाग परिसर के अंदर रहते हैं। 18 अक्टूबर को योगेंद्र बनारस निकले थे। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### हाईकोर्ट के जज के बॉडीगार्ड की फायरिंग में हुई मौत

**रांची।** हाईकोर्ट के जस्टिस एसएन पाठक के बॉडीगार्ड बलराम एक्का की गोली लगने से मौत हो गई है। बॉडीगार्ड में खुद को गोली मारी है या फिर एक्सीडेंटल गोली चली है इसकी जांच की जा रही है। रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि मामले की तफ्तीश की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार गुमला के रहने वाले बलराम एक्का जस्टिस एसएन पाठक के बॉडीगार्ड के रूप में लंबे समय से कार्यरत थे। बलराम जस्टिस के आवास स्थित एक आउटहाउस में ही रहा करते थे। शुक्रवार की सुबह करीब 9:30 मिनट पर न्याय पथ स्थित जस्टिस के आवास से गोली चलने की आवाज आई, हाउस गार्ड जब मौके पर दौड़े दौड़े पहुचे तो देखा कि बलराम एक्का अपने कमरे के बाथरूम में खून से लथपथ पड़े हुए है, उनका एके 47 राइफल भी पास में पड़ा हुआ था। आनन फानन में बलराम को नजदीक के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## इस त्योहारी सीजन में 3 लाख करोड़ रुपये के व्यापार की उम्मीद

# भारत में लगभग 60 करोड़ उपभोक्ता हैं

### बीते साल हुआ था 2.5 लाख करोड़ रुपये का व्यापार

**आरएनएम। नई दिल्ली** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल के अनुसार रक्षा बंधन से शुरू हुए इस साल के त्योहारी सीजन में लगभग 3 लाख करोड़ रुपये के व्यापार की संभावना है। कोविड के बाद यह पहला वर्ष है, जब दिल्ली सहित देश भर में त्योहारों को लेकर उच्च मध्यम वर्ग वाले बड़े उत्साहित हैं। बाजार में भीड़ बढ़ रही है। बीते वर्ष इस सीजन में लगभग 2.5



लाख करोड़ रुपये का व्यापार हुआ था। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया के अनुसार, दीवाली के त्योहारी सीजन की शुरूआत रक्षा बंधन से प्रारंभ हुई है। यह सीजन अगले माह 23 नवंबर के दिन तुलसी विवाह तक चलेगा। नवरात्र, रामलीला, दशहरा, दुर्गा पूजा, करवा चौथ, धनतेरस, दीवाली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज, छठ पूजा तथा तुलसी विवाह तक त्योहारी सीजन है। इस सीजन में ग्राहकों की मांग के अनुरूप देश भर के व्यापारियों ने व्यापक रूप से सामान उपलब्ध कराने की बड़ी तैयारियों की व्यवस्था कर ली है। त्योहारी सीजन में लगभग 3 लाख करोड़ रुपये के व्यापार का अनुमान का आधार बहुत सरल है। भारत के बाजारों में खुदरा बिक्री के लिए लगभग 60 करोड़ उपभोक्ता हैं। यदि हम प्रति व्यक्ति 5000 रुपये का ही खर्च आंके, तो 3 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा बेहद आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। घरेलू सामान, उपकरण, उपहार, कपड़े, आभूषण, नकली आभूषण, बर्तन, सजावटी सामान, फर्नीचर और फिक्स्चर, बर्तन, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, मोबाइल, लैपटॉप, कंप्यूटर और बाह्य उपकरणों, बिजली के सामान, मिठाई और नमकीन कन्फेक्शनरी व फल आदि सहित अन्य सामानों की खरीद के लिए बड़े पैमाने पर उपभोक्ताओं द्वारा खर्च किए जाने की उम्मीद है।

# अंतर्राज्यीय गिरोह के 3 अपराधी देसी पिस्टल के साथ गिरफ्तार


### गिरफ्तार अपराधियों में कुंदा प्रखंड का 20 सूत्री उपाध्यक्ष भी शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** पुलिस ने दुर्गा पूजा से पूर्व आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने की फिराक में जुटे अंतर्राज्यीय गिरोह के अपराधियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए गुरुवार देर रात चतरा-डोभी मुख्यमार्ग एनएच-22 स्थित संघरी घाटी के समीप से तीन अपराधियों को देसी पिस्टल व दो कारतूस के साथ गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार अपराधियो में कुंदा थाना क्षेत्र के बोधाडीह गांव निवासी कमलेश कुमार यादव, छोटू यादव व राजेंद्र यादव शामिल हैं। गिरफ्तार कमलेश कुंदा प्रखंड का 20 सूत्री उपाध्यक्ष है। एसडीपीओ ने बताया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी हथियार के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील हैं। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें बोलेरो वाहन पर बैठे उपरोक्त लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से तीन मोबाइल फोन जब्त भी किए गए। अभियान में सहायक अवर निरीक्षक अरुण दत्त शर्मा समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



## गागर में सागर

### 10 दिवसीय मुर्गी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**सिल्ली।** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 10 दिवसीय मुर्गी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अथिति रांची जिला उपाध्यक्ष श्रीमति वीना देवी एवम सिल्ली प्रमुख जितेन बराईक ने राज्य के विभिन्न जिले एवं प्रखंड से आए 31 सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र दिया और को खुद का स्वरोजगार बैंक से लोन लेकर स्वय का मुर्गी फॉर्म लगाने का संदेश दिया। रुडसेट संस्थान के निदेशक संजीत मुख्य अतिथि को धन्यवाद ज्ञापन लिए। मौके पर संस्थान के वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार, जगदीश चंद्र महतो, महेशरूही दास,सुनील कुमार उपस्थित रहे।

### नवरात्र के मौके पर बुद्धा पब्लिक स्कूल में बच्चों ने किया नृत्य प्रस्तुत



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बुद्धा पब्लिक स्कूल टुटकी सिल्ली में स्कूल के बच्चों द्वारा नवरात्रि के अवसर पर गरबा और डांडिया नाच प्रस्तुत किया गया। बच्चे रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर डांडिया छड़ी के साथ गरबा नृत्य किये। कार्यक्रम की शुरूआत जय माता दी की जयकारे के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के निदेशक रणधीर कौशिक ने बच्चों की काफी सराहना की और बताया कि इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन से बच्चों में बुद्धि विवेक का विकास तीव्र गति से होता है। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य वी सुधीर राव, जितेंद्र, राकेश, राहुल भद्रा, विपुल राय, नकुल बडाईक, लंकेश्वर, प्रतिमा देवी, सुषमा सिंह, सुमित्रा कुमारी, अंजली कुमारी, आशा चौधरी, शालिनी कुमारी का काफी सराहनीय योगदान रहा।

### बिहार क्लब में हुई मां की महा षष्ठी पूजा, भक्तों की उमड़ी भीड़

**रांची।** बिहार क्लब श्री दुर्गा पूजा समिति सांय 6:23 पर बेलवर्ण आमंत्रण के साथ मां दुर्गा का पट खुला। शुक्रवार को सांय 6.30 में महा षष्ठी पूजा के अवसर पर बिहार क्लब में लोगों का तांता लगा रहा एवं भक्तों के द्वारा मां का अनावरण कर मां दुर्गा के बेलवर्ण के साथ षष्ठी पूजा किया गया। तत्पश्चात सांय काल में देवी का बोधन, आमंत्रण एवं अधिवास हुआ इसके पश्चात मां भगवती का श्रृंगार किया गया साथ ही माता रानी के दर्शन के लिए मां भवानी के भक्तों का सैलाब उमड़ा, सभी ने लाइटिंग चन्द्रयान की एव पंडाल के अंदर की सजावट की बहुत प्रशंसा की। सभी कार्यक्रम पुरोहित सुभाष पाठक की देखरेख में हुआ साथ-साथ बिहार क्लब के अध्यक्ष डॉ अजीत सहाय,कार्यकारी अध्यक्ष राजन वर्मा ,अमरनाथ साहू एवं अन्य सदस्यों का काफी सहयोग रहा। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सह पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय, पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की, आवास बोर्ड के सदस्य अभिलाष साहू, बालमुकुंद सहाय,जय सिंह, संजय सिन्हा (गोपू) राजेंद्र गोपाल उज्जवल तिवारी, विनोद सिंह, राणा रणधीर, किट्ठू,बिट्ठू, प्रभकार जी, बादल सिंह, दिवाकर, दिलीप भैया,समीर आदि सदस्य उपस्थित थे।

### ग्रामीण स्वास्थ्य व पोषण परियोजना के तहत खूंटी सदर अस्पताल में कार्यशाला

**खूंटी।** सिनी संस्था ने ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पोषण परियोजना के तहत शुक्रवार को सदर अस्पताल खूंटी में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी ने दीप प्रज्वलित कर किश। सिविल सर्जन ने स्वस्थ एवं पोषण के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी और लोगों को इसकी शपथ दिलाई। खूंटी के प्रमुख ने परियोजना के तहत सिनी संस्था को सभी पंचायतों से हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। सिनी के प्रोजेक्ट मैनेजर रेहान ने सिनी कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। परियोजना के तहत उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाएं, धात्री माता, 0-2 साल के बच्चे, एनीमिया से ग्रसित किशोर-किशोरी को स्वस्थ सेवाओं से जोड़ने और स्वास्थ्य सुविधा दी जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिविल सर्जन, जिला आरसीएच अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधन पदाधिकारी, अमरनाथ, फगुआ, अल्पना, प्रियंका, अंकिता, संगीता आदि ने भाग लिया।

श्री श्री दुर्गा पूजा पंडाल का विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया उद्घाटन

# पंडाल का कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

**नवीन मेल संवाददातपा। बेड़ो**



श्री श्री दुर्गा पूजा महासमिति बेड़ो के तत्वावधान में आयोजित दुर्गा पूजा का सुबह 8:00 बजे षष्ठी की कलश स्थापना और देर शाम बेलवरण, मां दुर्गा का बोधन, आमंत्रण अधिवास का पूजा अनुष्ठान के साथ शुभारंभ किया गया। मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, भाजपा के वरिष्ठ युवा नेता सन्नी टोप्पो, स्वास्थ्य विभाग के पूर्व निदेशक प्रमुख डॉ प्रवीण चन्द्र, बेड़ो के प्रखंड सह अंचलाधिकारी सुमंत तिर्की, जिला परिषद सदस्य पार्वती देवी, मुखिया सुशांति भगत ने संयुक्त रूप से फीता काट कर एवं मां दुर्गा के मंत्रोंच्चार के साथ पंडाल का विधिवत उद्घाटन किया। मुख्य पुजारी सुबल चन्द्र देवघरिया व मनोरंजन देवघरिया सहित बाबा बजरंगी दास ने सभी अतिथियों सहित सासंद प्रतिनिधि राकेश भगत, विधायक प्रतिनिधि नवल किशोर सिंह, दशरथ गोप सहित उपस्थित विशिष्ट जनों की उपस्थिति में विधिवत धार्मिक अनुष्ठान करवा कर पंडाल का उद्घाटन कराया। इस मौके पर श्री श्री दुर्गा पूजा महासमिति के पदाधिकारियों क्रमशः संरक्षक सौमित्र शर्मा, संरक्षक लाईसेंस धारी प्रकाश कुमार सिंह, अध्यक्ष साधन कुमार राय कार्यकारी अध्यक्ष आकाश रक्षित, उपाध्यक्ष परना महतो, संजीव दुबे, सचिव उमेश महतो, सह सचिव मुकेश कुमार राय, कार्यकारी सदस्य डॉ सुदामा वर्मा, अंकित सोनी, भाजपा के वरिष्ठ नेता सन्नी टोप्पो, डॉ प्रवीण चन्द्र सहित अन्य अतिथियों को माता रानी की चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके पूर्व मां दुर्गा की मंत्रोच्चार के साथ मुख्य पुजारी सुबल चन्द्र देवघरिया, गौतम देवघरिया, मनोरंजन देवघरिया, विनय कुमार ठाकुर के संयुक्त नेतृत्व में धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न किया गया।

## वृदांवन कॉलोनी पूजा समिति पंडाल का डीआइजी ने किया उदघाटन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शारदीय नवरात्र के षष्ठी पूजा बेलवरण के बाद चिरौंदी स्थित वृंदावन कॉलोनी दुगार्पूजा समिति पूजा पंडाल का उद्घाटन किया गया। पट का अनावरण दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के डीआइजी अनूप बिरथरे ने किया। पूजा समिति की ओर से अनूप बिरथरे को माता का चुनरी से सम्मानित किया गया। पट अनावरण के समय शंख ध्वनि से गूंजायमान हो गया। मौके पर समिति के संरक्षक जैन नंदू, अरुण कुमार सिंह, दैनिक अखबार की मुख्य प्रबंध निदेशक मंजू सिंह, विजय कुमार सिंह, सुरेश प्रसाद सिंह और वृंदावन कॉलोनी दुगार्पूजा समिति के अध्यक्ष अभिषेक सिंह राठौर, उपाध्यक्ष आरएन प्रसाद, सचिव धनेश सिंह, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, उप सचिव जेपी पांडेय, धीरज सिंह, संतोष कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, रामलोचन प्रसाद, सुमित कुमार, प्रमोद कुमार, श्रीपति गिरी, डॉ सुशील कुमार सिंह, सत्येंद्र सिंह और समिति के अनय गणमान्य लोग मौजूद थे।

### बेड़ो दुर्गा पूजा पंडाल में चोरी, एक मोबाइल और छह माइक ले गए चोर

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के महादानी मंदिर परिसर में स्थित मां संतोषी के मंदिर परिसर में रखे एक मोबाइल दो माइक व रामचरितमानस पाठ के स्टेन में लगे चार माइक को गुरुवार की रात को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ले गए। श्री श्री दुर्गा पूजा महासमिति द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा पंडाल में रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया है ।जिसमें बसंत साउंड का साउंड सिस्टम लगा हुआ है। रात में पाठ खत्म होने के बाद ऑपरेटर सोमरा गोप ने संतोषी मां के मंदिर परिसर में रखे साउंड सिस्टम के समीप सो गया। सुबह उठकर जब वह देखा कि सिस्टम के पास रखे दो माइक व उसका मोबाइल वहां पर नहीं है। वही रामचरितमानस पाठ में भी स्टेन में लगे चार माइक नहीं थे। इसके बाद ऑपरेटर ने अपने मालिक बसंत लोहरा को सूचना दिया ।इसके बाद बसंत ने पूजा समिति के अध्यक्ष साधन कुमार राय को सूचना दिया। वही पूजा समिति के अध्यक्ष ने बेड़ो थाना पुलिस को सूचना दिया।

## विधायक ने ट्रांसफार्मर का उदघाटन व पीसीसी सड़क का किया शिलान्यास




**नवीन मेल संवाददाता। सोनाहातू**

विधायक सुदेश महतो ने शुक्रवार को प्रखंड के लान्दूपडीह पंचायत के बुसुडीह गांव के नीचे टोला में 100 केवी का नया ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन एवं 300 फीट पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किये। विधायक निधि से कुल 4 लाख 18 हजार की लागत से पीसीसी सड़क का निर्माण किया जाना है। इस दौरान विधायक ने कहा कि गांव की जरूरत को पूरा किया जा रहा है। पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य पर वृहत पैमाने पर काम किये जा रहे है। हमारा प्रयास जेनरेशन ग्रोथ को लेकर है। गांव को राशन ओर पेंशन से ऊपर लाना है। शिक्षा को लेकर स्मार्ट क्लास, निःशुल्क कोंचिंग, निःशुल्क बस सेवा, पुस्तकालय आदि की व्यवस्था किया जा रहा है। हर घर मे शुद्ध पेयजल पहुंचाने का काम किया जा रहा है ।गांव में एकजुटता बनाये रखने की जरूरत है। गांव के एकता को तोड़ने वाले लोगों से सावधान रहने की अपील किया। मौके पर बीडीओ खगेश कुमार,विद्युत विभाग के एसडीओ जितेन्द्र कुमार, मुखिया प्रतिनिधि अनिल सिंह मुंडा,गुंज परिवार के अध्यक्ष सुनील सिंह, केन्द्रीय सचिव संजय महतो, पूर्व जिप उपाध्यक्ष चितरंजन महतो, पूर्व जिप सदस्य बीणा मुंडा, रमेश सिंह मुंडा, अशोक महतो, पंसस डिजेन कालिंदी, रमेश महतो, अनिल महतो,बसन्त महतो, ललन महतो, मोतीलाल महतो, रघुनाथ महतो, गोवर्धन महतो आदि मौजूद थे।

### बेलवरण अनुष्ठान के बाद मां का पट खोला गया

**लापुंग।** श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति ककरिया के तत्वावधान में आयोजित दुर्गा पूजा के दौरान महाषष्ठी पूजा, कलश स्थापना, देवी का कल्पारंभ, बोधन आमंत्रण एवं अधिवास के धार्मिक अनुष्ठानों के बाद रात्रि आठ बजे मां दुर्गा का विधिवत पट खोला गया। धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन मुख्य पुजारी सुरेश देवघरिया तथा गौरव पाठक ने यजमान झपरा निवासी मिथिलेश पती को मां दुर्गा के मंत्रोच्चार के बीच धार्मिक अनुष्ठान कराया। बेलवरण की पूजा बेल वृक्ष के नीचे किया गया। दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष गंगाधर साहु, सचिव सुधीर चन्द्र साहु, कोषाध्यक्ष ब्रज बिहारी साहु, सुभाष चंद्र साहु, कार्यकारी सदस्य सुमित कुमार उर्फ मृत्युंजय कुमार सहित अन्य लोगों की देखरेख में दुर्गा पूजा का शुभारंभ किया गया। ढोल ढाक एवं शंख की प्रतिध्वनि के बीच मां दुर्गा के मंत्रोच्चार से सम्पूर्ण ककरिया गुंजायमान हो उठा।

## विद्यालय के लिए वरदान साबित होगा पोषण वाटिका : बीडीओ सुमंत तिर्की

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**




बेड़ो प्रखंड में शुक्रवार को बीडीओ सुमंत तिर्की की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग व एमडीएम स्टीयरिंग कमिटी की एक अहम बैठक हुई। जिसमें विभिन्न विद्यालयों में चयनित पोषण वाटिका और एमडीएम पर चर्चा की गई। मौके पर बीडीओ सुमंत तिर्की ने कहा कि पोषण वाटिका की योजना विद्यालयों के लिए वरदान साबित होगा। इस योजना के तहत विद्यालय परिसर में मौसम के अनुसार सब्जियां उगाकर बच्चों को बेहतर तरीके से पोषित किया जा सकता है। साथ ही बच्चों को कृषि की आधुनिक तरीके की जानकारी भी विद्यालय परिसर में दी जा सकती है। उन्होंने मध्यान भोजन पर चर्चा करते हुए कहा कि बच्चों के शारीरिक विकास में मध्यान भोजन की भूमिका से इन्कार नहीं किया जा सकता है। शारीरिक विकास पर ही मानसिक विकास निर्भर करता है। इसलिए यह जरूरी है कि मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता को और बेहतर किया जाए। जिससे बच्चों को बेहतर पोषण और संपूर्ण विकास की राहों पर आगे बढ़ाया जा सके। सरकार के निर्देश अनुसार बीडीओ ने बच्चों को रावि का लड्डू सप्ताह में एक दिन देने की हिदायत दी। बेड़ो प्रखंड के विभिन्न 11 विद्यालयों का चयन पोषण वाटिका का योजना के लिए किया गया था। जिसमें दो विद्यालयों में पोषण वाटिका के संचालन में कठिनाई को देखते हुए बीडीओ ने दो अन्य स्कूलों के चयन करने का निर्देश दिया ।बैठक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केसरी व स्टीयरिंग कमेटी के सदस्यों ने एमडीएम शिक्षा पद्धति को बेहतर बनाने के संबंध में अपना विचार रखा। वहीं मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, प्रधान लिपिक फारूक नदीम,प्रखंड कृषि पदाधिकारी, एमडीएम ऑपरेटर सच्चिदानंद शाहदेव, एमडीएम प्रभारी सुशांत कुमार मिश्रा, शिक्षा विभाग के बीपीओ देव कुमार, कनीय अभियंता संजय सिन्हा,विशु उरांव, सुशीला,मिलन देवी,सोनी देवी,नीलम सिंह व विवेक कुमार साहू समेत स्टीयरिंग कमेटी के सदस्य व अन्य लोग मौजूद थे।

**झारखण्ड सरकार**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

56वीं औपबंधिक सूची जिला–रामगढ़ (पार्ट–03)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :– माण्डू थाना काण्ड संख्या–04/99 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी फागु बेसरा एंव रामचन्द्र वर्मा द्वारा उक्त काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित 250–300 अज्ञात की संख्या के आधार पर दी गयी अनुशंसा सूची में आवेदक का नाम के आधार पर। | |
| 88. | 1. आवेदन क्र0– 254/23<br>2. आवेदक–तिलचंद महतो , पिता–स्व0 अमृत महतो<br>3. ग्राम–मड़मो , पोस्ट–खेतको , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 89. | 1. आवेदन क्र0– 314/23<br>2. आवेदक–दुर्गा प्रसाद महतो , पिता–स्व0 सैनाथ महतो<br>3. ग्राम–दुलमी , पोस्ट–हरहद कण्डेर , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ का दो अंगुली कटा हुआ। | कंडिका–2(ix) |
| 90. | 1. आवेदन क्र0– 315/23<br>2. आवेदक–धर्मधीर महतो , पिता–बंधु महतो<br>3. ग्राम–दुलमी , पोस्ट–हरहद कण्डेर , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर कटा दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 91. | 1. आवेदन क्र0– 316/23<br>2. आवेदक–चन्द्रकिशोर सिंह , पिता–रामटहल सिंह<br>3. ग्राम–बगरई , पोस्ट–पोटमदाग , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 92. | 1. आवेदन क्र0– 317/23<br>2. आवेदक–बांसी करमाली , पिता–स्व0 पारो करमाली<br>3. ग्राम–दुलमी , पोस्ट–हरहद कण्डेर , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 93. | 1. आवेदन क्र0– 318/23<br>2. आवेदक–रमेश कुमार शर्मा , पिता–स्व0 तुलसी राम<br>3. ग्राम–उकरीद , पोस्ट–सोसो , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 94. | 1. आवेदन क्र0– 319/23<br>2. आवेदक–गोपाल महतो , पिता–स्व0 जलेश्वर महतो<br>3. ग्राम–लारीकलां , पोस्ट–लारीकलां , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाति में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 95. | 1. आवेदन क्र0– 320/23<br>2. आवेदक–बिहारी नायक , पिता–पंचु नायक<br>3. ग्राम–दुलमी , पोस्ट–हरहद कण्डेर , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 96. | 1. आवेदन क्र0– 321/23<br>2. आवेदक–जालेन्द्र महतो , पिता–स्व0 दरबारी महतो<br>3. ग्राम–लारीकलां , पोस्ट–लारीकलां , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 97. | 1. आवेदन क्र0– 322/23<br>2. आवेदक–सुरेश महतो , पिता–स्व0 कारी महतो<br>3. ग्राम–लारीकलां , पोस्ट–लारीकलां , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे के बीच जला हुआ दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 98. | 1. आवेदन क्र0– 323/23<br>2. आवेदक–देवचरण महतो , पिता–स्व0 चामु महतो<br>3. ग्राम–लारीकलां , पोस्ट–लारीकलां , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 99. | 1. आवेदन क्र0– 324/23<br>2. आवेदक–देवनाथ महतो , पिता–कमल महतो<br>3. ग्राम–हरवे , पोस्ट–करमा , थाना–माण्डु , प्रखण्ड–माण्डु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ का अंगुली कटा । | कंडिका–2(ix) |
| 100 | 1. आवेदन क्र0– 325/23<br>2. आवेदक–धर्मनाथ महतो , पिता–जलेश्वर महतो<br>3. ग्राम–सरैया , पोस्ट–कुन्दरूकलां , थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में मासा | कंडिका–2(ix) |
| 101 | 1. आवेदन क्र0– 326/23<br>2. आवेदक–विनोद करमाली , पिता–दुखु करमाली<br>3. ग्राम–दुलमी , पोस्ट–हरहद कण्डेर , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–शरीर में बायें तरफ तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 102 | 1. आवेदन क्र0–327/23<br>2. आवेदक–गुलाब महतो , पिता–अलमु महतो<br>3. ग्राम–दुलमी , पोस्ट–हरहद कण्डेर , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 103 | 1. आवेदन क्र0– 328/23<br>2. आवेदक–मुरलीधर महतो , पिता–अमेरिका महतो<br>3. ग्राम–सरैया , पोस्ट–कुन्दरूकलां , थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 104 | 1. आवेदन क्र0– 329/23<br>2. आवेदक–निरंजन महतो , पिता–स्व0 गौरी महतो<br>3. ग्राम–सरैया , पोस्ट–कुन्दरूकलां , थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन के पीछे तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 105 | 1. आवेदन क्र0– 255/23<br>2. आवेदक–लेदो उर्फ लाखेश्वर महतो , पिता–स्व0 वेदो महतो<br>3. ग्राम–मड़मो , पोस्ट–खेतको , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–81 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 106 | 1. आवेदन क्र0– 330/23<br>2. आवेदक–ऐतवरिया देवी, पति–देवनाथ महतो<br>3. ग्राम–हरवे , पोस्ट–करमा , थाना–माण्डु , प्रखण्ड–माण्डु<br>4. लिंग–महिला, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आंख के भौंवा में कटा दाग | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–झारखण्ड अलग राज्य की मांग को लेकर दिनांक–22 .03.1993 को प्रभात खबर में प्रकाशित खबर में आयोग द्वारा चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी विनोद बिहारी महतो के साथ 63 लोगों की गिरफ्तारी का उल्लेख किया गया है, इसी आधार पर विनोद बिहारी महतो से प्राप्त शपथ पत्र के माध्यम से प्राप्त सूची में दिये गये नाम के आधार पर। | |
| 107 | 1. आवेदन क्र0–293/23<br>2. आवेदक–सुभाष रजक , पिता–मनगुर बैठा<br>3. ग्राम–चोकाद , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में कटा हुआ निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 108 | 1. आवेदन क्र0–294/23<br>2. आवेदक–गोवर्धन महतो , पिता–स्व0 लोचन महतो<br>3. ग्राम–डुडीगाछी , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में टिका का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 109 | 1. आवेदन क्र0–295/23<br>2. आवेदक–बालेश्वर महतो , पिता–अमरू महतो<br>3. ग्राम–डुडीगाछी , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें आँख के उपर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 110 | 1. आवेदन क्र0–296/23<br>2. आवेदक–उतेश्वर महतो , पिता–स्व0 अधिन महतो<br>3. ग्राम–डुडीगाछी , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें आँख के उपर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 111 | 1. आवेदन क्र0–297/23<br>2. आवेदक–सेवक राम महतो , पिता–स्व0 सूरजनाथ महतो<br>3. ग्राम–हिसीमदाग (बरवाडीह) , पोस्ट–सोसोकलां , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल के निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 112 | 1. आवेदन क्र0–298/23<br>2. आवेदक–कविन्द्र कुमार महतो (आश्रित पुत्र) , पिता–स्व0 कृपा महतो (मूल आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–वारघुटु , पोस्ट–साड़म , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–33 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में चोट घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 113 | 1. आवेदन क्र0–299/23<br>2. आवेदक–चेतलाल महतो , पिता–लालधारी महतो<br>3. ग्राम–डुडीगाछी , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना छाती में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 114 | 1. आवेदन क्र0–300/23<br>2. आवेदक–छुटनी देवी , पति–धनेश्वर महतो<br>3. ग्राम–डुडीगाछी , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 115 | 1. आवेदन क्र0–301/23<br>2. आवेदक–दिलीप कुमार , पिता–कार्तिक महतो<br>3. ग्राम–चोकाद , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के बगल में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 116 | 1. आवेदन क्र0–302/23<br>2. आवेदक–उमेश महतो , पिता–बिरेन्द्र महतो<br>3. ग्राम–डुडीगाछी , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के अंगुली में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 117 | 1. आवेदन क्र0–303/23<br>2. आवेदक–निरंजन महतो , पिता–स्व0 धनु महतो<br>3. ग्राम–महलीडीह , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटने का एवं तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 118 | 1. आवेदन क्र0–304/23<br>2. आवेदक–लोविन्द महतो , पिता–स्व0 भुनेश्वर महतो<br>3. ग्राम–डुण्डीगाछी , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना नाक के सामने तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाशित की गई है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR 309711 Home(23-24)#D

## गागर में सागर

### आयुक्त और डीआईजी ने रांची में पूजा पंडालों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**रांची।** दक्षिण छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार जायसवाल और डीआईजी अनूप बिरथरे ने शुक्रवार को रांची में कई दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। इनमें भारतीय नवयुवक संघ, ओसीसी क्लब, राजस्थान मित्र मंडल सहित अन्य शामिल हैं। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने पूजा समिति के सदस्यों को कई दिशा-निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने पूजा पंडाल में विधि व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, यातायात, पंडालों में सुरक्षा मानकों की वस्तुस्थिति का भी जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने विसर्जन से पूर्व बिजली के तारों को हटाने और विसर्जन जुलूस तय रूट में निकालने के लिए सख्त निर्देश दिये। पंडालों में सीसीटीवी लगाने, बिजली और फायर एनओसी लेने, महिलाओं के लिए अलग से व्यवस्था करने, पर्याप्त संख्या में वालंटियर तैनात रखने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी श्रद्धालु को कोई दिक्कत न हो, इसका ध्यान पूजा समिति रखे। इस दौरान कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए, थानाप्रभारी शैलेश कुमार सहित कई अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को जन्मदिन की दी बधाई

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को जन्मदिन की बधाई दी है। उन्होंने कहा कि परमात्मा आपको सदैव उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन प्रदान करें, यही कामना करता हूं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी राज्यपाल को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि बाबा बैद्यनाथ से आपके उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामना।

### स्वामी शशांकानंद ने किया पूजा पंडाल का उद्घाटन



**रांची।** अनंतपुर- निवारणपुर दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष 86वां स्थापना दिवस मना रहा है। समिति द्वारा बृहद एवं भव्य रूप से दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया है। शुक्रवार को पूजा पंडाल का उद्घाटन श्रीरामकृष्ण मिशन के सचिव स्वामी शशांकानंद ने किया इस अवसर पर अनंतपुर निवारण पुर दुर्गा पूजा समिति के महासचिव तुषार कांति शीट, समाजसेवी सुकृत भट्टाचार्य, तन्मय मुखर्जी सहित काफी संख्या में आयोजक गण एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

### झारखंड प्रशासनिक सेवा के 114 अफसरों का तबादला

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे)के 114 अधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया गया है। इस संबंध में पांच अलग अलग अधिसूचना जारी की गई है। पहली अधिसूचना में 56 अधिकारियों का पदस्थापन किया गया है। देवघर नगर निगम के नगर आयुक्त शैलेंद्र कुमार लाल को हजारीबाग नगर निगम का नगर आयुक्त बनाया गया है। वहीं गिरजा शंकर प्रसाद को संयुक्त सचिव उत्पाद विभाग और पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत विजय कुमार गुप्ता को संयुक्त सचिव पर्यटन विभाग के पद पर पदस्थापित किया गया है। कार्मिक विभाग ने 35 अफसर की सेवा भूमि सुधार उपसमाहर्ता के पद के लिए भूमि राजस्व विभाग को सौंप है। वहीं 18 जिला पंचायती राज पदाधिकारी की सेवा के लिए पंचायती राज विभाग को दी है। इसके अलावा दो अधिकारियों की सेवा अंचल अधिकारी के पद के लिए दी गई है जबकि तीन अधिकारियों की सेवा प्रखंड विकास पदाधिकारी के लिए ग्रामीण विकास विभाग को दी गई है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने गुरुवार देर रात अधिसूचना जारी कर दिया है।

### ऐतिहासिक कुच्चू मेला 28 अक्टूबर को

**रांची।** रांची के ओरमांझी में हर वर्ष आश्विन पूर्णिमा को लगनेवाला ऐतिहासिक कुच्चू मेला 28 अक्टूबर को लगेगा। मेले में आकर्षक सांस्कृतिक नागपुरी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। समिति के अध्यक्ष नेवालाल महतो ने शुक्रवार को बताया कि मेले के सफल संचालन के लिए एक समिति का गठन किया गया है। कमेटी में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी और राज्यसभा सांसद आदित्य साहू को संरक्षक बनाया गया है।

---

**17 प्रखंडों के 100 गांवों में चलाया गया अमृत कलश यात्रा अभियान का हुआ समापन**

# मुख्य अतिथियों को अंग वस्त्र व मोमेंटो देकर किया गया सम्मानित




**बड़े कलश में सभी नौ गांव की मिट्टी को समाहित करना था प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी के उपस्थिति में एकत्रित की हुई मिट्टी को समाहित किया गया**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व क्षेत्र संस्कृति केंद्र,कोलकाता संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं सांस्कृतिक कार्य निदेशालय झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित झारखंड के 100 गांव में अमृत कलश यात्रा का शुक्रवार को समापन ऑड्रे हाउस में किया गया। आज के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप धर्मेंद्र कुमार दीक्षित एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम समिति सदस्य ईजेडसीसी चंद्रदेव सिंह, विवेक कुमार सिंह प्रशाखा पदाधिकारी, सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, सुभम शर्मा सहायक अनुभाग अधिकारी, नेहरू युवा केंद्र संगठन, कलावती कुमारी, सुजीत कुमार शामिल थे। उपस्थित सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर इस समापन समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम समिति सदस्य चंद्र देव सिंह ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ, अंग वस्त्र एवं मोमेंट देकर सम्मानित किया। अमृत कलश यात्रा अभियान की शुरूआत 28 सितंबर से की गई थी। कार्यक्रम के अंतर्गत दो स्तर पर अमृत कलश यात्रा अभियान चलानी थी जिसमें पहले स्तर गांव, और दूसरा स्तर प्रखंड का था। गांव स्तर के कार्यक्रम में हर प्रखंड के नौ गांव से मिट्टी जो अलग-अलग कलश में संग्रहित कर उसे प्रखंड स्तर पर एक बड़े कलश में सभी नौ गांव की मिट्टी को समाहित करना था प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी के उपस्थिति में सभी 17 प्रखंडों में गांव से एकत्रित की हुई मिट्टी को समाहित किया गया। आज एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम के अंतर्गत सभी 17 प्रखंडों की मिट्टी को दो बड़े क्लसों में निदेशक संस्कृति धर्मेंद्र कुमार दीक्षित, कार्यक्रम समिति सदस्य चंद्रदेव सिंह, प्रशाखा पदाधिकारी विवेक कुमार सिंह, सुजीत कुमार के उपस्थिति में शुभम शर्मा सहायक अनुभाग अधिकारी नेहरू युवा केंद्र संगठन को सौंपा गया, जो दिल्ली के कर्तव्य पथ पर बन रहे अमृत वाटिका को विकसित करने के लिए भेजा जाएगा। इस अमृत वाटिका पर देश के शहीदों का नाम नामांकित होगा। इस कार्यक्रम को करने के पीछे उद्देश्य की हमारे स्वतंत्रता के लिए हमारे कई वीर शहीदों ने अपनी जान की कुर्बानी दी है जिनमें से कुछ स्वतंत्रता सेनानी तो ऐसे हैं जिनके बारे में देश के नागरिकों को मालूम भी नहीं है, वह आजादी के लड़ाई में कुर्बान हो गए और उनकी कुर्बानी के बारे में किसी को नहीं पता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से ऐसे सेनानियों को बारे में लोगों को बताया जाना है इसके साथ-साथ उनके नाम को एक स्मारक पट्टी पर अंकित भी किया जाएगा। मुख्य अतिथि महोदय ने अपने संबोधन में कहे की इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश के उन वीर शहीदों को याद करना एवं जन जन तक देश के असंख्य वीरों के प्रति नतमस्तक होकर सपनों के भारत को साकार करने का संकल्प को आगे बढ़ते हुए मार्ग प्रशस्त करना। इस पूरे अमृत कलश यात्रा अभियान में स्थानीय लोक कलाकारों ने देश प्रेम की भावनाओं के साथ देश भक्ति गीतों से ग्रामीण जनता में देशभक्ति से आउटपुट कर दिए और सभी ने बढ़-चढ़कर इस अमृत कलश यात्रा में भाग लिए और 17 प्रखंडों से कुल 100 अमृत कलश संग्रहित करने में सफल हुए। आज के समापन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति की गई।

### पूर्व आईएएस ब्रज मोहन कुमार आजसू पार्टी में हुए शामिल

**रांची।** पूर्व आईएएस अधिकारी ब्रज मोहन कुमार और आदित्यपुर नगर निगम के पूर्व वार्ड पार्षद सोनू सिंह ने अपने समर्थकों के साथ शुक्रवार को आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। ब्रज मोहन बिहार अभियंत्रण सेवा में रहते हुए जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता के पद पर काम कर चुके हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा में सचिव स्तर के अधिकारी रहते हुए एमडी झारखंड आवास बोर्ड, विशेष सचिव उच्च शिक्षा, प्रशासक स्वर्णरेखा परियोजना, कमिश्नर कोल्हान रहे हैं। इनका स्वागत पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने किया। पार्टी कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में सुदेश महतो ने कहा कि राज्य में सीटों की संख्या बढ़े और इसके आधार पर विधान परिषद का गठन हो, यह राज्य के लिए आवश्यक है। सुदेश महतो ने कहा कि राज्य के विकास के लिए सिर्फ राजनीतिक अनुभव या राजनीति के माध्यम से जीत कर आने वाला व्यक्ति ही काम नहीं कर सकता है।

### आदिवासी-मूलवासी शिक्षकों को प्रोन्नति दे जेपीएससी : बंधु तिर्की

**रांची।** पूर्व मंत्री शिक्षा मंत्री और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने उच्च शैक्षणिक पदों पर आदिवासी- मूलवासी शिक्षकों को प्रोन्नति देने की मांग जेपीएससी से की है। उन्होंने कहा कि उच्च शैक्षणिक पदों पर झारखंड के आदिवासी और मूलवासी शिक्षकों की उचित भागीदारी एवं प्रतिनिधित्व देने के लिए यह आवश्यक है कि 2008 में जेपीएससी द्वारा नियुक्त शिक्षकों को जल्द-से जल्द प्रोन्नति दी जाए। तिर्की ने झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष को पत्र भेजकर मांग की है कि 2008 में नियुक्त शिक्षकों को उच्च शैक्षणिक पदों पर कार्य करने के लिए यह आवश्यक है कि उनका ग्रेड पे 7000 हो और उन्हें 15 वर्ष का अनुभव हो। तिर्की ने कहा है कि नियुक्ति की शर्तों के अनुसार उन्हें समय पर प्रोन्नति दी जाती, तो 11 साल पहले ही उन्हें प्रोन्नति का लाभ मिल जाता और उनका ग्रेड पे 7000 हो जाता। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के निदेशक द्वारा वैसे शिक्षकों की प्रोन्नति का आदेश निर्गत किया जा चुका है। लेकिन स्टेज एक से स्टेज पांच तक प्रोन्नति नहीं देने के कारण झारखंड के वैसे आदिवासी एवं मूलवासी शिक्षक कुलपति, उप कुलपति, कुल सचिव, परीक्षा नियंत्रक, वित्त पदाधिकारी एवं विभिन्न महाविद्यालय के प्राचार्य सहित उच्च प्रशासनिक पदों पर नियुक्ति की अर्हता पूरी नहीं करते। तिर्की ने झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष से नियमानुसार प्रोन्नति की प्रक्रिया को अविलंब पूरा करने को कहा है, जिससे कि इसका खामियाजा उन शिक्षकों को न भुगतना पड़े, जिनमें अधिकांश आदिवासी एवं मूलवासी ही हैं।

---

**उपायुक्त की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा पर्व को लेकर शांति समिति के साथ की बैठक**

# सभी धर्मों की सहभागिता जरुरी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त राहुल कुमार द्वारा शुक्रवार को सर्वधर्म सदभावना के साथ दुर्गा पूजा संपन्न हो, इसको लेकर शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में शांति समिति के सारे सदस्य एवं सभी सम्बंधित लोग शामिल हुए। उपायुक्त ने बैठक में आए सभी शांति समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन का सहयोग आप सभी शांति समिति के सदस्यों से अपेक्षित है। सभी की सहभागिता इस पर्व को और भी बड़ा और भव्य बनाएगा। उपायुक्त ने कहा की सर्वधर्म सदभावना के साथ दुर्गा पूजा सम्पन्न हो इसमें सभी धर्मों की सहभागिता जरुरी अतिमहत्वपूर्ण है। सभी धर्म के लोग एकजुटता का परिचय दें ताकि सभी के सहयोग व सदभावना और भाई-चारे के समागम के साथ दुर्गा पूजा संपन्न हो।

**दुर्गा पूजा पर्व के दौरान छोटे-छोटे विवादों में नही पड़े :** उपायुक्त ने सभी आए हुए शांति समिति के सदस्यों से कहा कि कभी भी छोटे-छोटे विवादों में कोई नहीं पड़े। छोटे विवाद होने पर इसे तुरंत समाप्त करने में अपनी सहभागिता निभाने को कहा। किसी प्रकार का विवाद होने पर जिला प्रशासन को तुरंत इसकी सूचना दें ताकि कानून का पालन कराया जा सके।

**सोशल मिडिया का प्रयोग सावधानी से करें :** उपायुक्त ने बैठक में विशेष रूप से कहा कि हमेशा जिला में बड़े आयोजनों में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा जानबुझकर सोशल मिडिया में ऐसी खबरें प्रसारित की जाती हैं, जिससे शहर में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। ऐसे भी उपायुक्त ने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि सोशल मिडिया का प्रयोग सावधानी से करें। कोई भी संदेश जिससे तनाव उत्पन्न हो ऐसी खबरें सोशल मिडिया में प्रसारित नहीं करें। ऐसा करने वालों पर जिला प्रशासन कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगा। जिला प्रशासन 24 घंटे ऐसी घटना पर नजर बनाए हुए है। उपायुक्त ने बैठक में आए सभी शांति समिति के सदस्यों से अपील करते हुए कहा की रांची शहर के पूजा पंडालों में श्रमदान करके साफ-सफाई में अपनी सहभागिता दिखाए। शांति समिति की बैठक में आए सभी शांति समिति के सदस्यों ने एक स्वर में कहा की माँ दुर्गा पूजा आपसी भाईचारा और सौहार्द के साथ सम्पन्न होगा। इसके लिए हम हमेशा तैयार हैं। हमारे लोग भी पूजा पंडालों में सहयोग और अन्य सहयोग के लिए हमेशा तैयार रहेंगें, जिसपर उपायुक्त ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आप सभी का सहयोग हमेशा से जिला प्रशासन को मिलता रहा है, आप सभी इसके लिए बधाई के पात्र हैं।

## रघुवर दास को राज्यपाल बनाए जाने पर झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को उड़ीसा के राज्यपाल बनाए जाने पर झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने हर्ष व्यक्त करते हुए श्री दास को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, प्रदेश प्रवक्ता संजय सर्राफ एवं कार्यसमिति सदस्य नीरज भट्ट, संजीव दत्ता ने खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि झारखंड के लिए बड़े ही गौरव की बात है कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को उड़ीसा का राज्यपाल बनाया गया है। श्री दास ने झारखंड में अपने दायित्व को बेखूबी से निभाया तथा अब उनका अनुभव का लाभ उड़ीसा की जनता एवं सरकार को मिलेगा। वे झारखंड में एक अच्छे प्रशासक के रूप में रहे एवं उन्होंने सदैव जनता के प्रति काफी सेवा की। झारखंड एवं उड़ीसा की संस्कृति एक है और दोनों भरपूर खनिज संपदा भरा हुआ राज्य है। श्री दास उड़ीसा के संवैधानिक पद राज्यपाल का दायित्व निभाते हुए सरकार के साथ मिलकर उड़ीसा की नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

### गुरु नानक स्कूल की एनसीसी गर्ल्स ने निकाली जागरूकता रैली

**रांची।** गुरु नानक विद्यालय की एनसीसी गर्ल्स द्वारा शुक्रवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान कैडेटों ने पर्यावरण बचाओ, पृथ्वी बचाओ के तहत लोगों को प्लास्टिक की जगह कागज और कपड़े के थैले का उपयोग करने की सलाह दी। साथ ही कचरे को एक जगह एकत्र कर जलाने की जगह नगर निगम को देने की बात कही गयी। जागरूकता अभियान के तहत विद्यालय के मुख्य द्वार से लेकर सुजाता चौक तक रैली निकाली गयी। इस दौरान पेपर तथा कपड़े से निर्मित थैलों का वितरण किया गया। साथ ही स्कूल द्वारा वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें एनसीसी गर्ल्स ने कागज तथा कपड़े से बने थैले का निर्माण करना सीखा। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर कैप्टन सुमित कौर ने उनका उत्साहवर्धन किया। जागरूकता अभियान नेहा सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में जॉय ऑफ गिविंग का बच्चों ने उठाया आनंद




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने जॉय ऑफ गिविंग का आनंद उठाते हुए अपने सामाजिक कर्तव्यों का निर्वाह किया। बच्चों ने वास्तविक खुशी का अनुभव करने के लिए नेफ्रोटिक सिंड्रोम से पीड़ित विद्यालय के एक छात्र के इलाज के लिए योगदान दिया। छात्रों ने मारवाड़ी आरोग्य भवन जाकर आस-पड़ोस के जरूरतमंद लोगों एवं करुणा अनाथालय में दैनिक उपयोग की वस्तुएं वितरित की। उन्होंने सबके साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताया, जो ज्यादातर उनके आयु वर्ग के थे। उन्होंने उनके साथ कुछ खेल भी खेले। छात्र कई अन्य संगठनों/संस्थाओं जैसे विकलांग बच्चों से मिलने बरियातू स्थित गुरु नानक गृह तथा निवारणपुर स्थित अनाथालय-आदिम जाति सेवा मंडल, 'अपना घर' वृद्धाश्रम गए। छात्रों ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय, आरा में पढ़ने वाले छात्रों को उपहार प्रदान किया। राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, महिलौंग के विद्यार्थियों को विद्यालय में आमंत्रित किया गया तथा प्राचार्या परमजीत कौर द्वारा उपहार दिया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से, छात्र साझा करने का महत्व सीखते हैं और देने की खुशी का आनंद लेते हैं। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने जॉय ऑफ गिविंग के अवसर पर विभिन्न महान कार्यों के लिए छात्रों के योगदान की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने भी जॉय ऑफ गिविंग के अवसर पर छात्रों के दृढ़ योगदान की सराहना की और उन्हें विश्व के भरण-पोषण और समृद्धि के लिए हमेशा मदद का हाथ बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

---

**बीएयू: एफपीओ के माध्यम से ऑनलाइन व्यापार के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम**

## किसानों को तकनीकी खेती पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है : डॉ. ताराकांत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक द्वारा समर्थित कांके ब्लॉक फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के किसानों के लिए पारचुटु गांव में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्घाटन सीएसआईआर के राष्ट्रीय विज्ञान संचार नीति अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के वरीय प्रधान वैज्ञानिक डॉ. ताराकांत जेना ने किया। उन्होंने कहा कि अब किसानों को मूल्य संवर्धन और प्रसंस्करण के साथ-साथ 'एक गांव एक उत्पाद' की ओर बढ़ना चाहिए। उन्होंने बताया कि वह बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के सहयोग से इस दिशा में कार्य करेंगे। ई नैम के पदाधिकारी संतोष कुमार ने ई नैम पोर्टल और मोबाइल ऐप के बारे में किसानों को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि एफपीओ किस प्रकार पोर्टल पर निबंधन कर सकता है और किस प्रकार ऑनलाइन व्यापार कर सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 206 प्रकार के कृषि उत्पादों का व्यापार ई नैम के माध्यम से हो रहा है। वर्तमान में गढ़वा, हजारीबाग और धनबाद जिलों में ई नैम से अच्छा कारोबार हो रहा है। परियोजना के टीम लीडर डॉ. बीके झा ने किसानों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में एपीओ से जुड़ें और कृषि को लाभकारी बनाने की दिशा में अग्रसर हों। इस अवसर पर एफपीओ के प्रबंध निदेशक राजेंद्र महतो, सीईओ एमके श्रीवास्तव के साथ-साथ प्रगतिशील कृषक सुखदेव उरांव और राजू उरांव भी उपस्थित थे।

### चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति ने किया चिकित्सकों को सम्मानित

**रांची।** चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति ने पूजा पंडाल प्रांगण में रांची के कई चिकित्सकों को सम्मानित किया। मौके पर समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने रांची सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार को चुनरी ओढ़ा कर स्मृति चिह्न दिया। इस दौरान सीएस ने कहा कि शहर के सभी इलाके में दुर्गोत्सव का आयोजन किया जाता है, लेकिन चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की परंपरा अनूठी व सराहनीय है। वहीं रिम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग के डॉ विकास कुमार ने कहा कि मरीजों की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। मां भवानी की पूजा के बीच सम्मान मिलने से मनोबल ऊंचा होता है। मां दुर्गा हम लोगों को शक्ति दें, ताकि और अच्छे ढंग से मरीजों की सेवा कर सकें। वहीं डॉ अनुज ने कहा कि शहर के सभी इलाके में दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाता है, लेकिन चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की यह परंपरा तारीफ के काबिल है।

## साल 2023 का अंतिम चंद्रग्रहण, भारत में दिखेगा ग्रहण, सूतक काल मान्य



**शशि भूषण शर्मा, रांची**

पंडित विजय पांडेय ने बताया कि दिवाली से पहले साल 2023 का दूसरा और आखिरी चंद्र ग्रहण 28 और 29 अक्टूबर की मध्य रात 1 बजकर 5 मिनट से लगेगा और रात 2 बजकर 24 मिनट पर समाप्त होगा। यह भारत में भी देखा जा सकेगा। इसलिए यहां सूतक के नियम भी लागू होंगे। सूतक काल 28 अक्टूबर की सायं चार बजकर 5 मिनट से शुरू हो जाएगा। इस दौरान मंदिरों के कपाट बंद रहेंगे और पूजा नहीं होगी। यह ग्रहण बेहद खास होने वाला है क्योंकि इस दिन शरद पूर्णिमा पड़ रही है है । यह आश्विन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा है, ऐसे में इस दिन खास अद्भुत संयोग बन रहा है। वही यह पूरे साल में लगने वाले सभी ग्रहणों में एक मात्र ऐसा ग्रहण होगा, जो भारत में दिखाई देगा और इसका सूतक काल भी मान्य होगा। विज्ञान में इसे खगोलीय घटना माना जाता है लेकिन धर्म और ज्योतिष में भी इसका विशेष महत्व माना गया है।

**शरद पूर्णिमा का धार्मिक महत्व**

सनातन धर्म में शरद पूर्णिमा का विशेष महत्व है। माना जाता है कि शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा 16 कलाओं से पूर्ण होता है। इस दिन चंद्र देव की पूजा करने के साथ चांदनी रात में खीर बनाकर रखी जाती है। मान्यता है कि इस रात आकाश से अमृत की बारिश होती है। ऐसे में पूजा पाठ करने के साथ खुले आसमान में खीर रखना शुभ होती है। इसके साथ ही इस दिन भगवान सत्यनारायण की पूजा करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है।

**राशियों पर कैसा प्रभाव**

हिंदू पंचांग के अनुसार, यह एक खण्डग्रास चंद्र ग्रहण होगा, जो भारत में दिखाई देगा। यह चन्द्र ग्रहण इसलिए भी खास है क्योंकि अक्टूबर में राहु केतु भी अपनी चाल बदलेंगे, जिसका कई राशियों पर सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। मेष वृषभ और कर्क राशि वालों को सावधान रहने की जरूरत है। चंद्र ग्रहण के दिन जल्दबाजी में कोई भी निर्णय न लें वरना भविष्य में नुकसान हो सकता है। शत्रुओं के कारण आपको कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इस अवधि में स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है। इसके अलावा कुंभ , मकर , मिथुन, तुला, वृश्चिक, सिंह, धनु और मिथुन राशि वालों के लिए बेहद शुभ रहेगा। करियर और बिजनेस में प्रगति,कार्यक्षेत्र में सम्मान मिलने के साथ अचानक धनलाभ के योग है।कन्या राशि वालों के लिए मिलाजुला प्रभाव देखने को मिलेगा।

## गागर में सागर

### तांतनगर : अवैध बालू खनन में लगे एक ट्रैक्टर को सीओ ने किया जब्त

**चाईबासा।** तांतनगर सीओ ने खड़कई नदी से अवैध बालू खनन में लगे एक ट्रैक्टर कर जब्त कर लिया है. हालांकि ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया. सीओ ने जब्त ट्रैक्टर को तांतनगर ओपी परिसर में रखा है. सीओ ने इसकी जानकारी डीएमओ को दे दी है. मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को तांतनगर क्षेत्र के तोरलो नदी में रोजाना की तहत ट्रैक्टर के जरिए बालू खनन किया जा रहा था. इसकी गुप्त सूचना मिलने पर अचंलाधिकारी बुडॉय सारू ने पुलिस के साथ छापेमारी कर ट्रैक्टर को जब्त कर लिया. इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है. बहरहाल तांतनगर अचंल क्षेत्र के खड़कई व तोरलो नदी के विभिन्न जगहों से माफियाओं द्वारा दिन रात अवैध बालू खनन किये जाने से न सिर्फ पर्यावरण को नुकसान हो रहा, बल्कि सरकार को करोड़ों रुपये राजस्व का नुकसान हो रहा है.

### शराब बंदी की मांग को लेकर जेबीकेएसएस ने खोला मोर्चा

**धनबाद।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के नेता कुश महतो ने शराब बंदी को लेकर मोर्चा खोल दिया है. उन्होंने शुक्रवार को उत्पाद आयुक्त धनबाद को पत्र लिखकर अपने पंचायत गोविंदपुर प्रखंड के बागसुमा में अवैध शराब की बिक्री बंद कराने की मांग की है. कहा कि अवैध शराब की बिक्री से गांव का माहौल खराब हो रहा है. बच्चों में शिक्षा का स्तर गिर रहा है. आए दिन लड़ाई-झगड़ा होते रहता है. युवाओं में शराब की लत की वजह से कई परिवार परेशान और तंगहाली में हैं. पत्र देने के मौके पर मुखिया निमाई महतो, वार्ड सदस्य आशा महतो, राधारानी महतो आदि मौजूद रहे.

### 66 लाभुकों के बीच बत्तख चूजा का किया गया वितरण

**जमशेदपुर।** चाकुलिया प्रखंड परिसर में शुक्रवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की ओर से बत्तख पालन योजना के तहत 66 चयनित लाभुकों के बीच विधायक समीर कुमार मोहंती के हाथों बत्तख चूजा का वितरण किया गया. मौके पर लाभुकों को बत्तख पालन के संबंध में जानकारी दी गई. प्रत्येक लाभुकों के बीच 15 चूजा का वितरण किया गया. इस अवसर पर प्रमुख धनंजय करुणामय, उप प्रमुख कविता साव, अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार,बीस सूत्री के अध्यक्ष साहेब राम मांडी, प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी मनोज कुमार महंता, गौतम दास, टुलु साव, राजा बारीक, विशाल बारिक, मिथुन कर समेत अनेक उपस्थित थे.

### धनबाद : आजसू छात्र संघ ने किया प्रभारी कुलपति का स्वागत

**धनबाद।** बीबीएमकेयू के प्रभारी कुलपति डॉ. पवन कुमार पोद्दार का आजसू छात्र संघ के नेताओं व सदस्यों ने शुक्रवार को जोरदार स्वागत किया. संघ के कोयलांचल प्रभारी हीरालाल महतो, अध्यक्ष विशाल महतो के नेतृत्व में छात्र प्रतिनिधियों ने डॉ. पोद्दार से मिलकर उन्हें बधाई दी. दोनों छात्र नेताओं ने कहा कि आजसू छात्र संघ के लंबे संघर्ष के बाद विश्वविद्यालय को भ्रष्टाचारी कुलपति से मुक्ति मिली है. उन्होंने प्रभारी कुलपति से बिना टेंडर के कैंटीन आवंटन, मैन पावर सप्लाई जैसे निर्णयों को रद्द करने की मांग की. इसके साथ अंगीभूत कॉलेजों में इंटर व पीजी की पढ़ाई शुरू करने की मांग की. इस अवसर पर विकास कुमार, विवेक महतो, विक्की कुमार, भोला पासवान, जैनुल अंसारी, उत्पल मंडल, शेखर महतो, अंशु पासवान, इंटरमीडिएट शिक्षक राकेश ठाकुर, त्रिपुरारी सिंह, अजय पांडेय, डीके झा आदि मौजूद थे.

### टाटा स्टील फाउंडेशन ने महिलाओं को दिया चार दिवसीय प्रशिक्षण

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील फाउंडेशन की ओर से नोवामुंडी में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का चार दिवसीय आवासीय स्थानीय स्वशासन प्रशिक्षण हुआ. यह प्रशिक्षण चार दिनों तक चला. इस प्रशिक्षण में कुल 30 महिलाओं ने भागीदारी की. इस प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और व्यवसाय व ग्राम सभा में भागीदारी करना है. साथ ही अपने गांव की समस्याओं को जानना और ग्रामसभा में दर्ज कराने योग्य बनाना है. यह टाटा स्टील फाउंडेशन की एक नई पहल है. जिससे वो समूह अपने जीवन में आगे बढ़े और समूह को मजबूत कर महिलाओं को नई राह दिखाए.

### संस्कार केंद्र ने बच्चों व अभिभावकों के बीच किया वस्त्र एवं भोजन का वितरण

**जमशेदपुर।** विद्या भारती जमशेदपुर द्वारा संचालित संस्कार केंद्र बागबेड़ा के बाजार टोला पंचायत मंडप में केंद्र संचालक मंजू बास्के, सुमन सवैयां ने बच्चों एवं उनके अभिवावकों के बीच वस्त्र एवम भोजन पैकेट का वितरण किया. इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व आयुक्त कोल्हान सेवानिवृत्त आईएएस विजय कुमार सिंह उपस्थित थे. उन्होंने कहा कि संस्कार केंद्र द्वारा सुदूर गांवों में जाकर बच्चों में पढ़ाई के साथ ही अच्छे संस्कारों का विस्तार हो, ताकि वे बड़े होकर देश, अपनी संस्कृति सभ्यता और धर्म के प्रति जागरूक हों. इसके लिए संस्कार केंद्र लगातार प्रयास कर रहा है और केंद्र की ओर से लगातार निःशुल्क कार्यक्रम भी चलाये जा रहें हैं. यह काफी अच्छी पहल है.

## कोर्रा चौक के दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन, माता के दर्शन को उमड़े भक्त

# ढाक वादन के साथ खुला माता रानी का पट



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** शारदीय नवरात्र के छठे दिन शुक्रवार की संध्या सदर विधायक मनीष जायसवाल ने सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति कोर्रा चौक के दुर्गा पूजा पंडाल का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया. यहां पहुंचने पर समिति के लोगों ने विधायक समेत अन्य अतिथियों का स्वागत चुनरी ओढ़ाकर किया. विधिवत पूजा-अर्चना और ढाक वादन के साथ माता रानी का पट खोला गया. माता रानी का पट खुलते ही यहां दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. सदर विधायक ने भी माता रानी के समक्ष साष्टांग दंडवत करते हुए माथा टेका और क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की. यहां पूजा पंडाल को बड़े ही आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ सजाया गया है और भव्य पंडाल बनाया गया है. पश्चिम बंगाल से यहां आये ढाक टीम लोगों के लिए आकर्षक का केंद्र बना है. वर्ष 1949 से लगातार माता रानी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना होते आ रही है. मौके पर विशेष रूप से सार्वजनिक दुर्गा पूजा महासमिति कोर्रा के अध्यक्ष सह भाजपा के नगर पूर्वी मंडल अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद पंकज गुप्ता उर्फ बबन, सचिव प्रकाश कुमार, कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार और नवल राम, संरक्षक ललन गुप्ता, अनिल गुप्ता, बबन कुमार, हीरालाल गुप्ता, लखन गुप्ता, विमल गुप्ता, कामता प्रसाद, संतोष गुप्ता समेत सैकड़ों स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद थे.

### बेरमो में डीसी और डीडीसी ने पूजा पंडालों का किया निरीक्षण



**बोकारो।** बोकारो के डीसी और डीडीसी ने 20 अक्टूबर को जरीडीह एवं बेरमो प्रखंड के फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया. सुरक्षा, विधिझ व्यवस्था को लेकर जारी दिशा-निदेशों का पालन करने की स्थिति की जानकारी ली. डीसी कुलदीप चौधरी एवं उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री जी ने टीम के साथ जरीडीह, जैनामोड़, तुपकाडीह, फुसरो बाजार, करगली क्षेत्र, ढोरी स्टॉफ क्वाटर, मकोली क्वाटर क्षेत्र आदि में निर्मित विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान पूजा समिति के सदस्यों को जिला प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निदेशों का अनुपालन करने को कहा. उन्होंने पूजा समिति सदस्यों से प्रतिमा विसर्जन, पंडाल परिसर में सीसीटीवी कैमरा, कंट्रोल रूम,बिजली व्यवस्था, वोलेंटियर एवं स्वच्छता को लेकर जानकारी ली और जरूरी दिशा- निर्देश दिया. उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जारी सभी नियमों का अनुपालन करते हुए एवं स्वच्छता को ध्यान में रख पूजा संपन्न कराने वाले पूजा समितियों को चिन्हित कर पुरस्कृत किया जाएगा. मौके पर बेरमो के अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो शैलेस कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल भारती आदि उपस्थित थे.



### दुगार्पूजा को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च

**धनबाद।** दुगार्पूजा को लेकर निरसा थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी दिलीप कुमार यादव के नेतृत्व मे शुक्रवार को पुलिस ने फ्लैग मार्च किया. थाना प्रभारी ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च किया गया. पुलिस भीड़-भाड़ वाले इलाकों में लोगों को जागरूक कर पूजा का भरपूर आनंद लेने का संदेश दे रही है. बाइक चालकों से सड़क पर बाइक नहीं लगाने और वाहन में डबल लॉक लगाने का सुझाव दे रही है. चेन स्नैचिंग से बचने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. उन्होंने लोगों से त्योहार सौहार्द के साथ मनाने की अपील की.

### चाईबासा में पट गई शहर की दुकानें

**चाईबासा।** दुर्गा पूजा को लेकर शहर के अधिकांश पूजा सामग्री की दुकानें पूजन सामग्रियों से पट गई हैं. सदर बाजार कपड़ा पट्टी मुख्य बाजार क्षेत्र है. यहां पूजन सामग्रियों की दुकान की भरमार है. इन सारे दुकानों में दुर्गा पूजा से संबंधित सारी जरूरत की चीजों को रखा गया है. हालांकि इस बार पूजा समिति से जुड़े लोगों को सामान की खरीदारी करने में कुछ अधिक खर्च करना पड़ सकता है, क्योंकि अधिकांश पूजन सामग्री की कीमत में वृद्धि देखी जा रही है. हालांकि कुछ पूजा समिति से जुड़े लोग पूजन सामग्री के सामान को कोलकाता से लाना ज्यादा उचित समझते हैं।

## धनबाद : अंतरराज्यीय लुटेरा गिरोह के 2 सदस्य हथियार के साथ गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के छाईगदा में अपराध की योजना बना रहे अंतरराज्यीय लुटेरा गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार किया है. धनबाद के एसएसपी संजीव कुमार ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता कर मामले की जानकारी दी. बताया कि दुर्गा पूजा के मद्देनजर पुलिस पूरी तरह चौकस है, जिसका परिणाम भी दिख रहा है. पकड़े गए बदमाशों का नाम राजू मिश्रा और दारा सिंह घटवार है. दोनों भूली के रहने वाले हैं. उनके पास दो देसी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया गया है. एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार राजू मिश्रा लूट के मामले में मुंगेर जेल की सजा काट चुका है. दोनों बदमाश पूजा में सुनसान स्थान और देर रात धनबाद रेलवे स्टेशन पहुंचने वालों को हथियार के दम पर लूटने की फिराक में थे. तभी पुलिस ने उन्हें दबोच लिया.

### ज्वेलर्स दुकान का शटर तोड़ नकदी सहित जेवरात की चोरी

**धनबाद।** पंचेत ओपी क्षेत्र के पतलाबाड़ी मोड़ स्थित मां लक्खी ज्वेलर्स का शटर तोड़कर चोरों ने नकदी व हजारों रुपए के जेवरात की चोरी कर ली. घटना गुरुवार देर रात की बताई जाती है. चोर दुकान का लॉकर नहीं खोल सके, जिससे सोने-चांदी के कीमती जेवरात बच गए. इस संबंध दुकान मालिक संतोष कुमार डे ने पंचेत ओपी में शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने शुक्रवार को मौके पर पहुंचकर छानबीन की. चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीबीआर भी लेते गये. दुकानदार संतोष कुमार डे ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब छह बजे पड़ोसियों ने फोन पर घटना की सूचना दी. वह भागे- भागे दुकान पहुंचे, तो देखा कि शटर में लगे सभी ताले टूटे पड़े हैं और शटर खुला है. दुकान के अंदर सारे सामान बिखरे पड़े थे. भगवान का शुक्र है कि लॉकर सही सलामत मिला. हालांकि चोरों ने लॉकर को खोलने या तोड़ने का काफी प्रयास किया था.

## कसमार प्रखंड के कई बूथों पर चुनावी पाठशाला



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** कसमार प्रखंड के पोंडा, गर्री, कसमार एवं मंजुरा पंचायत के सभी बूथों पर चुनावी पाठशाला का आयोजन कर मतदाताओं को चुनाव से संबंधित जानकारी दी गई. इस अवसर पर प्रखंड मुख्यालय से सटे धधकिया मुंडा टोला में स्थानीय मुखिया हारू रजवार, पंसस रवि कुमार एवं बीएलओ मंजू देवी की अगुवाई में चुनावी पाठशाला में उपस्थित महिला एवं पुरुषों को ईवीएम, वीवीपैट, वोटर कार्ड, मतदाता पर्ची, मतदाता सूची समेत चुनाव से संबंधित अन्य जानकारी दी गयी. इस दौरान चुनावी जागरूकता हेतु बनाये गए सांप सीढ़ी खेल के माध्यम से चुनावी अभिक्रमों की जानकारी दी गई. इस अवसर पर पोंडा पंचायत के मुखिया हारू रजवार ने बताया कि चुनाव में मतदान करना हर नागरिक का मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य है, इसलिए खुद भी मतदान करें एवं अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें.

## फर्जी सर्टिफिकेट पर बने शिक्षक, 225 पर गिरेगी गाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** फर्जी शिक्षक नियुक्ति मामले की एक बार फिर जांच होगी. इस बार पांच सदस्यीय अधिकारियों की टीम मामले की जांच करेगी. तभी किसी पर कार्रवाई की जाएगी. जिला शिक्षा अधीक्षक विनय कुमार ने उक्त जानकारी शुक्रवार को दी. टीम में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा सहित जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम टोप्पो, जिला शिक्षा अधीक्षक विनय कुमार व दो अन्य अधिकारी कमेटी में शामिल किए जाएंगे. जानकारी के अनुसार, दशहरा के बाद इसपर फैसला लिया जाएगा. बता दें कि अब तक जो जांच प्रक्रिया चली है उसमें सभी के प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए हैं, पर राजनीतिक दबाव में विभाग ने मानवीय पहलू पर भी विचार किया है. जिला शिक्षा अधीक्षक ने बताया की 10 से 15 साल की नौकरी के बाद ऐसे बेरोजगार हुए शिक्षकों के भविष्य का क्या होगा, इस पर भी विचार किया जा रहा है, पर यह भी सच है की गलत हुआ है. फर्जी प्रमाणपत्र लगाकर नौकरी पाने वाले शिक्षकों के लगातार मामले आ रहे हैं. पर इस बार बड़ी संख्या में फर्जी शिक्षक पकड़ में आए हैं. जिले के विभिन्न प्रखंडों के कुल 225 सहायक शिक्षकों की बर्खास्तगी को सकती है. कागजी प्रक्रिया अंतिम चरण में है. कुल बर्खास्त होने वाले सहायक अध्यापकों में सर्वाधिक संख्या गांवा प्रखंड के हैं. गांवा के कुल 80 सहायक अध्यापकों पर बर्खास्तगी की कार्रवाई की जा रही है.

## चार संथाली परिवार के 15 सदस्यों की घर वापसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग के दारू स्थित दिगवार पंचायत स्थ्ज्ञित बंधू टोला में शुक्रवार को चार संथाली परिवार के 15 सदस्यों की घर वापसी हुई. पहले उन्होंने ईसाई धर्म का स्वीकार किया था और फिर मुखिया की पहल पर सभी लोगों ने विधिवत सनातन धर्म को पुनः अंगीकार कर लिया.दिगवार के मुखिया महेंद्र मुर्मू के नेतृत्व में संथाली विधि-विधान से उनलोगों को घर वापसी करायी गई. एक सप्ताह पूर्व ईसाई प्रचारक के पकड़े जाने के बाद धर्मांतरण का मामला बंधू टोला में सामने आया था. संथाल समाज के अलावा मौके पर मौजूद विभिन्न ग्रामीण व आरएसएस के साथ भाजपा और विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने धर्मांतरित सभी परिवारों के पांव धोए और फिर उन्हें



अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया. घर वापसी करने वालों में बंधू टोला के टेकलाल मुर्मू, शीला सोरेन, सूरज मुर्मू, अरविंद मरांडी, रेशमी देवी, अनीता मरांडी, वर्षा मरांडी, मंजू मरांडी, राजू मरांडी, पंपति देवी अपने परिजनों और बच्चों के साथ सनातन धर्म में लौट गए. संथाल समाज के प्रधान ने सभी लोगों का पहले जल और दूध से स्नान कराया और फिर नए वस्त्र देकर सभी को विधिपूर्वक अपने धर्म में शामिल कराया. लालच और बीमारी दूर करने के नाम पर ईसाई बनने के बाद महिलाओं ने सुहागन रहने के बाद भी माथे पर सिंदूर लगाना छोड़ दिया था. शुक्रवार को जब महिलाओं ने घर वापसी की, तो सनातन परंपरा के अनुसार अन्य महिलाओं ने उनकी मांग भरकर उन्हें सदा सुहागन रहने का आशीर्वाद दिया और उनलोगों को घर वापसी कराई.

**मजबूर**

## चाकुलिया : खुले में शौच करते हैं बीड़ी बस्ती के ग्रामीण

# सार्वजनिक शौचालय बना खंडहर



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** चाकुलिया के वार्ड नंबर 10 में सरकारी अनाज गोदाम के पास वर्ष 2015-16 में नगर पंचायत के तहत लगभग 22 लाख की लागत से निर्मित सार्वजनिक शौचालय खंडहर में तब्दील हो गया. शौचालय से सटी बीड़ी बस्ती के ग्रामीण खुले में शौच करते हैं. वर्ष 2022 में नगर पंचायत प्रशासन ने मोटी रकम खर्च कर इस शौचालय की मरम्मत भी कराई थी. बावजूद इस शौचालय का बेहतर उपयोग नहीं हुआ और शौचालय खंडहर बन गया. मालूम हो कि शौचालय के पास ही नागानल मंदिर है. मंदिर परिसर में भी शौचालय की व्यवस्था नहीं है. ऐसे में मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को भी खुले में ही लघु शंका करनी पड़ती है. इस स्थिति में इस शौचालय का महत्व बढ़ जाता है. जानकारी हो कि रेलवे लाइन के किनारे रेल की जमीन से वर्ष 2021 में रेलवे ने अतिक्रमण हटाया तब रेल की जमीन पर झुग्गी झोपड़ियां में बसे करीब 35 बीड़ी मजदूर परिवारों को बिजली सब स्टेशन के पास सरकारी जमीन पर बसाया गया था. बस्ती में नगर पंचायत प्रशासन की तरह एक भी शौचालय का निर्माण नहीं हुआ, जबकि बस्ती के पास निर्मित सार्वजनिक शौचालय उचित रख-रखाव के अभाव में खंडहर में तब्दील हो गया. बीड़ी बस्ती के ग्रामीण खुले में शौच करने की मजबूरी बन गई है. यहां के तमाम पुरुष-महिलाएं और बच्चे खुले में ही शौच करते हैं. खुले में शौच इनकी आदत सी बन गई है. मालूम हो कि वार्ड नंबर 10 में ही इस शौचालय से करीब 100 मीटर दूर एफसीआई का गोदाम है. यहां अनाज लोड और अनलोड करने के लिए अनेक ट्रक आते हैं. ट्रक चालक और खलासी भी खुले में ही शौच करते हैं, क्योंकि एफसीआई के आसपास कोई शौचालय नहीं है. अगर यह सार्वजनिक शौचालय चालू हालत में रहता तो चालक और खलासियों को भी खुले में शौच के लिए नहीं जाना पड़ता. इस सार्वजनिक शौचालय के पास ही सरकारी अनाज गोदाम है. विगत कई माह से इस गोदाम में चावल मिल मालिकों द्वारा सीएमआर का चावल जमा किया जाता है. उक्त चावल को ट्रकों द्वारा एसएफसी गोदाम में परिवहन किया जाता है. इस गोदाम के पास भी ट्रकों की लाइन लगी रहती है.

## कोडरमा : जिले भर में दुर्गा महोत्सव की धूम, जगह-जगह दिखा भव्य पंडाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोडरमा।** जिले भर में दुर्गा महोत्सव का उत्साह जगह-जगह दिखने लगा है. भव्य एवं आकर्षक पूजा पंडाल बनाये गये हैं. बता दें कि जिले भर में कई जगहों पर दुर्गा पूजा मनाया जाता है. जिले के मुख्य शहर झुमरी तिलैया के महराणा प्रताप चौक पर बद्रीनाथ का दृश्य बनाया गया है, वहीं शहर के अड्डीबांग्ला में अक्षरधाम का रूप दिया गया है. बिशुनपुर रोड में पीला और लाल रंग का पंडाल बनाया गया है. शहर के कला मंदिर में केरल के एक मंदिर का स्वरूप दिया गया है. गौरी शंकर मोहल्ला और तारा टांड में भी एक भव्य पंडाल बनाया गया. वहीं करमा और मडुटांड में भी आकर्षक पंडाल बनाया गया है. अब बात करते हैं जिले के चंदवारा प्रखंड की तो यहां भी दो जगहों पर पूजा पंडाल बनाया जाता है. एक चंदवारा बाजार में और एक चंदवारा प्रखंड के भोंडो में. दोनों पंडाल भी लोगों को काफी आकर्षक कर रहा है.

## गागर में सागर

### बरकट्ठा : विभिन्न दुर्गा मंदिरों में पंडाल बनकर तैयार, भक्तों की हो रही भीड़











**बरकट्ठा।** पूरे बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में शारदीय नवरात्र को लेकर भक्ति का माहौल है। पूजा पंडाल एवं देवी मंडपों में बज रहे भक्ति गीतो से पूरा इलाका भक्तिमय हो गया है। शुक्रवार को दुर्गा मां के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा अर्चना की गई। माता की आराधना की गयी और प्रसाद का भोग लगाया गया। शाम को माता की आरती उतारी गई। प्रतिदिन महाआरती में श्रद्धालु बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। आरती के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जा रहा है। बरकट्ठा दुर्गा मंदिर परिसर को आकर्षक रंग बिरंगे लाइट से सजाया गया है। शोभा समिति की ओर से इस बार पूजा पंडाल को कोलकाता के मां दक्षीणेश्वर मंदिर का स्वरूप दिया गया है। जो लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसके अलावे प्रखंड क्षेत्र के ग्राम मासीपीड़ी, बंड़ासिंघा, बेलकप्पी में पूजा पंडाल बनकर तैयार हो चुका है। जबकी प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गोरहर, शिलाड़ीह, बेलकप्पी, बंडासिंगा, बरकट्ठा, सलैया, बरवां, गंगपांचो, कलहाबाद, गैड़ा, बुचई, बेड़ोकला आदि स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा को मूर्तिकार अंतिम रूप देने में जुटे हैं. शनिवार 21 अक्टूबर को बरकट्ठा समेत अन्य जगहों पर मां दुर्गा की पट श्रद्धालुओ कि दर्शन के लिए खोल दी जायेगी।

### दुर्गा पूजा के दौरान शराब दुकानों को बंद रखने का निर्देश

**रामगढ़।** दुर्गा पूजा पर्व 2023 के दौरान विजयदशमी के अवसर पर रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी खुदरा देशी, विदेशी कम्पोजिट शराब की दुकानें, बार एवं रेस्तरां, क्लब तथा कैन्टीन, मे० पाली हिल्स ब्रिवरी, प्रा०, लि०, पतरातु सहित सभी उत्पाद अनुज्ञप्ति प्रदत इकाईयां पूर्णतः बन्द रहेंगी। आदेश की अवहेलना पर अनुज्ञप्ति के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी ।

## गिरिडीह सांसद ने किया पूजा पंडाल का उद्घाटन

# बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है दशहरा : चंद्रप्रकाश

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** श्री श्री दुर्गा पूजा समिति छत्तर मांडू के तत्वाधान में शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर हो रहे दुर्गा पूजा में बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो,पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो,जिप सदस्य धनेश्वर महतो द्वारा पूजा पंडाल का फीता काटकर विधिवत उदघाटन किया गया। ततपश्चात अतिथियों ने माता रानी का आशीर्वाद लिया । दुगार्पूजा स्थल पर पहुंचकर पूजा अर्चना के उपरांत माता रानी के नेत्रों पर बंधी पट्टी खोलकर दिव्य दर्शन किया । वहीं, गगनभेदी जयकारों से सम्पूर्ण क्षेत्र गुंजामन हो उठा। इस दौरान सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने सभी को दुगार्पूजा की शुभकामनाएं देते कहा कि हिन्दू धर्मग्रंथों के अनुसार यह त्योहार आकार बदलने वाले असुर महिषासुर के खिलाफ लड़ाई में देवी दुर्गा की जीत का प्रतीक है । यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। उन्होंने कहा की हम माता रानी से कामना करते हैं की वह क्षेत्र के सभी लोगों को खुशहाल रखें । इस अवसर पर आजसू पार्टी नगर परिषद सचिव राजेन्द्र महतो,हीरा गोप, मनोज सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।



### रामगढ़ : दुर्गा पूजा को लेकर शहर में शाम 4.00 से रात्रि 12:00 बजे तक मालवाहक गाड़ी / ट्रक / टेंपो के आवागमन पूर्णतः बंद किया गया

**रामगढ।** दुर्गा पूजा - 2023 के अवसर पर यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 21 से 24 अक्टूबर तक संध्या 4.00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक रामगढ़ शहर में मालवाहक गाड़ी / ट्रक / टेम्पू के आवागमन को पूर्णतः बंद करते हुए रूट लाईन निम्न प्रकार परिवर्तित किया जाता है।

इस संबंध में 20 अक्टूबर को जारी निर्देश के अनुसारः-

1. कोई भी मालवाहक गाड़ी / ट्रक / टेम्पू / भारी वाहनों / सवारी गाड़ी इत्यादि को शनिचरा हाट से लेकर थाना चौक तक और थाना चौक से लेकर शनिचरा हाट तक प्रवेश वर्जित रहेगा ।
2. कोई भी मालवाहक गाड़ी या ट्रक / बस / भारी वाहनों का पटेल चौक से कोरिया घाटी, बोंगाबार चौक (भाया सुभाष चौक ) तथा कोरिया घाटी, बोंगाबार चौक से पटेल चौक तक प्रवेश वर्जित रहेगा।
3. कोई भी मालवाहक गाड़ी / ट्रक / बस / भारी वाहनों का बरकाकाना से लेकर सुभाष चौक तक एवं सुभाष चौक से लेकर बरकाकाना तक प्रवेश वर्जित रहेगा ।

### 25 अक्तूबर तक एसडीओ ने अनुमंडल क्षेत्र में लागू किया निषेधाज्ञा

**बरही ।** दुर्गा पूजा को देखते हुए अनुमंडलाधिकारी पूनम कुजूर ने पूरे अनुमंडल क्षेत्र में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा की घोषणा किया है. यह आदेश शुक्रवार को अनुमंडल कार्यालय ने लिखित रूप से जारी करते हुए सभी अधिकारियों को पालन सुनिश्चित करवाने का निर्देश दिया है. निषेधाज्ञा 20 अक्टूबर से आगामी 25 अक्तूबर तक जारी रहेगा. इसके लागू होते ही कई पाबंदियां लग गए. जिसके तहत कोई भी व्यक्ति अपने साथ आग्नेय अस्त्र, तलवार या अन्य कोई शस्त्र के साथ नही चल सकते है. सभी दुर्गा पूजा समिति अपने कार्यक्रमों की लिखित जानकारी अंचलाधिकारी व नजदीकी थाना प्रभारी को उपलब्ध करवाएंगे. निर्धारित मार्ग से ही जुलूस निकल जाएंगे और इस दौरान अश्लील या भड़काऊ गाना बजाना वर्जित रहेगा. किसी भी प्रकार के धार्मिक टिप्पणी या अफवाहों से दूर रहना होगा.

## बरहीः ऑटो पलटने से स्कूली छात्रा सहित आधा दर्जन घायल, दो रेफर

नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** शुक्रवार की संध्या करीब 3:30 बजे जीटी रोड बरसोत स्थित पुल के नजदीक ऑटो पलटने से तीन स्कूली छात्राएं सहित कुल आधा दर्जन लोग घायल हो गए. प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑटो खचाखच भरा हुआ. जो बरही से बरकट्ठा जा रहा था. ड्राइवर नशे की हालत में था. बरसोत चौक के नजदीक सड़क पर बने गड्ढे में जाने से ऑटो चालक संतुलन खो बैठा और यह घटना घटी. स्थानीय लोगो की मदद से उसे अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया. घायलों में बरकट्ठा निवासी फुलवा देवी पति दामोदर सिंह सुदर्शनी देवी पति किसून पासवान, मंजू देवी पति सुखदेव दास, राजकुमारी देवी, प्रीति कुमारी चलंगा, जानम कुमारी, दर्शनी देवी, सपना कुमारी शामिल है. इनमे राजकुमारी



और दशार्नी देवी को हजारीबाग रेफर किया गया. अन्य का समाचार लिखे जाने तक प्राथमिक इलाज किया जा रहा है. घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह सामाजिक कार्यकर्ता रमेश ठाकुर अस्पताल पहुंचकर घायलों की जानकारी लिया और इलाज में सहयोग किया. उन्होंने बताया कि ऑटो में आवश्यकता से अधिक सवारियां बताई जाती है प्रशासन को ईश्वर ध्यान देते हुए उचित कारवाई करे. साथ ही सड़क पर बने हुए गड्ढे को दुर्गा पूजा को देखते हुए तत्काल मरम्मत की जानी चाहिए.

## गोरहर में जिप सदस्य और थाना प्रभारी ने क्रिकेट टूर्नामेंट का किया उद्घाटन



नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत गोरहर स्थित करमटांड मैदान में दुगार्पूजा के अवसर पर शुक्रवार को पंद्रह दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ स्थानीय जिप सदस्या प्रेरणा प्रिया एवं गोरहर थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।वहीं खेल का शुभारंभ थाना प्रभारी के द्वारा बेटिंग व समाजसेवी चंद्रकांत पाण्डेय के द्वारा बोलिंग कर किया गया। प्रथम मैच बरकट्ठा टीम एवं घंघरी टीम के बीच खेला गया।स्थानीय पंचायत समिति सदस्य लखन महतो व अन्य आयोजक द्वारा बताया गया कि इस प्रतियोगिता में कुल सोलह टीम के खिलाड़ियों भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया,थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार एवं सी के पाण्डेय द्वारा टूनार्मेंट के लिए क्रिकेट किट का वितरण किया गया।मौके पर महेन्द्र प्रसाद,गोरहर मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल, उप मुखिया प्रतिनिधि अरुण कुमार, प.स.स. लखन महतो, समाजसेवी सुरेश कुमार पाण्डेय, शिलाडीह प स स प्रतिनिधि शमीम अंसारी, राकेश महतो, बैजनाथ महतो, प्रेम कुमार, पूरण साव, प्रदीप यादव, संजय सिंह, शेषनाथ सिंह,महेश महतो, सुरेंद्र, विनय समेत अन्य खिलाड़ी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मासीपीड़ी ग्रामीणों को का मिला ट्रांसफार्मर

**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम मासीपीड़ी ( हरैयाटांड) में विगत कई दिनों से ट्रांसफार्मर जल गया था ।वहीं ग्रामवासियों को बिजली के बिना कई समस्या उत्पन्न हो रही थी ।वहीं ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव को दूरभाष पर दिया। विधायक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर विद्युत विभाग के पदाधिकारियों से बात कर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। तत्पश्चात विद्युत आपूर्ति बहाल हुई। ग्रामीणों ने बताया कि इसके पूर्व का भी ट्रांसफार्मर विधायक के प्रयास से ही दिया गया था। इस कार्य के लिए मासीपीड़ी निवासी बैजु मंडल, राजकुमार मंडल, रंजीत मंडल, रामप्रवेश कुमार, आशीष कुमार, राजेश कुमार, सन्टु प्रसाद, सुदेश कुमार, उमेश प्रसाद, दिपक शर्मा समेत अन्य लोगों ने विधायक के प्रति आभार प्रकट किया।

## पांच साल बाद भी नहीं मिला दिवंगत दीपक के पिता को न्याय

नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** वर्ष 2019 में धनवार पंचायत के होनहार युवक मुखिया राजेंद्र प्रसाद के एकमात्र पुत्र दीपक कुमार का एक साजिश के तहत अर्द्धरात्रि में हजारीबाग में हत्या कर दी गई थी. उस होनहार युवक की गलती सिर्फ इतना ही था कि वह पढ़ने के लिए अपने परिवार से दूर हजारीबाग के कोर्रा स्थित एक लॉज में अपने दोस्तो के साथ रहता था. उन्ही दोस्तो में से कुछ ने मृतक को विश्वास में लिया और 20 अक्तूबर की रात्रि एक षडयंत्र के तहत हत्या कर दिया. लाडले के बिछड़ने की सूचना ने परिवार पर कहर बरसा दिया. उस दुख ने पूरे परिवार को पूरी तरह झकझोर दिया. साहसी और धैर्यवान मृतक के मुखिया पिता श्री प्रसाद विपरीत परिस्थितियों में भी हिम्मत नही हारी और हत्यारों को सजा दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया. कई साक्ष्य भी उपलब्ध करवाए. कोर्ट से लेकर सभी जनप्रतिनिधि और



दीपक कुमार (फाइल फोटो)।

प्रशासनिक पदाधिकारियों तक दरवाजा खटखटाया. परंतु लचर कानून व्यवस्था और बिचौलियों के आगे उन्हे आज तक न्याय नही मिल सका है. न्याय की आस में मां व पिता की आंखे पथरा गई है. बाबजूद पिता को आज भी कानून पर भरोसा है. आंसू भरे आंखो में आज भी न्याय की उम्मीद है. उनका मानना है कि उन्हें न्याय अवश्य मिलेगा. हत्यारे सलाखों के पीछे अवश्य होंगे. ऊपर वाले के पास देर है अंधेर नही. इसके लिए वह सैद्धांतिक तरीको से अपनी लड़ाई जारी रखेंगे.

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय में डांडिया नृत्य का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में 20 अक्टूबर को नवरात्र के उपलक्ष्य पर डांडिया नृत्य का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारीगण, शिक्षक,कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं डांडिया नृत्य में भाग लेकर खूब आनंद लिए। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी .एन. साह ने दीप प्रज्ज्वलित कर और उपस्थित सभी को अपना आशीर्वाद देकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया और नवरात्र की हार्दिक बधाई दी । उन्होंने मां जगदम्बा से प्रार्थना करते हुए कहा कि वे सबके जीवन में सुख, शांति समृद्धि एवम उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करे। कुलपति प्रो.( डॉ.) शुक्ला महंती ने कहा कि मां आप सभी को खुशहाल और स्वस्थ जीवन प्रदान करे। राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के सचिव प्रियंका कुमारी ने सभी को हार्दिक बधाई दी और कहा की मां जगदम्बा की कृपा आप सभी पर बनी रहे । कुलसचिव डॉ निर्मल कुमार मंडल ने दुर्गा पूजा की हार्दिक बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में भाग लेते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। डांडिया उत्सव को सफल बनाने में सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ रश्मि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।उन्होंने सभी कर्मचारियों को दुर्गा पूजा की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि मां सभी का कष्ट हरने वाली है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राकेश रंजन,,अमित सौरभ, ओहदार अनाम एवम नवीन कुमार ने किया। मौके पर वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ अशोक कुमार, समिति के सदस्य अजय कुमार , एडमिशन सेल के कोर्डिनेटर अर्चना कुमारी एवम विभिन्न विभाग के विभागाध्यक्ष , व्याख्यातागण एवं छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

## उमवि. कुरूम में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** नगर परिषद के वार्ड नंबर 32 स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुरूम में शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई । बैठक में शामिल अभिभावकों को प्रधानाध्यापक सत्येन्द्र कुमार सिंह ने विद्यालय में चल रही गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी। वहीं, उन्होंने बच्चों के अभिभावकों से बच्चों को नियमिति रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। उन्होंने अभिभावकों को जानकारी देते हुए बताया की केंद्र सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुताबिक अब प्रत्येक बच्चे का आपार कार्ड बनाया जाना है। प्रधानाध्यापक ने बताया की आपार कार्ड बनने के बाद बच्चों द्वारा स्कूल से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक जितने भी अंक प्राप्त किए जाएंगे आपार कार्ड में उसका पूरा डाटा मौजूद रहेगा। प्रधानाध्यापक ने बताया की आपार कार्ड बनन से पूर्व बच्चों के अभिभावकों की सहमति आनिवार्य है। क्योंकि अभिभावक सहमति देंगे तभी बच्चों का आपार कार्ड बनाया जा सकेगा। मौके पर शिक्षक अनिल कुमार रवि, कर्मवीर प्रसाद, विनोद बिहारी, ब्रिंजो देवी, पवन कुमार मुंडा आदि उपस्थित थे।

## अच्छी सोच

### बड़ा बाजार दुर्गापूजा महासमिति ने की दरिद्र नारायण सेवा

# 500 से अधिक असहाय गरीबों को बांटे कंबल





नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** शहर के चर्चित बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति की ओर से हर साल की भांति इस वर्ष भी शुक्रवार को शारदीय नवरात्र में पूजा पंडाल के समीप दरिद्र नारायण सेवा का आयोजन किया गया. सेवा कार्य में सदर विधायक मनीष जायसवाल एवं उनके पुत्र करण जायसवाल शामिल हुए. महासमिति की ओर से करीब 500 से भी अधिक असहाय, गरीब और रिक्शा चालकों को महाप्रसाद स्वरूप पूड़ी, मिठाई और सब्जी का भोजन कराया गया. फिर सभी के बीच कंबल, वस्त्र, साड़ी एवं छोटे बच्चे-बच्चियों के कपड़े का वितरण किया गया. यह कार्यक्रम महासमिति पिछले 22 वर्षों से कर रही है. मौके पर सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि महासमिति की यह सराहनीय पहल है. उनका सौभाग्य है कि ऐसे आयोजन का शुभारंभ उनके हाथों कराया गया. महासमिति के अध्यक्ष प्रमोद यादव ने कहा कि महासमिति दरिद्र नारायण सेवा का आयोजन वर्ष 2001 से लगातार करती रही है. हर साल की भांति इस वर्ष भी परंपरा को सफलतापूर्वक निभाया. मौके पर सचिव दीप नारायण निषाद ने कहा कि माता रानी की कृपा से कार्यक्रम में सबका सहयोग मिला. महासमिति का सौभाग्य है कि इस वर्ष सेवा कार्य में सदर विधायक मनीष जायसवाल एवं उनके पुत्र शामिल हुए. कार्यक्रम में महासमिति के दिलीप जायसवाल, शिवदीप सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, प्रदीप जैन, राजेश गुप्ता, प्रकाश सिंह, बाल गोविंद निषाद, पवन रावत खंडेलवाल, गुड्डन सोनकर, बैजनाथ गुप्ता, नरेश निषाद, प्रमोद खंडेलवाल, महेंद्र गुप्ता, दिलीप सोनी, अशोक सिन्हा, रितेश खंडेलवाल, अर्जुन यादव, सुरेश प्रसाद, बिनोद कसेरा, सुशील मिश्रा, अर्जुन केशरी, आशुतोष चौधरी, अनिल मद्धेशिया, रंजन चौधरी, रितेश कसेरा, कुणाल खंडेलवाल, अभय निषाद, यश राज, अमित कुमार, विमल कुमार सहित कई लोगों ने सहयोग किया.

## विनोबा भावे विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के सभागार में दो पुस्तकों का हुआ विमोचन

नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के सभागार में दो पुस्तकों का विमोचन हुआ. इसमें एक पुस्तक प्लस टू उच्च विद्यालय गौरियाकरमा के हिंदी शिक्षक डॉ. शिव कुमार मेहता की है. जो एक आलोचनात्मक साहित्य की प्रस्तुति है. जिसका शीर्षक दूधनाथ सिंह का आलोचनात्मक साहित्य? है. वही दूसरी पुस्तक डॉ साकेत कुमार पाठक की केदारनाथ अग्रवाल का साहित्यिक वैशिष्ट्य शामिल है. दोनो पुस्तको के विमोचन कार्यक्रम हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता मे सपन्न हुई. इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ. विरेन्द्र कु. सिंह ( एसोसिएट प्रो हिंदी विभाग एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज ) ने पुस्तकों से संबंधित बातों पर



प्रकाश डाला. कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनील कुमार दुबे ने किया. जिसमे मुख्य वक्ता मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ मिथिलेश कुमार सिंह और हजारीबाग के जाने माने कवि डॉ सुबोध कुमार सिंह शिवगित थे. धन्यवाद ज्ञापन डॉ राजू राम ने किया. कार्यक्रम में हिंदी विभाग के डॉ. के. के. गुप्ता, डॉ. विनोद रंजन, अमित सिंह, विजय कुजूर, डॉ जयप्रकाश रविदास, डॉ सरिता सिंह, डॉ एस जेड हक , डॉ विनय कुमार बैठा, नीलांबर पीताम्बर विश्वविद्यालय से प्रो ( डॉ ) प्रमोद, सरोज रंजन सहित हिंदी विभाग के सभी शोधार्थी एवं स्नातकोत्तर हिन्दी के विद्यार्थी उपस्थित थे. पुस्तक विमोचन से हर्षित प्लस टू उच्च विद्यालय गौरियाकरमा के सहायक शिक्षक बमबम उर्फ हिमांशु सहित अन्य सहयोगियों ने डॉ मेहता को बधाई दी है. मुखिया कुमारी मीरा, पूर्व मुखिया मनोज कुमार, पसस गिरधारी लाल यादव, वरिष्ठ समाजसेवी दुलार प्रसाद यादव, राजन ओम आदि सहित कई प्रबुद्ध जनों ने इस सुखद पल को अपने पंचायत के लिए गौरव का पल बताया है.

## गागर में सागर

### कोडरमा : दुर्गा पूजा पर उत्साह चरम पर, भव्य पंडाल तैयार









**कोडरमा।** जिले भर में दुर्गा पूजा को लेकर जगह-जगह भव्य एवं आकर्षक पंडाल दिखने को मिला दिखने को मिल रहे हैं. आपको बता दें कि जिले भर में कई जगहों पर दुर्गा पूजा मनाया जाता है. जिले के मुख्य शहर झुमरीतिलैया के महराणा प्रताप चौक पर बद्रीनाथ का प्रारूप बनाया गया है, वहीं शहर के अड्डीबंग्ला में अक्षरधाम का रूप दिया गया है, बिशुनपुर रोड में भी पीले और लाल रंग का पंडाल बनाया गया है, शहर के कला मंदिर में केरल के एक मंदिर का स्वरूप दिया गया है, गोरी शंकर मोहल्ला और तारा टांड में भी एक भव्य पंडाल बनाया गया. वहीं बात करे करमा और मडुटांड की तो यहां भी एक आकर्षक पंडाल बनाया गया है. अब बात करते हैं जिले के चंदवारा प्रखंड की तो यहां भी दो जगहों पर पूजा पंडाल बनाया जाता है झ एक चंदवारा बाजार में और एक चंदवारा प्रखंड के भोंडो में, यह दोनों पंडाल भी लोगों को आकर्षित कर रहे हैं.

### कुएं में डूबने से युवक की मौत

**पाकरटांड।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोबांग लोहरा टोली गांव निवासी 50 वर्षीय ग्रोगरी कीड़ो नामक व्यक्ति की कुआं में गिरने से डूब कर मौत हो गई। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को दी गई ।जिसके बाद पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल सिमडेगा में शुक्रवार को 10:30 बजे पोस्टमार्टम करवाने के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया। बताया गया कि वह सिमडेगा के सलडेगा बासेन टोली मेहमान आया था और कुआं में हाथ पैर धोने गया था इसी दौरान फिसलने से गिरा और माथे में चोट लगी इसी वजह से उसकी मौत हो गई। वहीं इधर पुलिस ने शव को अपने कब्जे लेने का बाद पोस्टमार्टम करवाया और शव परिजनों को सौप दिया।

### वृद्ध ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सिमडेगा।** सिमडेगा के गेममेर स्कूल टोली गांव निवासी 60 वर्षीय वृद्ध मोसो मुंडा ने अपने घर के पास पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया जहां शुक्रवार को 11 बजे शव का पोस्टमार्टम हुआ ।जानकारी देते हुए पुत्र सुखराम लुगुन ने बताया लंबे समय से मुंह के पास कैंसर पीड़ित थे और खाने-पीने की काफी परेशानी हो रही थी और किसी बात को लेकर टेंशन में आकर वह घर के पास पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इधर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### सिमडेगा में बेलवरण अनुष्ठान के साथ मां दुर्गा का आह्वान

# आज खुलेंगे पट, मां का दर्शन करेंगे भक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिले में शुक्रवार की शाम बेल वृक्ष की पूजा कर मां भगवती को भक्तों ने पूजा पंडाल में पधारने का निमंत्रण दिया। महा षष्ठी की संध्या में ढोल-नगाड़ा के साथ श्रद्धालु बेल वृक्ष के पास गए। जहां आचार्य ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बेलवरण की पूजा कराई गई। साथ ही, मां अम्बे को विशेष आमंत्रण दिया गया। प्रिंस चौक दुर्गा पूजा समिति के आचार्य पंडित श्यामसुंदर मिश्र ने बेल वृक्ष के नीचे मां भगवती व अन्य नवग्रह को आमंत्रण दिया। वहीं कलश स्थापना कर विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना करवाई। मौके पर यजमान अनूप केसरी उपस्थित थे।इधर, महासप्तमी को शहर के 9 पूजा पंडाल नवज्योति नवयुवक संघ प्रिंस चौक, ओंकार दुर्गा पूजा समिति, अपर बाजार पूजा समिति, नीचे बाजार पूजा समिति, यूथ कंबिनेशन पूजा समिति गुलजारगली, रामनगर पावर हाउस दुर्गा पूजा समिति, श्यामटोली दुर्गा पूजा समिति, कुंजनगर पुजा पंडाल व गरजा पूजा समिति में मां भगवती के दर्शन के लिए पंडाल के पट खोल दिए जाएंगे। इधर दशहरा को लेकर उत्साह चरम पर पहुंचने लगा है। आरती-पूजा से पूरा माहौल भक्तिमय बना हुआ है। लोग व्रत-उपवास कर माता का आशीर्वाद प्राप्त करने एवं पुण्य कमाने में लीन है। कई व्रती फलाहार पर हैं,तो कई केवल जल पीकर भी व्रत कर रहे हैं। इधर संध्या आरती में पंडालों में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

### दुर्गापूजा पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम

शारदीय नवरात्रि को लेकर सिमडेगा एसपी सौरभ द्वारा सिमडेगा शहर के सभी पूजा पंडालों में पुलिस बल की प्रतिनिधि की है। इसके अलावा शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर भी दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनिधि की गई है, ताकि पूजा के दौरान किसी प्रकार का माहौल खराब ना हो ।उन्होंने लोगों से अपील की है किस के पूर्ण तरीके से त्योहार मनाए । जो भी व्यक्ति उपद्रव करेगा उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सशिविमं के बच्चों ने मां दुर्गा के नौ रूपों की प्रस्तुति कर मन मोहा







**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में नवरात्र के शुभअवसर पर शुक्रवार को रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय में बटें हुए चार दल ने नवदुर्गा का रूप धर उपस्थित शिक्षकों एवं छात्रों का मन मोह लिया। इस प्रतियोगिता में माता दुर्गा के नौ स्वरूप का रूप ले छात्रों को नवरात्र के महत्व को समझाते हुए नवदुर्गा के विषय में छात्र छात्रों को जानकारी दिया गया। इस प्रतियोगिता में एकलव्य दल, आरूणी दल, शिवाजी दल तथा भरत दल को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ स्थान दिया गया । प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू ने सभी छात्राओं को पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर आचार्य मनोज प्रसाद, आशीष बड़ाईक , जितेंद्र पाठक , मनोज कुमार , ओमप्रकाश आलोकनाथ साहू , निरंजन सिंह, गौरी देवी, सीमा कुमारी ,सोनिया कुमारी, सुषमा प्रधान, गीता कुमारी, सुलोचना कुमारी आदि उपस्थित थे।

### सावित्री बाई फुले बाल मनोविज्ञान संस्थान में अभिभावकों का सेमिनार आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** 20 अक्टूबर को सावित्री बाई फुले बाल मनोविज्ञान संस्थान, चाराडीह में अभिभावकों का एक सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, चारित्रिक और संज्ञानात्मक विकास पर चर्चा की गई. कुछ अभिभावकों ने मोबाइल को बच्चों के विकास में सबसे बड़ी बाधा बताया. कुछ लोगों ने कहा कि 24 घंटे में 13 घंटे बच्चे मोबाईल से ही चिपके रहते हैं, सेमिनार में विशेष रूप से उपस्थित एमआर ग्लोबल स्कूल की प्रिंसिपल एवं बाल मनोवैज्ञानिक शिल्पी सिंह ने कहा कि बच्चों को मोबाइल की लत से छुटकारा दिलाने से पहले हम अभिभावकों को खुद ही मोबाइल से दूरी बनानी होगी. बच्चे जो भी सीखते हैं वह बड़ों की नकल करके ही सीखते हैं. इसलिए सबसे पहले हमें बच्चे के सामने अनुशासित रहना होगा. उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन और टीवी के अत्यधिक संपर्क में रहने से बच्चे चिड़चिड़े हो रहे हैं, उनकी दृष्टि और मानसिक शक्ति भी प्रभावित हो रही है. सरकारी और गैर-सरकारी संस्थाओं को इस पर विशेष रूप से काम करना चाहिए, अन्यथा यह हमारे समाज में एक भयानक बीमारी बनकर उभरेगी. अंततः सावित्री बाई फुले बाल मनोविज्ञान अनुसंधान संस्थान ने निर्णय लिया कि नवंबर 2023 के प्रथम सप्ताह में हम बच्चों के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन करेंगे, जिसमें बच्चों पर मोबाइल फोन का उपयोग न करने के मनोवैज्ञानिक प्रभाव बनाया जायेगा. अत्यधिक गैजेट के कारणों का मनोवैज्ञानिक अध्ययन किया जाएगा और इसके समाधान के प्रयास किए जाएंगे. इस क्षेत्र के कोई भी अभिभावक अपने बच्चे को इस सेमिनार में शामिल कर सकता है।

### जलडेगा में लीड्स संस्था ने माता समिति सदस्यों को दिया प्रशिक्षण




**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखंड कार्यालय सभागार में लीड्स संस्था द्वारा आंगनबाड़ी की माता समिति सदस्य और सेविकाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर आंगनबाड़ी से मिलने वाली सेवाओं और मिशन वात्सल्य की जानकारी दी गई। लीड्स संस्था के प्रखंड परियोजना समन्वयक आलोक कुमार ने बताया कि आईसीडीएस कार्यक्रम 2 अक्टूबर 1975 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 106वीं जयंती पर शुरू किया गया था। आईसीडीएस कार्यक्रम मानव संसाधन विकास मंत्रालय के महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा चलाया जा रहा देश का सबसे बड़ा और बहुआयामी कार्यक्रम है। इसके अंतर्गत प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और विकास के लिए बहुत पिछड़े ग्रामीण जनजातीय क्षेत्रों में रहने वाले छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों के विकास के लिए और गर्भवती, दूध पिलाने वाली माताओं तथा किशोरी बालिकाओं के लिए समेकित सेवाएं दी जाती हैं। यह एक समुदाय आधारित कार्यक्रम है इसके सफल क्रियान्वयन के लिए लीड्स संस्था अगले तीन वर्षों तक जलडेगा के 25 आंगनबाड़ी को मॉडल बनाने का काम करेगी। परियोजना समन्वयक ने बताया कि आंगनबाड़ी में मुख्य रूप से छः सेवाएं स्कूल पूर्व शिक्षा, पूरक पोषाहार, टीकाकरण, स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा, रेफरल सेवाएं और स्वास्थ्य जांच दी जाती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रभारी संख्याकी पदाधिकारी सरोज कंडूलना, लीड्स संस्था के कार्यकर्ता कुलदीप सुरीन, मनोज बिंझिया, कलिंद्र प्रधान सहित 25 गांव की आंगनबाड़ी सेविका और माता समिति के अध्यक्ष उपस्थित थे।

### बच्चों को प्रोत्साहित करना अभिभावकों का प्रथम कार्य है : शीतल प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जूनियर कैंब्रिज स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को प्रथम सावधिक परीक्षा फल वितरण सह शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन विद्यालय के निदेशक शीतल प्रसाद के निर्देशन में किया गया। विद्यालय के निदेशक महोदय ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे सभ्य समाज के निमार्ता हैं, हर परिस्थिति में उनका सहयोग अभिभावकों को करना चाहिए। परीक्षाफल देखने के बाद बच्चों को और आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर विद्यालय की क्रियाकलापों की जानकारी देते हुए बताया गया कि विद्यालय में इस माह लीड चैंपियनशिप प्रोग्राम की घोषणा कर रही है। जिसमें विद्यालय के सभी बच्चे भाग लेंगे और अपनी भागीदारी 6 नवंबर तक सुनिश्चित करेंगे। लीड चैंपियनशिप प्रोग्राम में बच्चों को विभिन्न पोशाक में सज धज कर अपनी प्रस्तुति देते हुए वीडियो रिकॉर्ड कर जमा करना है। इसके पश्चात लीड के द्वारा इसका मूल्यांकन कर पूरे देश में 10 लाख रुपए तक के इनाम की घोषणा की जाएगी। दुर्गा पूजा की छुट्टी के दरमियान विद्यालय द्वारा आयोजित ऑनलाइन वेदिक गणित की क्लास में सभी बच्चों को शाम 7:00 बजे सम्मिलित होने का निर्देश सभी अभिभावकों को दिया गया। इसके साथ प्रथम सावधिक परीक्षा फल वितरण समारोह में सभी क्लास के टॉपर की घोषणा की गई, जिसमें गुलशन कुमार, युक्ति कुमारी, अभीश्री जैन, अभिषेक डुंगडुंग, कसफ संवर, बेबी गोयल, मानवी जैन और अनमोल अग्रवाल को अपने-अपने क्लास में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए टॉपर घोषित किए गए।

## दुर्गापूजा

### सेक्रेड हार्ट स्कूल में प्रतियोगिताओं का आयोजन

# देवी-देवताओं के वेश में बच्चों ने लोगों का मन मोहा

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** दुगार्पूजा को लेकर सेक्रेड हार्ट स्कूल में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. मौके पर बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया. अलग-अलग देवी-देवताओं के वेश में पहुंचे बच्चे आकर्षण का विशेष केंद्र थे. नर्सरी से क्लास 3 तक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और वर्ग 4-5 के बच्चों के बीच श्लोक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमें तनिष्का, अनुप्रिया, हर्षित, दिव्यांक, अपराजिता, श्रेयांश, सृष्टि, रागिनी, शिवांशिका को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान मिला. जबकि वर्ग 6 से 8 के बच्चों के बीच आयोजित अलग-अलग प्रतियोगिताओं में बेस्ट ड्रामेबाज का किताब सौरव



रंजन, बेस्ट स्क्रिप्ट एंड डायलॉग का किताब सिमरन कुमारी, बेस्ट कॉस्टयूम के लिए नंदनी कुमारी को चुना गया. वहीं ओवरऑल आकाश हाउस विजेता बना. शिक्षिका रजनीबाला और अभिभावक रंजीता कुमारी ने संयुक्त रूप से निर्णायक की निभाई. कार्यक्रम सीसीए इंचार्ज हंसपाल राज की देखरेख में हुआ. कार्यक्रम में सौरव रंजन, कुणाल पांडेय, विकास कुमार, शुभम कुमार, साक्षी राज, वैष्णवी कुमारी, श्रुति कुमारी, आराध्या सिंह, एंजेल भारती, साक्षी कुमारी का शानदार प्रदर्शन रहा. कार्यक्रम का संचालन निशा कुमारी, खुशी कुमारी, आराध्या जायसवाल, ऋषिका कुमारी और बबली कुमारी ने संयुक्त रूप से किया. मौके पर प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने बच्चों के प्रस्तुतियों को सराहा और दुर्गा पूजा की हार्दिक बधाई दी. इस मौके पर विद्यालय के उपनिदेशक विनोद कुमार, शालू अरोड़ा, शशि राज, आशुतोष गौतम, जूनियर में कामिनी सहाय, सीमा जैन, अलका सिंह, दीक्षा सिंह, रंजीता कुमारी, स्वीटी सिन्हा, सपना शर्मा, सरोज पांडेय के अलावा अन्य शिक्षक और शिक्षक उत्तर कर में मौजूद थे.

# बानो में तीन दिवसीय बालक-बालिका फुटबॉल महासम्मेलन का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखंड के एस एस उच्च विधालय बानो मैदान में शुक्रवार से अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद प्रखंड समिति के तत्वधान में तीन दिवसीय बालक - बालिका का फुटबाल महाकुम्भं का उद्घाटन मैच खेला गया ।उदघाटन मैच बांकी व चाटुओड़ा सारंडा क्लब के बीच खेला गया जिसमें बांकी की टीम 1-0 से विजयी रही ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष राजेश सिंह व विशिष्ट अतिथि प्रखण्ड प्रमुख सुधीर डांग ,प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक, समाजसेवी चुड़ामनी यादव, घनश्याम सिंह, बहुरन सिंह उपस्थित थे ।प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि व विशिष्ट स्थिति में खिलाड़ियों से परिचय



प्राप्त कर दिया। लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि समाज की युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है ।इस अवसर पर बालमुकुंद सिंह,रंजीत सिंह,शंकर सिंह, हीरानाथ सिंह, महेश सिंह, चंद्रभान सिंह, तारावती देवी, बंसती देवी, लीलावती देवी ललिता देवी के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे. प्रतियोगिता का फाइनल मैच 22 अक्टूबर को खेला जाएगा।

## गागर में सागर

### एमपीडब्ल्यू अशफाक की पत्नी का निधन



**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडलीय अस्पताल के कर्मी एमपीडब्ल्यू अशफाक अहमद की पत्नी गौसिया बेगम का निधन गुरुवार की शाम हो गया। शुक्रवार को पूर्णानगर कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। जानकारी के अनुसार गौसिया को सांस की समस्या के कारण दो दिन पहले ही डाल्टनगंज में डॉ. आरपी सिन्हा के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। आईसीयू में भर्ती कराने के बाद स्वास्थ्य में काफी सुधार भी हो गया था। बताया जाता है कि विगत एक माह पहले प्रसव हुआ था। प्रसव के बाद जच्चा बच्चा स्वस्थ थे। गौसिया के निधन से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। शोक व्यक्त करने वालो में अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ गोखुल प्रसाद, डॉ संतोष, डॉ कैसर आलम, डॉ रामानुज प्रसाद, करुणा, प्रधान लिपिक राजेश कुमार सिन्हा, दिनेश मीणा, सोनम कुमारी, प्रेमा, शांति, बिपेश कुमार तमांग, इरफान अंसारी, सुषमा गुप्ता, अनुरंजन पांडेय, विजय पाठक, ममता कुमारी, नीलम लता, चंचल कुमारी, मीणा कुमारी आदि शामिल हैं। जनाजे की नमाज में डॉ कैसर आलम, नबील अंसारी, समसूदिन खान, तस्लीम खान, हसन अंसारी, इरफान अंसारी, शोएब आलम, मुना अंसारी, लतीफ अंसारी, नसीर अंसारी, ईश्वरी चौधरी, डॉ नागेश्वर प्रसाद, गोलू, सुहैल आलम आदि मौजूद थे।

### कांग्रेस का दशहरा मिलन समारोह कल

**केतार।** भारतीय कांग्रेस पार्टी के द्वारा केतार स्थित लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में रविवार को 11 बजे से दशहरा मिलन समारोह आयोजित कि जाएगा। उक्त कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, प्रदेश सचिव अरबिंद तुफानी शामिल होंगे। इसकी जानकारी प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता ने दी। प्रखंड अध्यक्ष ने कांग्रेस पार्टी के सभी गांवों के कार्यकर्ताओं को निर्धारित समय पर पहुंचने की अपील की है। दशहरा मिलन पर कार्यकर्ताओं के साथ संगठन की मजबूती पर भी चर्चा की जायेगी।

### मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम आयोजित

**कैरो।** मेरी माटी, मेरा देश चरण-2 कार्यक्रम के तहत प्रखड स्तरीय अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप प्रखंड विकस पदाधिकरी पवन कुमार, बीस सूत्री सदस्य सह पूर्व पंचायत समिति सदस्य शरत कुमार विधार्थी, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष लखन उरांव, अनुसूचित जन जाती मोर्चा प्रदेश समिति सदस्य बजरंग उरांव, जिला कार्य समिति सदस्य विशेश्वर प्रसाद दिन, कैरो मुखिया बीरेंद्र महली, सढाबे मुखिया सुमित्रा उरांव, नरौली मुखिया अरबिंद उरांव, कैरो उप मुखिया रवि प्रजापति उपस्थित हुए। कार्यक्रम में कैरो प्रखंड क्षेत्र की 6 पंचायतों से कलश में संग्रहित मिट्टी को प्रखंड स्तरीय कलश में भरा गया। मौके पर कनीय अभियंता रौशन उरांव, वार्ड सदस्य ब्रजेश रविदास, मोहर साहू, नेहरू युवा केन्द्र के पूर्व एन वाई वी मुन्ना राम, संदीप रविदास, रामपाल, बहुरा महली एवं विधालय के छात्र छात्रा उपस्थित थे।

### भंडारिया प्रखंड की सभी पंचायतों के स्वयंसेवक रांची धरना में हुए शामिल



**भंडरिया।** प्रखंड की सभी छह पंचायतों के स्वयंसेवक अपनी पांच सूत्री मांग को लेकर रांची स्थित राज भवन के समक्ष आयोजित अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के प्रखंड अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने बताया कि पूरे राज्य के स्वयंसेवक पिछले 105 दिनों से राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। यह धरना प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा जबतक हम स्वयंसेवकों की मांगें पूरी नहीं हो जातीं। वहीं पंचायत स्वयंसेवक निशा कुमारी ने कहा कि हेमंत सरकार चुनाव के समय स्वयंसेवकों से वादा किया था कि आप लोगों को स्थायी सेवा देकर एक सम्मानजनक मानदेय दिया जाएगा, लेकिन आज हेमंत सरकार अपने वादे से मुकर रही है। झारखंड में हेमंत सरकार का साढ़े तीन वर्ष का कार्यकाल गुजर जाने के बाद भी सरकार द्वारा स्वयंसेवकों की सुध नहीं ली गई है कि हम अपने परिवार का भरन पोषण कैसे कर रहे हैं। आज हमारे परिवारजनों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। अगर सरकार जल्द से जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाती है तो हम स्वयंसेवक इससे भी बड़ा धरना प्रदर्शन करेंगे और अपनी मागों को सरकार से मनवा के रहेंगे। मौके पर शंभू ठाकुर, विनोद प्रजापति, सरवन ठाकुर, मनोज कुशवाहा, ललित कच्छप, सनोज टोप्पो, राजेंद्र पासवान, दशरथ सिंह, अनूप सिंह, हेलेना मिन्ज आदि पंचायत स्वयं सेवक शामिल थे।

### जिला मुख्यालय में आयोजित फ्लैग मार्च में डीसी व एसपी हुए शामिल, इस वर्ष भी हर्षोल्लास से दुर्गा पूजा मनाए जाने की जताई उम्मीद

# शांति व्यवस्था बहाल रखने को जिले भर में निकाला गया फ्लैग मार्च

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

शारदीय नवरात्र व दशहरा शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में डीसी शेखर जमुआर और एसपी दीपक कुमार पांडे ही शामिल हुए। फ्लैग मार्ग थाना परिसर से रंका मोड़ होते हुए मझिआव, उचरी, मदरसा रोड, पुरानी बाजार होते हुए पुनः रंका मोड़ पहुंचा।

मौके पर डीसी ने कहा कि दुर्गा पूजा व दशहरा को देखते हुए शहर में शांति व्यवस्था बहाल रखने के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया है। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी हर्षोल्लास एवं शांति व्यवस्था में दुर्गा पूजा व दशहरा मनाया जाएगा। ऐसी जिले के लोगों से उम्मीद है। वहीं एसपी ने कहा कि दुर्गा पूजा शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए गढ़वा पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। पुलिस हर गतिविधि पर नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि शहर के तमाम लोगों से अपील है कि पूजा के दौरान किसी तरह की अफवाह में नहीं पड़ें। किसी तरह की घटना मिलने पर उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें ताकि पुलिस ससमय कार्रवाई करते हुए बड़ी घटना को रोक सके। मौके पर एसडीओ राज महेश्वरम, सीडीपीओ अवध यादव, गढ़वा सीओ मयंक भूषण, थाना प्रभारी केके साहू आदि मौजूद थे।

### चिनिया : दुर्गा पूजा शांति से मनाने की अपील

**चिनिया।** शारदीय नवरात्र व दशहरा पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार, अंचलाधिकारी निषात अंजुम व बीडीओ कालिदास मुंडा के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया, जो थाना मोड़ से शुरू होकर बस स्टैंड, ग्रामीण बैंक, हनुमान मंदिर से वापस पुनः थाना परिसर पहुंचा। मुंडा ने दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं देते हुए लोगों से दुर्गा पूजा धूमधाम व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस हर गतिविधि पर भी नजर रख रही है। सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट डालने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। मौके पर एएसआई बबन टुडू भी मौजूद रहे।



### डंडई में प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

**डंडई।** दुर्गा पूजा को लेकर शुक्रवार को फ्लैग मार्च निकाला गया, जिसमें बीडीओ राहुल कुमार सानू, सीओ चोनाराम हेंब्रम, थाना प्रभारी शाहबाज अंसारी के साथ सैकड़ों की संख्या में पुलिस के जवान शामिल थे। फ्लैग मार्च में महिला कांस्टेबल की भी उपस्थिति देखी गई। फ्लैग मार्च मुख्य बाजार से होकर गांव की कई गलियों में भ्रमण किया। इस दौरान मुख्य बाजार में सड़क के किनारे लगाई गई दुकानों पीछे हटाने का निर्देश बीडीओ ने दिया। इस दौरान लोगों से दुर्गा पूजा सादगी और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। मौके पर जेएसआई संतोष कुमार, एएसआई बसंत तिर्की, हरे कृष्णा राम, विरजु चौधरी, 20 सूत्री अध्यक्ष क्यामुदिन अंसारी इत्यादि उपस्थित थे।

### मेराल : दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासन चौकस

**मेराल।** दुर्गा पूजा के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर शुक्रवार को मेराल प्रशासन की ओर से फ्लैग निकल गया। इसमें अंचल अधिकारी यशवंत नायक, बीडीओ जागो महतो, थाना प्रभारी नीतीश कुमार के साथ बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी तथा जवान शामिल थे। मार्च थाना परिसर से शुरू होकर बस स्टैंड, स्टेशन रोड, बाजार टोला इत्यादि क्षेत्रों से गुजरा। बीडीओ व थाना प्रभारी ने बताया कि दुर्गा पूजा के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था तथा अशांति ना हो इसके लिए प्रशासन पूर्ण रूप से चौकस है। अंचल अधिकारी लोगों से शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील की। मौके पर एसआई सुरजीत चौधरी, सुधांशु यादव, सत्येंद्र चौबे, झामुमो नेता विकास सिंह कुशवाहा मौजूद थे।

### धुरकी पुलिस प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

**धुरकी।** दशहरा पर्व को लेकर धुरकी व सगमा में पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला। प्रभारी बीडीओ जुलफिकार अंसारी व थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने दल बल के साथ धुरकी कपूर्री ठाकुर चौराहा, बाजार चौराहा आदि का भ्रमण कर लोगों को दशहरा शांति तथा सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने का संदेश दिया।

### नवरात्र और महायज्ञ को लेकर पुलिस अलर्ट

**श्री बंशीधर नगर।** शारदीय नवरात्र, दशहरा पर्व व लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को शांतिपूर्ण से संपन्न कराने को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी के नेतृत्व में शुक्रवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च नगर ऊंटरी थाना परिसर से निकलकर मुख्य बाजार होते हुए गोसाईबाग पहुंच कर मुख्य बाजार बस स्टैंड हेन्हों मोड़ से होते हुए भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान चौक तक पहुंच कर समाप्त हो गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी ने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। जगह-जगह मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। उन्होंने लोगों से प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, महिला थाना प्रभारी पिंकी कुमारी साहू, पुअनि कुणाल कुमार, विक्रम कुमार सिंह, जितेंद्र भगत, रंजन कुमार अक्षय सिंह, आशुतोष सिंह आदि मौजूद थे।

# श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ का भव्य शोभायात्रा के साथ होगा श्रीगणेश

### आयोजन की सभी तैयारी पूरी, देश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

नगर उंटारी स्थित पाल्हे जतपुरा में श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ के विराट आयोजन की सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। जीयर स्वामी महाराज के चातुर्मास्य व्रत के उपलक्ष्य में व उनके पावन सानिध्य में 23 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक उक्त महायज्ञ का विराट आयोजन होगा। श्रद्धा, भक्ति और आस्था रूपी त्रिवेणी में लगने वाले महाकुंभ जैसे इस विराट और ऐतिहासिक आयोजन में देश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान है। यहां शहर के अनिकेत पैलेस में यज्ञ समिति की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता में वरिष्ठ पत्रकार सह समिति के लेखा प्रभारी धीरेंद्र चौबे ने इस विषय में विधिवत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि महायज्ञ का श्रीगणेश भव्य शोभायात्रा (जलयात्रा) के साथ होगा। शोभायात्रा यज्ञ मंडप से मुख्य पथ और शहर होते हुए श्री बंशीधर मंदिर तक निकाली जाएगी। मंदिर से वापस अधौरा होते हुए शोभायात्रा बांकी नदी से कलश में जल भरकर यज्ञ मंडप पहुंचेगी। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में साधु, संत, महात्मा, धमार्चार्य और श्रद्धालु शामिल होंगे। शोभायात्रा यात्रा में सबसे आगे बड़ा बैंड पार्टी होगी। इसके बाद हाथी, ऊंट, घोड़े होंगे, फिर एक बैंड होगा। इसके पीछे महिला-पुरुष यजमान के बाद एक छोटा बैंड होगा। बैंड के बाद सामान्य श्रद्धालु होंगे। फिर एक बैंड के बाद 10 रथ होंगे। रथ के बाद बड़ी संख्या में बाइक और चार पहिया वाहन और ट्रैक्टर, ट्रक और बसें होंगी। भव्य शोभा यात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर से देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों और पवित्र नदियों से लाये गए जल के साथ पुष्प की वर्षा की जाएगी। इसके लिए हेलीपैड बनकर तैयार हो चुका है।




#### 27 अक्टूबर को किया जाएगा अखिल अंतर्राष्ट्रीय धर्म सम्मेलन का आयोजन

धीरेंद्र चौबे ने बताया कि भव्य शोभा के दूसरे दिन 24 अक्टूबर को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अग्नि प्रज्ज्वलन के बाद महायज्ञ में हवन शुरू होगा। महायज्ञ की पूणार्हुति 28 अक्टूबर को होगी। 27 अक्टूबर को अखिल अंतर्राष्ट्रीय धर्म सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। धर्म सम्मेलन में अयोध्या, मथुरा, प्रयागराज, काशी के साथ-साथ कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडू, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, गुजरात समेत देश भर के महान संत और धमार्चार्य हिस्सा लेंगे। साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय प्रमुख हस्तियां भी शामिल होंगी। 27 को रात्रि में अंतर्राष्ट्रीय भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसमें देश के प्रमुख भजन गायक अपनी प्रस्तुति देंगे।

#### सरकार और प्रशासन का मिल रहा सहयोग

श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ के विराट आयोजन को लेकर सरकार और प्रशासन का पूर्ण सहयोग मिल रहा है। सरकार की ओर से स्वच्छता, यातायात, सुरक्षा और विधि व्यवस्था को लेकर आवश्यक कदम उठाए गए हैं। राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के निर्देश पर प्रशासन की ओर से संपूर्ण यज्ञ क्षेत्र में समुचित शौचालय, मूत्रालय और स्नानागार बनाया गया है। अग्निशमन और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा और विधि व्यवस्था के साथ-साथ सुरक्षित और सुचारु यातायात के लिए मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती की गयी है।

#### सफल आयोजन को 26 उपसमितियों का गठन

यज्ञ समिति संरक्षक सह यज्ञ के प्रमुख नियंत्रक शारदा महेश प्रताप देव ने बताया कि महायज्ञ के सफल आयोजन को लेकर 26 उपसमितियों का गठन किया गया है। ये महायज्ञ के सफल संचालन का कार्य करेंगी। यज्ञ कुंड प्रबंधन समिति के प्रभारी विनीत कुमार शुक्ल के अलावे 25 सदस्य, भोजन व भोजनालय प्रबंध समिति के प्रभारी उमेश कुमार शुक्ल के साथ 400 सदस्य, यज्ञ मंडप निर्माण व पूजा समिति के प्रभारी नरसिंह नारायण शुक्ल के साथ 15 सदस्य, सामाग्री भंडार प्रबंधन समिति के प्रभारी सुनील कुमार चौबे कैप्टन के साथ 10 सदस्य, क्रय व आपूर्ति समिति के प्रभारी संतोष कुमार तिवारी के साथ 10 सदस्य, प्रेस प्रबंधन समिति के प्रभारी रजनीश कुमार मंगलम के साथ 5 सदस्य, जलपान चाय प्रबंध समिति के प्रभारी श्याम लाल मेहता के साथ 21 सदस्य, जल व स्नान प्रबंधन समिति के प्रभारी कुमार कनिष्क के साथ 21 सदस्य, हवन सामग्री व आम लकड़ी प्रबंधन समिति के प्रभारी सत्यनारायण शुक्ल के साथ 15 सदस्य, यज्ञ परिसर सुरक्षा समिति के प्रभारी शैलेंद्र कुमार शुक्ल के साथ 50 सदस्य, सूचना एवं प्रसारण समिति के प्रभारी कमलेश कुमार पांडेय के साथ 11 सदस्य, सफाई एवं शौचालय प्रबंध समिति के प्रभारी ओमप्रकाश गुप्ता के साथ 50 सदस्य, यातायात एवं पार्किंग प्रबंध समिति के प्रभारी मोहन पासवान के साथ 171 सदस्य, साधु संत अभ्यागत समिति के प्रभारी आशुतोष बोलबम के साथ 15 सदस्य, चिकित्सा प्रबंधन समिति के प्रभारी दिलीप कुमार शर्मा के साथ 5 सदस्य, फूल-माला व पूजा सामग्री प्रबंध समिति के प्रभारी अजित कुमार चौबे के साथ 15 सदस्य, आवासीय प्रबंध समिति के प्रभारी लक्ष्मण राम के साथ 25 सदस्य, दान पेटी निगरानी समिति के प्रभारी अखिलेश कुमार शुक्ल के साथ 10 सदस्य, प्रसाद वितरण समिति के प्रभारी प्रदीप शुक्ला के साथ 15 सदस्य बनाये गए हैं।

#### श्रद्धालुओं के लिए बने हैं पांच भोजनालय

शारदा महेश प्रताप देव ने बताया कि साधु संतों, यज्ञाचार्यों यजमानों, महिलाओं, पुरुषों और आमंत्रित आगंतुकों के लिए पांच अलग अलग भोजनालय बनाये गये हैं, जिसमें श्रद्धालु बैठकर प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे। प्रेसवार्ता में श्रीलक्ष्मीनारायण यज्ञ समिति के अध्यक्ष बीरेंद्र चौबे, उपाध्यक्ष अमित शुक्ला, सचिव अनिश शुक्ला, उपसचिव चंद्रकेतु कुमार, मीडिया प्रभारी रजनीश कुमार मंगलम, सह प्रभारी नीलू चौबे, कार्यसमिति सदस्य अजित प्रताप देव व सोनू सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## आरकेपीएस में नवरात्र पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

नवरात्र के उपलक्ष्य में आरके पब्लिक स्कूल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जूनियर विंग के बच्चों ने रूप सज्जा, गायन, गरबा और डांडिया प्रस्तुत किया। श्रीराम, सीता, कृष्ण, मां दुर्गा, मां सरस्वती, महिषासुर आदि के परिवेश में बच्चे सभी का मन मोह रहे थे। कक्षा 2 से लेकर 5 तक के बच्चों ने डांडिया, देवी माता के गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी को आकर्षित किया। वहीं कक्षा 6 से कक्षा 8 के बच्चों ने दुर्गा स्तुति, भक्ति गीत, भाषण, निबंध व चित्रांकन में हिस्सा लिया। स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाये गये पोस्टरों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस मौके पर स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि हमारे पर्व-त्योहार हमारी सभ्यता और संस्कृति के परिचायक हैं। ये पर्व हमें अधर्म पर धर्म, बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का संदेश देते हैं। ये पर्व जीवन में खुशियां, उमंग और उल्लास लाते हैं। सामूहिक रूप से उत्सव मनाने से भाईचारे को बढ़ावा मिलता है।

#### निदेशक ने कहा, हमारे पर्व-त्योहार हमारी सभ्यता व संस्कृति के परिचायक

## विधायक ने किया दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्षों को सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

मनिका विधानसभा के स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने शुक्रवार को मंगरा स्थित अपने आवास परिसर में एक कार्यक्रम आयोजित कर प्रखंड के दो दर्जन से अधिक दुर्गा पूजा कमेटियों के अध्यक्षों एवं सदस्यों को सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि प्रखंड में सभी समुदाय के लोग किसी भी पर्व त्योहार को आपसी भाईचारा व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाते आये हैं। हम सभी को इस परंपरा को कायम रखने की जरूरत है। उन्होंने प्रखंड के सभी वर्ग के लोगों को नवरात्र एवं दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सभी दुर्गा पूजा कमेटियों को सहयोग राशि भी प्रदान की गई। सम्मानित किए जाने वालों में गढ़वातांड दुर्गा पूजा क्लब के अध्यक्ष लोकनाथ राम एवं लक्ष्मण मिस्त्री, सदस्य अनिल कुमार चंद्रवंशी, रविंद्र पासवान, राजदीप रिकी, बैजनाथ राम, बाजार पीपल गाछ दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार अग्रवाल, सदस्य राकेश रंजन अग्रवाल, विष्णु देव सहाय, संतोष कुमार, दीपक राज, रेलवे क्लब दुर्गा पूजा समिति के सचिव रंजीत कुमार सिंह राणा, सदस्य रेल अधिकारी मुख्य क्रू नियंत्रक बशीर अहमद, प्रेम कुमार अधूरा, ऋषि राज, रामजी सिंह, पूर्व उप मुखिया काजमी अनवर, अभिषेक श्रीवास्तव, पंचमुखी दुर्गा पूजा पंडाल के अध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा, सोनू सिंह, रवि शेखर, छिपादोहर दुर्गा पूजा पंडाल कमेटी के अध्यक्ष श्रवण सिंह, सदस्य राजू प्रसाद, आदि मौजूद थे।

## ‘लक्ष्य तय कर मेहनत करें सफलता अवश्य मिलेगी’



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ शुक्रवार को बलीगढ़ कहां स्थित बृजनाथ सिंह इंटर महाविद्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने छात्र-छात्राओं के साथ करियर को लेकर चर्चा की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को पढ़ाई कर भविष्य बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा को सार्थक बनाने के लिए जीवन में लक्ष्य निर्धारित करना और उसे प्राप्त करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जीवन में लक्ष्य का निर्धारण कर उसकी प्राप्ति के लिए मेहनत की जाए तो सफलता में कोई संदेह नहीं है। विद्यार्थी अगर अपनी रुचि और क्षमता के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें तो सफलता उनके कदम चूमेगी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को किताब को अपना जीवन साथी बनाने को कहा। मौके पर महाविद्यालय के सचिव नवनीत सिंह, प्राचार्य प्रतिमा सिंह, भूमिदान दाता योगेंद्र सिंह, प्रोफेसर विजय गुप्ता, चाहत सिंह, कर्मचारी प्रमोद प्रजापति, अजय गुप्ता, धर्मेंद्र बैठा, छात्र पवन, रूपेश, आरती, पुजा कुमारी, अर्चना कुमारी आदि उपस्थित थे।

**कार्यक्रम** मंत्री ने किया मां दुर्गा पूजा समिति शिव मंदिर के तत्वावधान में भक्ति जागरण का उद्घाटन

# भक्ति भावना से ओत-प्रोत है गढ़वा : मिथिलेश ठाकुर

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

चिनिया रोड स्थित मां दुर्गा पूजा समिति शिव मंदिर के तत्वावधान में भव्य भक्ति जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में शामिल भोजपुरी कलाकारों दीपक तिवारी, राकेश रोशन, विक्की तिवारी, प्रियंका तिवारी, प्रियंका भास्कर ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किए।



मौके पर मंत्री ने समस्त जिलेवासियों एवं झारखंड वासियों को नवरात्र की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नवरात्र के मौके पर चारों तरफ माहौल भक्तिमय बना हुआ है। यहां के लोग भक्ति भावना से पूरी तरह ओत प्रोत हैं। गढ़वा में भक्ति की अविरल धारा बहती है। हर पर्व, त्यौहार के मौके पर सभी लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। माता रानी हम सभी के परिवार में खुशियां लाएं, सुख समृद्धि में वृद्धि करें एवं सभी के कष्टों का हरण करें। इस बेहतर आयोजन के लिए मंत्री ने समिति के तमाम पदाधिकारी एवं सदस्यों को बधाई व शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्य रूप से सीओ मयंक भूषण, थाना प्रभारी केके साहु, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, दिलीप गुप्ता, पूजा समिति के अध्यक्ष पूरन तिवारी, सचिव अमित कश्यप, निरंजन प्रसाद गुप्ता, विनोद शंकर अग्रवाल, अयोध्या ठाकुर, सच्चिदानंद सिंह, अभिषेक पांडेय, प्रेम दुबे, मिथिलेश आदि मौजूद थे।

## तीन प्रखंडों के विधायक प्रतिनिधि मनोनीत

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने तीन प्रखंडों में विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया है। मंत्री ने झामुमो के वरिष्ठ नेता छतैलिया निवासी गंगेश्वर सिंह को चिनियां प्रखंड, सलेया निवासी अनिल चंद्रवंशी को रंका प्रखंड तथा कुशवार निवासी मो. फिरोज मंसूरी को रमकंडा प्रखंड का विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया है। मंत्री ने अपने आवास पर सभी नवनियुक्त प्रतिनिधियों को मनोनयन पत्र प्रदान किया। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि ये सभी पार्टी के वरिष्ठ एवं समर्पित कार्यकर्ता हैं। इनके समर्पण एवं कार्यक्षमता को देखते हुए इन्हें महत्वपूर्ण पद प्रदान किया गया है। इनके कुशल नेतृत्व में प्रखंड वासियों को लाभ मिलेगा। साथ ही पार्टी और मजबूत होगी। मंत्री ने उन्हें जिम्मेवारी सौंपते हुए कहा कि आप सभी अपने प्रखंड में जनसमस्याओं का संकलन कर अधोहस्ताक्षरी एवं संबंधित अधिकारियों से संपर्क स्थापित कर निराकरण का कार्य करेंगे। साथ ही प्रखंड के पदाधिकारियों को भी संबंधित प्रतिनिधियों को जनसमस्याओं से संबंधित कार्य निष्पादित करने का निर्देश दिया है। मंत्री ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन के रीढ़ होते हैं। यदि कार्यकर्ता निष्ठा एवं दृढ़ता पूर्वक समर्पित होकर संगठन एवं जनहित का कार्य करें तो विरोधी लोग दूर-दूर तक कहीं नजर नहीं आयेंगे। मंत्री ने सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए अपने-अपने क्षेत्र में जनहित का बेहतर कार्य करने की बात कही। मौके पर मुख्य रूप से बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, दिलीप गुप्ता आदि उपस्थित थे।



खुद की तुलना किसी और से कभी ना करे, क्योंकि भगवान ने आपके जैसा किसी को भी नही बनाया। इसका मतलब है की आप अपने आप में सर्वश्रेष्ठ है।

– अज्ञात



# कयासों के बीच सरयू

***झारखंड*** के अपराजेय नेता व चर्चित निर्दलीय विधायक सरयू राय की बीजेपी में आने की प्रबल संभावना बनती दिखाई देने लगी है। ऐसा इसलिए कि उनके प्रबल विरोधी रघुवर दास उड़िसा के गवर्नर बन गये हैं। सरयू राय कहते रहे हैं कि रघुवर दास की जिद पर ही पार्टी ने उनका टिकट काट दिया था। गुस्से में वे निर्दलीय प्रत्याशी बन कर रघुवर दास की सीट जमशेदपुर (पूर्व) से ही चुनाव लड़ गये। रघुवर दास को हार का सामना करना पड़ा। उससे पहले भाजपा में रहते 2014 के चुनाव में सरयू राय ने कांग्रेस उम्मीदवार बन्ना गुप्ता को हराया था। सरयू राय का संघ और पार्टी के नेताओं से अब भी संबंध बना हुआ है। उनको चिढ़ सिर्फ रघुवर दास से थी। अब चूंकि राघुवर दास यहां नहीं रहे, इसलिए सरयू राय की भाजपा में पुनर्वापसी की संभावना को खारिज भी नहीं किया जा सकता है। अटकलों का बाजार गर्म है। जिसे गलत नहीं माना जा सकता है। रघुवर को राज्यपाल बना कर बीजेपी ने सरयू राय के लिए रास्ता बनाया है। कुछ तो यह भी कहते हैं कि सरयू राय से पंगा लेना रघुवर दास को महंगा पड़ गया। वैसे भी राय का रिकॉर्ड है कि जिसके पीछे वे पड़े, उसे छका दिया। लालू यादव से लेकर मधु कोड़ा तक सरयू राय के शिकार बने हैं। अविभाजित बिहार में चारा घोटाला और अलकतरा घोटाला उन्होंने ही उजागर किया था, जिसमें लालू यादव समेत कई लोगों को सजा हुई। मधु कोड़ा सरकार के भ्रष्टाचार की पोल भी राय ने खोली थी। ऐसे में राज्य की राजनीति में बड़े बदलाव से इनकान भी नहीं किया जा सकता है।

**मधु कोड़ा सरकार के भ्रष्टाचार की पोल भी राय ने खोली थी। ऐसे में राज्य की राजनीति में बड़े बदलाव से इनकान भी नहीं किया जा सकता है। यही कारण है कि बीजेपी सतर्क हो गई है। पिछली गलतियों से सीख लेते हुए भाजपा ने पार्टी अध्यक्ष का पद अनुसूचित जन जाति से आने वाले बाबूलाल मरांडी सौंपा है।**

यही कारण है कि बीजेपी सतर्क हो गई है। पिछली गलतियों से सीख लेते हुए भाजपा ने पार्टी अध्यक्ष का पद अनुसूचित जन जाति से आने वाले बाबूलाल मरांडी सौंपा है। विधायक दल का नया नेता अनुसूचित जाति से आने वाले अमर कुमार बाउरी को बनाया है। बाहरी सीएम के रूप में खारिज हो चुके रघुवर दास को अब ओड़िशा का राज्यपाल बना कर बीजेपी ने संदेश दिया है कि यह झारखंड के लोग ही उसकी प्राथमिकता में हैं। भारतीय जनता पार्टी ने अगले साल होने वाले लोकसभा और झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड में अब नई रणनीति अपनाई है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद पर अनुसूचित जनजाति (एसटी) के बाबूलाल मरांडी को स्थापित करने के बाद नेता प्रतिपक्ष के लिए अनुसूचित जाति (एससी) के अमर बाउरी और सचेतक पद पर ओबीसी से आने वाले जय प्रकाश भाई पटेल को बिठाना बीजेपी की बदली हुई रणनीति का हिस्सा है। झारखंड के पहले गैर आदिवासी मुख्यमंत्री रघुवर दास को ओडिशा का राज्यपाल बना कर कर बीजेपी ने झारखंड के लोगों को भरोसा दिलाने की कोशिश की है कि राज्य में गैर आदिवासी सीएम अब नहीं बनायेगी। रघुवर दास को भाजपा ने साल 2014 में सीएम बना दिया था। तब से ही भाजपा पर गैर झारखंडी नेताओं को तरजीह देने का आरोप लगता रहा। साल 2019 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी को मिली शिकस्त के पीछे भी रघुवर दास के नेतृत्व को ही कारण माना गया था। दूसरी तरफ देखा जाये तो रघुवर और सरयू का प्रारंभ से छत्तीस का रिश्ता रहा है। रघुवर की सरकार में राय को खाद्य आपूर्ति विभाग का मंत्री बनाया गया था। हालांकि अपने कार्यकाल में सरयू राय की कभी रघुवर दास से नहीं पटी।

# इन चुनावों में विरोधियों से नहीं अपनों से जूझते दल





ललित गर्ग

***पांच*** राज्यों के चुनावों की सरगर्मियां उग्र से उग्रत्तर होती जा रही है, चुनाव प्रचार अब धीरे-धीरे चरम पर पहुंच रहा है। विशेषतः राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में सत्ता के दावेदारों में लोक-लुभावन वादों एवं रेवड़ियां बांटने की होड़ लगी हुई है। येन-केन-प्रकारेण सत्ता हथियाना इन चुनावों का चरम लक्ष्य है। इन तीनों ही प्रांतों में चुनावों की सबसे खास बात यह है कि इन राज्यों में कांग्रेस पार्टी एवं भाजपा के बीच सीधा मुकाबला है। जैसे-जैसे उम्मीदवारों की सूचियां सामने आ रही है, विरोध का स्वर उभर रहे हैं, उग्र विरोध को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि इन चुनावों में परायों से अधिक डर इस बार 'अपनों' का चुनौती बनेगा। वर्ष 2023 के ये चुनाव अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण बन रहे हैं। जटिल से जटिलतर होते हालातों एवं राजनीतिक परिदृश्यों में यह स्पष्ट हो रहा है कि इन राज्यों के ये चुनाव लोकसभा चुनावों का सेमीफाइनल बन रहा है। जबकि मतदाताओं के सामने राज्य व राष्ट्र के बारे में अलग-अलग विचार व अवधारणाएं होती हैं। दोनों ही प्रमुख पार्टियां मतदाताओं को लुभाने एवं उनकी मानसिकता को समझते हुए चुनावी मुद्दों को उछाल रही है। कांग्रेस पार्टी का अलग-अलग राज्यों का क्षेत्रीय नेतृत्व वे मुद्दे उठा रहा है जिनसे राज्यों के लोग ज्यादा से ज्यादा जुड़ें जबकि भाजपा की कोशिश है कि राज्यों के मुद्दों को केन्द्र में रखते हुए राष्ट्रीय विकास को मतदाताओं के सामने रखा जाये। भाजपा का मुख्य जोर विकास कार्यों एवं राष्ट्र विकास की योजनाओं पर है। दोनों पार्टियों में एक और मूलभूत अन्तर है कि भाजपा जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर चुनाव अभियान को गति दे रहा है, वहीं कांग्रेस क्षेत्रीय नेताओं को आगे कर रही है। जहां तक चुनावों में जा रहे तेलंगाना व मिजोरम राज्यों का सवाल है तो इनमें भी कांग्रेस पार्टी इन राज्यों की जरूरत के मुताबिक अपना विमर्श खड़ा करने की कोशिश कर रही है और भारत राष्ट्र समिति व मिजो नेशनल फ्रंट पार्टियों के सामने कड़ी चुनौती पेश करना चाहती है। भाजपा इन चुनावों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को प्राथमिकता दे रही है। भाजपा ने टिकट वितरण में इस बार तीनों राज्यों के क्षत्रपों की जगह भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय संगठन और संघ की राय को महत्त्व दिया है। भाजपा ने जीत को सुनिश्चित करने के लिये अनेक मोर्चों एवं स्तरों पर कार्यकर्ताओं की टीमों का गठन किया है, एक और बड़ा बदलाव उम्मीदवारों के चयन में पार्टी ने यह किया है कि पहली बार पार्टी ने बड़ी संख्या में सांसदों पर दांव खेला। कई सांसदों को न चाहते हुए भी विधानसभा चुनाव लड़ना पड़ रहा है। जारी हुई सूचियों में अनेक विधायकों के टिकट कट गये हैं जिससे पार्टी में बगावत के स्वरों एवं तेवरों की तीव्रता सामने आई है, जो आलाकमान की चिन्ताओं को बढ़ा रहा है। सभी टिकट घोषित होने के बाद असंतोष के सुर तेज होने की व्यापक संभावनाओं को देखते हुए राजस्थान में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तो मध्यप्रदेश में गृहमंत्री अमित शाह ने कमान संभालते हुए नाराजगी को दूर करने का बीड़ा उठाया है। राज्य

**वर्ष 2023 के ये चुनाव अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण बन रहे हैं। जटिल से जटिलतर होते हालातों एवं राजनीतिक परिदृश्यों में यह स्पष्ट हो रहा है कि इन राज्यों के ये चुनाव लोकसभा चुनावों का सेमीफाइनल बन रहा है।**

**इन दिनों**

स्तर पर बगावती स्वरों से उत्पन्न नुकसान को नियंत्रित करने के लिये टीम बनाई गई है। चूंकि प्रत्याशी चयन में संघ की भूमिका रही है इसलिए पर्दे के पीछे बगावत को शांत करने का जिम्मा भी संघ को सौंपा गया है। कांग्रेस पार्टी भी लगभग ऐसी ही चुनौतियों से जूझ रही है। उसके सामने राजस्थान और छत्तीसगढ़ में अपनी सत्ता को दोहराने एवं मध्यप्रदेश में भाजपा को पछाड़ने की पूरी आस है, आशा एवं संभावनाभरे इन परिदृश्यों में उसे भी लग रहा है कि विरोधियों से मुकाबले में 'अपनों' से जूझने की समस्या है। कांग्रेस ने क्षेत्रीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी है एवं स्थानीय मुद्दों को आगे किया है। टिकट के दावेदारों और उनके समर्थकों के उग्र तेवर से कांग्रेस आलाकमान भी सकते में है। प्रश्न है कि नाराज कार्यकर्ताओं का असली विरोध चुनावी रणक्षेत्र में क्या रंग दिखाता है। दोनों ही प्रमुख पार्टियों के सामने विरोधियों से ज्यादा अपनो का खतरा मंडरा रहा है। अक्सर चुनावों में इन स्थितियों का परिणामों पर सीधा असर पड़ता रहा है। जो भी चुनाव परिणाम आयेंगे उनसे कांग्रेस एवं भाजपा दोनों ही पार्टियों का भविष्य सीधे अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों से बंध जायेगा। उत्तर भारत के हिन्दी क्षेत्र के लिये भाजपा ही सर्वप्रिय पार्टी मानी जाती है। इन राज्यों में राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ माने जाते हैं। इन तीनों ही राज्यों में इस बार व्यापक फेरबदल की संभावनाएं स्पष्ट दिखाई दे रही है। भले ही पिछले 2018 के चुनावों में भी ऐसा ही उलटफेर हुआ हो और कांग्रेस ने तीनों ही राज्यों में सरकारें बनाई थीं मगर कुछ महीने बाद ही हुए लोकसभा चुनावों में भाजपा ने कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया था। भारत के राजनीति में कुछ भी निश्चित नहीं कहा जा सकता, विशेषतः मतदाताओं के बदलते मिजाज के बारे में कोई आकलन नहीं किया जा सकता है। विधानसभा में जीत दिलाने वाले मतदाता लोकसभा चुनावों में हार का सेहरा बांध देते हैं। कांग्रेस पार्टी भाजपा की चुनावी रणनीतियों पर गहरी नजरे गढ़ाये हुए है। कुछ मामलों में वह भाजपा की नीतियों को अपनाने में भी कोई हर्ज नहीं मान रही है। कतिपय मामलों में कांग्रेस पार्टी भी इन राज्यों के चुनावों को क्षेत्रीय के साथ-साथ राष्ट्रीय मुद्दों को अपनाते हुए आगे बढ़ रही है। पांच राज्यों के ये चुनाव वास्तव में असाधारण चुनाव हैं क्योंकि राजस्थान व छत्तीसगढ़ में सत्ता पर काबिज कांग्रेस को अपने पिछले पांच सालों के काम के बूते पर जनता का मत एवं मन जीतना है और मध्यप्रदेश में यही काम भाजपा को करना है। जिस प्रकार इन तीनों राज्यों की सरकारों ने जनकल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा की विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं, लोकलुभावन घोषणां एवं मुफ्त की रेवडियां बांटी है। राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चुनाव की आहट के साथ बहुत सी ऐसी योजनाएं शुरू की हैं जिनसे गरीब व कम आय वाले लोगों के साथ किसानों को भी लाभ पहुंचा है।

**बोधि वृक्ष**

### *आइये सुनें दुर्गा माता के नव रुपों की कहानी*


***जो*** भक्त ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा करते हैं, उनको असीमित व अनंत शक्तियों का वरदान प्राप्त होता है। मां ब्रह्मचारिणी के एक हाथ में कमंडल और दूसरे हाथ में जप की माला रहती है। देवी दुर्गा का यह स्वरूप हमें संघर्ष से विचलित हुए बिना सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। मां ब्रह्मचारिणी को कमल और गुड़हल के पुष्प अर्पित करने चाहिए तथा चीनी, मिश्री और पंचामृत का भोग लगाना चाहिए। इससे देवी प्रसन्न होकर हमें दीघार्यु एवं सौभाग्य प्रदान करती हैं। **मां ब्रह्मचारिणी की पूजा का मंत्र है – 'या देवी सर्वभूतेषु सृष्टि रूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।'**

**तृतीय दुर्गा चंद्रघण्टा**

**दुर्गा चंद्रघण्टा :** नवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा का पूजन किया जाता है जिनके मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र होता है। मां चंद्रघंटा के दस हाथ हैं जिनमें कमल का फूल, कमंडल, त्रिशूल, गदा, तलवार, धनुष और बाण है। एक हाथ आशीर्वाद तो दूसरा अभय मुद्रा में रहता है, शेष बचा एक हाथ वे अपने ह्दय पर रखती हैं। माता का यह प्रतीक रत्न जड़ित आभूषणों से सुशोभित है और गले में सफेद फूलों की माला शोभित है। इन देवी का वाहन बाघ है। माता का घण्टा असुरों को भय प्रदान करने वाला होता है और वहीं इससे भक्तों को सांसारिक कष्टों से मुक्ति मिलती है। माता का यह स्वरुप हमारे मन को नियंत्रित रखता है। नवरात्रि में मां के इस रूप को दूध और दूध से बने पदार्थों का भोग अर्पित करना चाहिए इनकी साधना का मंत्र है **'ओम देवी चंद्रघंटाय नमः।'**

(क्रमशः)

# जनता जनार्दन बटन दबाकर जवाब जरुर देगी



किशन भावनानी गोंदिया

***नवरात्रा*** घट स्थापना के प्रथम दिन 15 अक्टूबर 2023 को देर शाम एक सांसद ने उसको सुप्रीम कोर्ट के एक वकील से मिले तथ्यों के आधार पर उन्होंने स्पीकर को पत्र लिखकर, स्पीकर से मांग की जांच के लिए कमेटी बनाई जाय और उन्हें सदन से निलंबित किया जाय। स्पीकर को री-इमरजेंस ऑफ नेस्टी कैश फॉर क्वेरी इन पार्लियामेंट टाइटल से चिट्ठी लिखी है। इसमें विशेषाधिकारों के गंभीर उल्लंघन, सदन के अपमान और आईपीसी की धारा 120 ए के तहत आपराधिक केस की बात कही थी। अपने लैटर के साथ एक एडवोकेट की चिट्ठी भी लगाई थी। इसमें लिखा था, ऐसा प्रतीत होता है कि उन्होंने मेहनत से रिसर्च की है, जिसके आधार पर उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि हाल तक उन्होंने संसद में कुल 61 में से करीब 50 प्रश्न पूछे। इनमें बिजनेसमेन और उनकी कंपनी के व्यावसायिक हितों की रक्षा करने या उन्हें कायम रखने के इरादे से जानकारी मांगी गई थी। लोकसभा सांसद ने एक आचार संहिता समिति को मामले की जांच सौंपी। संसदीय समिति ने सांसद और सुप्रीम कोर्ट के वकील को 26 अक्तूबर को उस आरोपी संसद सदस्य के खिलाफ सवाल पूछने के बदले धन लेने की शिकायत पर मौखिक साक्ष्य के लिए बुलाया है। दरअसल, उस वकील द्वारा लगाये गये आरोपों के आधार पर संसद सदस्य ने उसकी शिकायत लोकसभा अध्यक्ष से की थी इसके साथ ही उन्होंने उसे आरोपित संसद को भी मौखिक बयान के लिए बुलाया है। इसके लिए समिति ने उनको पत्र लिखा है। इस बीच उन सांसद महिला ने सांसद महोदय वकील और कई सोशल मीडिया मंचों तथा मीडिया प्रतिष्ठानों को उनके खिलाफ कोई भी कथित फर्जी और अपमानजनक सामग्री पोस्ट करने, प्रसारित करने या प्रकाशित करने से रोकने का अनुरोध करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। परंतु इस पर 19 अक्टूबर 2023 को देर रात एक शाब्दिक विस्फोटक जानकारी मीडिया में आई है कि मामले में सहलग्न एक प्रसिद्ध बिजनेसमैन द्वारा सांसद से सवाल पूछनें के बदले में महंगी विलासिता वस्तुएं गिफ्ट बंगले का रिनोवेशन ट्रैवलिंग एलाउंस और आर्थिक मदद करना कबूल किया है, उन्होंने चार पृष्ठों के हलफनामे में यह बातें इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में आये पत्र में कही है, जिससे पूरी दुनियां सहित भारतीय नागरिक भी अत्यंत गहराई के सदमें में आकर स्तब्ध हैं कि एक जनता का प्रतिनिधि किस तरह जनता जनार्दन के विश्वास को चंद कागजों और सुविधाओं के लिए बेच देता है क्योंकि यह उसे बिजनेसमैन का हलफनामा उस संसद की मुश्किलें बड़ा सकता है और मतदाताओं के विश्वास पर विश्वास घात है। इसलिए आज हम मीडियम में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, कैश फॉर क्वेरी मामले में बिजनेसमैन के चार पुष्टिय हलफनामें के विस्फोटक खुलासे से मतदाताओं सहित लोकतंत्र पर कुठाराघात है, जनता जवाब जरूर देगी। साथियों बात अगर हम इस मामले में संबंधित बिजनेसमैन द्वारा विस्फोटक खुलासे की करें तो, सांसद महिला सदस्य को कैश फॉर क्वेरी विवाद में एक बड़ा झटका लगा है। दरअसल उन पर आरोप है कि उन्होंने संसद में सवाल पूछने के लिए एक व्यवसायी से रिश्वत ली थी। अब इस मामले में रियल एस्टेट

**स्पीकर को री-इमरजेंस ऑफ नेस्टी कैश फॉर क्वेरी इन पार्लियामेंट टाइटल से चिट्ठी लिखी है। इसमें विशेषाधिकारों के गंभीर उल्लंघन, सदन के अपमान और आईपीसी की धारा 120 ए के तहत आपराधिक केस की बात कही थी।**


**जनता**

अरबपति का बेटा सरकारी गवाह बन गया हैं। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने केंद्र सरकार से सवाल पूछने के लिए महिला संसद सदस्य की संसदीय लॉगिन का इस्तेमाल किया था। उनका बयान महिला संसद सदस्य की तरफ से सत्ताधारी पार्टी के सांसद के खिलाफ दायर मानहानि मामले में शुक्रवार को सुनवाई से पहले आया है। व्यवसायी ने गुरुवार को स्वीकार किया कि उन्होंने उद्योगपति अडानी के बारे में सरकार से सवाल पूछने के लिए लोकसभा सदस्या के संसदीय लॉगिन क्रेडेंशियल का इस्तेमाल किया।

**फोटो की दुनिया**



**फेसबुक वॉल से**




# समर्थकों की नाराजगी बढ़ी तो चुनाव जीतना मुश्किल होगा



रमेश सर्राफ धमोरा

***भाजपा*** का मानना है कि अशोक गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री व कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं के सामने सांसदों को प्रत्याशी बनाने से चुनाव में कांटे की टक्कर हो जायेगी। ऐसे में सरकार के मंत्री दूसरी सीटों पर प्रचार करने के लिए नहीं निकाल पायेंगे। राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने 41 प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में शामिल 41 सीटों में से 40 सीटों पर भाजपा पिछले विधानसभा चुनाव में हार गई थी। एकमात्र विद्याधर नगर की सीट पर पूर्व मंत्री नरपत सिंह राजवी चुनाव जीते थे। मगर उनका भी टिकट काट दिया गया है। विद्याधर नगर से मौजूदा विधायक नरपत सिंह राजवी, झोटवाड़ा से पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत, मांडल से पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, नगर से पूर्व विधायक अनिता सिंह, बांदीकुई से पूर्व विधायक अलका सिंह गुर्जर, सुजानगढ़ से पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, वैर से पूर्व विधायक रामस्वरूप कोली का टिकट कटने से वसुंधरा खेमे में नाराजगी व्याप्त हो रही है। टिकट कटने वाले सभी नेता पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के करीबी माने जाते हैं। हालांकि भाजपा आलाकमान का कहना है कि हमने जो 41 सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा की है उनमें से 40 प्रत्याशी पिछले चुनाव में हार चुके थे। इनमें भी 11 सीट दातारामगढ़, कोटपूतली, झुंझुनू, सांचैर, फतेहपुर, लक्ष्मणगढ, नवलगढ़, लालसोट, सपोटरा, बागीदौरा और बस्सी ऐसी विधानसभा सीट हैं जहां भाजपा पिछले तीन चुनाव से लगातार हार रही है। इन 41 सीटों में 2018 में भाजपा ने सिर्फ एक सीट ही जीती थी। वहीं 2013 में 25 सीट व 2008 में 5 सीटो पर ही जीत पाई थी। अपने हार के आंकड़ों को सुधारने के लिए ही भाजपा ने इस बार इन 41 सीटों पर बड़ा फेरबदल किया है। इन 41 सीटों में से 29 सीटों पर इस बार भाजपा ने नये उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है। इनमें से 6 प्रत्याशी तो ऐसे हैं जो पिछले विधानसभा चुनाव में निर्दलीय या अन्य दलों से चुनाव लड़े थे। इनमें से कई ऐसे प्रत्याशी भी हैं जो पिछले चुनाव में तीसरे नंबर पर आये थे। लेकिन फिर भी उनको पार्टी टिकट दे दी गई है। अभी तक भाजपा द्वारा घोषित किये गये 41 प्रत्याशियों में 6 लोकसभा के मौजूदा सांसदो को टिकट दिया गया है। जिसमें जयपुर ग्रामीण के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन राठौर को झोटवाड़ा से कैबिनेट मंत्री लालचंद कटारिया के सामने, अलवर सांसद बाबा बालकनाथ को तिजारा में राज्य खाद्य निगम के अध्यक्ष विधायक संदीप यादव के सामने, जालौर सांसद देवजी पटेल को सांचैर से मंत्री सुखराम बिश्नोई के सामने, अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी को किशनगढ़ से निर्दलीय विधायक सुरेश टांक के सामने, झुंझुनूं सांसद नरेंद्र कुमार को मंडावा से कांग्रेस विधायक रीटा चौधरी के सामने, राजसमंद सांसद दिया कुमारी को विद्याधर नगर से भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर किरोडी लाल मीणा को सवाई माधोपुर से कांग्रेस के विधायक दानिश अबरार के सामने, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया को लक्ष्मणगढ़ सीट से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के सामने प्रत्याशी बनाया गया है। पूर्व सांसद बहादुर सिंह कोली को वैर से कैबिनेट मंत्री भजनलाल जाटव के सामने उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा का मानना है कि अशोक गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री व कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं के सामने सांसदों को प्रत्याशी बनाने से चुनाव में कांटे की टक्कर हो जायेगी। ऐसे में सरकार के मंत्री दूसरी सीटों पर प्रचार करने के लिए नहीं निकाल पायेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा के सामने भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री व सीकर से तीन बार सांसद रहे सुभाष महरिया को प्रत्याशी बनाया है। सुभाष महरिया 2013 के विधानसभा चुनाव में गोविंद सिंह डोटासरा से पराजित हो चुके हैं।

**राज्यसभा सांसद डॉक्टर किरोडी लाल मीणा को सवाई माधोपुर से कांग्रेस के विधायक दानिश अबरार के सामने, पूर्व केंद्रीय मंत्री को लक्ष्मणगढ़ सीट से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के सामने प्रत्याशी बनाया गया है।**

**चुनाव**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

# रावण नहीं धन के देवता कुबेर की थी सोने की लंका

वेद शास्त्रों के मुताबिक कुंभकर्ण और विभीषण रावण के दो सगे भाई थे। इसके अलावा रावण के एक सौतेला भाई भी थे जिनका नाम कुबेर था। ये वही कुबेर जी हैं जो हम पर धन की कृपा बरसाते हैं। महर्षि वाल्मीकि के द्वारा रचित रामायण के अनुसार महर्षि पुलस्त्य ब्रह्माजी के मानस पुत्र थे। वेद शास्त्रों के मुताबिक कुंभकर्ण और विभीषण रावण के दो सगे भाई थे। इसके अलावा रावण के एक सौतेला भाई भी थे जिनका नाम कुबेर था। ये वही कुबेर जी हैं जो हम पर धन की कृपा बरसाते हैं। महर्षि वाल्मीकि के द्वारा रचित रामायण के अनुसार महर्षि पुलस्त्य ब्रह्माजी के मानस पुत्र थे। महर्षि पुलस्त्य का विवाह राजा तृणबिंदु की पुत्री से हुआ था। इनके पुत्र का नाम विश्रवा था। महर्षि वाल्मीकि के द्वारा रचित रामायण के मुताबिक, ब्रह्माजी ने महर्षि पुलस्त्य को अपना पुत्र माना था। महर्षि पुलस्त्य का विवाह राजा तृणबिंदु की पुत्री से हुआ था। महर्षि पुलस्त्य के पुत्र विश्रवा थे। विश्रवा अपने पिता के दिए हुए संस्कारों के अनुसार सत्यवादी व जितेंद्रीय थे। विश्रवा के इन गुणों से प्रसन्न होकर महामुनि भरद्वाज ने अपनी कन्या इड़विड़ा का विवाह विश्रवा के साथ कर दिया। महर्षि विश्रवा और इड़विड़ा से एक पुत्र हुआ। जिसका नाम वैश्रवण रखा गया। वैश्रवण नाम धन कुबेर का ही है। इसके बाद महर्षि विश्रवा ने दूसरा विवाह किया। इनकी दूसरी पत्नी का नाम कैकसी था। कैकसी राक्षस कुल की कन्या थीं। कैकसी के गर्भ से तीन पुत्रों का जन्म हुआ। जिनका नाम रावण, कुंभकर्ण और विभीषण था। इस तरह से रावण, कुबेर का सौतेला भाई हुआ।



**सोने की लंका :** रामायण के मुताबिक, महर्षि विश्रवा ने कुबेरदेव को रहने के लिए सोने की लंका प्रदान की थी और धन कुबेर की तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्माजी ने उनको उत्तर दिशा का स्वामी और धनाध्यक्ष बना दिया। इसके साथ ही ब्रह्माजी ने कुबेरदेव को मन की गति से चलने वाला पुष्पक विमान भी दिया। लेकिन रावण की हट और अपने पिता के कहने पर कुबेर जी ने सोने की लंका अपने भाई रावण को दे दी। फिर उन्होंने अपने लिए कैलाश पर्वत पर अलकापुरी बसाई। जब रावण विश्व विजय पर निकला तो उसने अलकापुरी को भी जीत लिया। इस कारण से तो रावण और कुबेरदेव के मध्य भयंकर युद्ध भी हुआ था। लेकिन रावण को ब्रह्माजी का वरदान प्राप्त था, जिस वजह से उसने कुबेर को हरा दिया था और बलपूर्वक ब्रह्माजी द्वारा दिया हुआ पुष्पक विमान भी कुबेर जी से छीन लिया।

**कुबेर का पिछला जन्म :** धर्म शास्त्रों के अनुसार, ऐसा कहा जाता है कि कुबेरदेव अपने पिछले जन्म में चोर थे। कहते हैं कि वह अन्य जगहों के साथ-साथ देव मंदिरों में भी चोरी किया करते थे। एक बार कुबेर जी चोरी करने के लिए शिव मंदिर में घुस गए। उस समय में मंदिरों में बहुत माल-खजाना हुआ करता था। खजाने को ढूंढने के लिए कुबेर ने मंदिर में दीपक जलाया, लेकिन तेज हवा के कारण वह दीपक बुझ गया। यह क्रम कई बार तक चलता रहा और कुबेर जी बार-बार प्रयास करते रहे। इसे देखकर भोले-भाले और औढरदानी भगवान शंकर प्रसन्न हो गए और उस बार-बार हुए क्रम को दीप आराधना समझकर अगले जन्म में कुबेर को धनपति होने का वरदान दे दिया।


**धन के स्वामी हैं कुबेरदेव :** कुबेर जी धन के स्वामी और राजाओं के अधिपति हैं। कुबेर जी को देवताओं का धनाध्यक्ष भी माना जाता है। इसीलिए इनको राजाधिराज के नाम से भी जाना जाता है। गंधमादन पर्वत पर रखी हुई संपत्ति के चौथे भाग पर इनका नियंत्रण है। उस संपत्ति से सिर्फ सोलहवां भाग ही मानवों को दिया जाता है। कुबेरदेव जी नौ-निधियों के अधिपति भी हैं। ये निधियां हैं- कच्छप, मुकुंद, कुंद, पद्म, महापद्म, शंख, मकर, वर्चस और नील। ऐसा माना जाता है कि इन निधियों में से एक निधि अनंत वैभव देने वाली है। कुबेर जी भगवान शिव के मित्र हैं। इसीलिए जो मनुष्य कुबेर की पूजा करता है, उसकी भोले नाथ आपत्तियों के समय रक्षा करते हैं। सभी पूजा-उत्सवों, यज्ञ-यागादि, और दस दिक्पालों के रूप में भी कुबेरदेव की पूजा उपासना की जाती है। कुबेरदेव उत्तराधिपति अर्थात उत्तर दिशा के अधिपति हैं।


**कुबेर देव का स्वरूप :** शास्त्रों के मुताबिक, कुबेरदेव बड़े से उदर यानी कि बड़े से पेट वाले हैं। इनका शरीर पीले रंग का है। ये मुकुट के साथ-साथ किरीट आदि जैसे आभूषण धारण करते हैं। इनके एक हाथ में गदा है और दूसरे हाथ से ये धन देने वाली मुद्रा में रहते हैं। इनकी सवारी पुष्पक विमान है। मनुष्य इनको पालकी पर बिठाते हैं और इनकी पूजा-अर्चना आदि करते हैं।

**कुबेर के अन्य नाम :** कुबेर को वैश्रवण के नाम से तो जाना ही जाता है। इसके साथ इनको एड़विड़ और एकाक्षपिंगल के नाम से भी जाना जाता है। इनकी माता का नाम इड़विड़ा था, जिस कारण इनको एड़विड़ नाम मिला। बताया जाता है कि इन्होंने माता पार्वती की ओर देख दिया था, जिससे इनकी दाहिनी ओर की आंख पीली पड़ गई थी। तब से इनका नाम एकाक्षपिंगाल भी हो गया।

**कुबेर की मायावी सभा :** महाभारत सभापर्व के दसवें अध्याय के मुताबिक, कुबेर की सभा सौ योजन लंबी और 70 योजन चौड़ी है। इसके साथ ही वह सभा मायावी भी है। इस सभा में कई सारे सोने के कक्ष बने हुए हैं। उसके खम्भे मणियों से जड़े हुए और स्वर्ण के बने हैं। इस सभा में बहुत सुंदर सिंहासन भी है। जिस पर कुबेरदेव ऋद्धि तथा अन्य सौ स्त्रियों के साथ विराजमान होते हैं। इस सभा में माता महालक्ष्मी, कई सारे ब्रह्मऋर्षि, देवर्षि और राजर्षि भी उपस्थित रहते हैं।

# किडनी स्टोन होने पर अवॉयड करें ये फूड





किडनी स्टोन होने पर खाने-पीने में खास एहतियात बरतने की जरूरत होती है। हम आपको बताने जा रहे हैं कि किडनी स्टोन होने पर क्या खाना चाहिए और क्या नहीं। बिजी लाइफस्टाइल, अनहेल्दी और जंक फूड खाने के कारण किडनी के काम करने की क्षमता प्रभावित होती है। किडनी हमारे शरीर का एक अहम अंग होता है। किडनी का काम खून को फिल्टर करना होता है। किडनी द्वारा ब्लड फिल्टरेशन के दौरान कैल्शियम, सोडियम और अन्य दूसरे मिनरल्स बारीक कणों के रूप में यूरेटर के जरिए ब्लेडर तक पहुंचते हैं। यह पेशाब के जरिए हमारे शरीर से बाहर निकल जाते हैं। लेकिन जब इन तत्वों की मात्रा ब्लड में बढ़ जाती है, तो यह तत्व किडनी में जमा होकर पत्थर के टुकड़ों जैसा आकार ले लेते हैं। जिसकी वजह से ब्लैडर तक यूरिन पहुंचने के रास्ते में रुकावट आती है और यह किडनी स्टोन यानी की गुर्दे की पथरी की समस्या होती है। किडनी स्टोन होने पर खाने-पीने में खास एहतियात बरतने की जरूरत होती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किडनी स्टोन होने पर क्या खाना चाहिए और क्या नहीं।

## किडनी स्टोन के लक्षण

**पेशाब करते समय हल्का दर्द**
**बार-बार टॉयलेट लगना**
**भूख नहीं लगना**
**पेट में तेज दर्द**
**बुखार आना**
**जी मचलाना**

## किडनी स्टोन होने पर क्या न खाए

**कोल्ड ड्रिंक और कैफीन :** आपको बता दें कि डिहाइड्रेशन की एक वजह कैफीन भी होती है। इसलिए किडनी स्टोन होने पर बहुत ज्यादा चाय और कॉफी का सेवन नहीं करना चाहिए। वहीं कोल्ड ड्रिंक भी नहीं पीना चाहिए। क्योंकि कोल्ड ड्रिंक में फॉस्फोरिक एसिड पाया जाता है। जिससे स्टोन होने का खतरा ज्यादा होता है।

**नॉनवेज :** नॉनवेज आदि में प्रोटीन की हाई मात्रा पायी जाती है। इसलिए किडनी स्टोन की समस्या होने पर व्यक्ति को नॉनवेज का सेवन कम से कम करना चाहिए और हाई प्रोटीन वाला खाना भी कम खाना चाहिए। इसका किडनी पर विपरीत असर पड़ता है। क्योंकि ज्यादा प्रोटीन के सेवन से यूरिन में सामान्य स्थिति से कहीं अधिक कैल्शियम बाहर निकल जाता है। वहीं नॉनवेज खाने से मरीज के शरीर में प्यूरीन की मात्रा बढ़ जाती है। जिससे यूनिक एसिड का लेवल भी बढ़ जाता है। वहीं स्टोन का आकार भी बड़ा होने की संभावना होती है।

**कम करें नमक का सेवन :** किडनी में स्टोन की समस्या होने पर मरीज को खाने में नमक का सेवन कम से कम करना चाहिए। बता दें कि डिब्बा बंद खाने, टमाटर के रस, चाइनीज और मैक्सिकन भोजन में नमक उच्च मात्रा में होता है ऐसे में कम नमक का सेवन करें या अनसाल्टेड खाद्य पदार्थों को खाएं।

**विटामिन-सी और ऑक्सलेट :** स्टोन की समस्या होने पर उन चीजों से परहेज करना चाहिए, जिनमें ऑक्सलेट और विटामिन-सी पाया जाता है। क्योंकि ऑक्सलेट कैल्शियम को जमा कर लेता है और यूरिन में नहीं जाने देता है। बता दें कि चॉकलेट, टमाटर, पालक और साबुत अनाज आदि में ऑक्सलेट भरपूर मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में इनको खाने से बचना चाहिए। वहीं विटामिन सी के अधिक सेवन से भी बचना चाहिए। क्योंकि आंवला, सोयाबीन, अजमोद, टमाटर के बीज, बैंगन के बीज, चौलाई, सूखे बींस, कच्चा चावल, उड़द की दाल, चीकू, कद्दू और चने का ज्यादा सेवन करने से स्टोन की समस्या बढ़ सकती है।

## किडनी स्टोन होने पर क्या खाएं

**तरल पदार्थ :** किडनी स्टोन की शिकायत होने पर मरीज को कम से कम पूरा दिन में 12 गिलास पानी पीने की कोशिश करनी चाहिए। कोशिश करें कि मरीज ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थ ले। क्योंकि स्टोन बनाने वाले केमिकल को पानी गलाने में मदद करता है।

**सिट्रस एसिड वाली चीजें :** स्वाभाविक रूप से खट्टे फल और उनका रस सिट्रस के कारण किडनी स्टोन को कम करने या रोकने में सहायता कर सकते हैं। संतरा, नींबू और अंगूर सिट्रस एक अच्छा स्त्रोत है। ऐसे में आप मौसमी का जूस, संतरे का जूस, ताजे फलों का रस और नींबू पानी आदि का सेवन कर सकते हैं।

**तुलसी का सेवन :** तुलसी कई औषधीय गुणों से भरपूर होती है। इसके अलावा तुलसी की पत्तियों में कुछ ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो यूरिक एसिड के लेवल को स्थिर करने में मदद करते हैं। जिसके कारण किडनी में स्टोन की समस्या नहीं होती है। साथ ही तुलसी की पत्तियां एसिड किडनी के स्टोन को पिघलाने और खत्म करने में भी सहायक होती हैं। किडनी के स्टोन दूर करने में प्रतिदिन एक चम्मच तुलसी का रस फायदेमंद होता है।

**विटामिन डी :** किडनी में स्टोन की समस्या होने पर मरीज को अपनी डाइट में विटामिन-डी की उच्च मात्रा वाले खाद्य पदार्थों को शामिल करना चाहिए। क्योंकि विटामिन-डी शरीर को ज्यादा कैल्शियम एब्जॉर्ब करने में सहायता करता है। इसलिए मरीज अपनी डाइट में फैटवाली मछली, सालमन, अंडे की जर्दी और पनीर आदि शामिल कर सकते हैं।

❖ अनन्या मिश्रा

# थायरॉइड को कंट्रोल करने में मददगार हैं ये सुपरफूड्स

आजकल दुनिया में थायराइड के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। ये बीमारी शरीर का वजन बढ़ने और हार्मोंस में गड़बड़ी होने की वजह से होती है। ऐसे में थायराइड के लक्षणों से बचने के लिए आप इन सुपरफूड्स का सेवन कर सकते हैं। आजकल दुनिया में थायराइड के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। ये बीमारी शरीर का वजन बढ़ने और हार्मोंस में गड़बड़ी होने की वजह से होती है। थायराइड की समस्या गर्दन के अंदर से पता चलती है। इसमें गले के अंदर कॉलरबोन में तितली के आकार की एक ग्रंथि होती है। इसे एक तरह से एंडोक्राइन ग्रंथि भी कहा जाता है। एंडोक्राइन ग्रंथि से हार्मोन्स बनते हैं। थायराइड की दिक्कत महिलाओं में सबसे ज्यादा पाई जाती है। थायरॉइड की बीमारी दो तरह की होती है- हाइपरथायरॉइडिज्म और हाइपोथायरॉइड। अक्सर लोगों को थायराइड हो जाती है और उनको पता भी नहीं चल पाता है। आइए जानते हैं थायराइड से बचने के उपाय और उसके शुरूआती लक्षण।




**ऐसे होते हैं थायराइड के लक्षण :** थायराइड में आपके हाथ पैरों का कांपना, बहुत ज्यादा पसीना आना, घबराहट और चिड़चिड़ापन, बालों का झड़ना और पतला होना, मांसपेशियों में दर्द और कमजोरी रहना, दिल की धड़कनें तेज होना, नींद में कमी आना, भूख ज्यादा लगना, वजन कम होना और महिलाओं के पीरियड्स में अनियमितता आदि जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।

## थायरॉइड में खाएं ऐसे सुपरफूड

**आंवला :** आंवला में विटामिन सी की मात्रा अधिक पाई जाती है। यह सेहत के लिए फायदेमंद होता है। इसे खाने से शरीर की इम्यूनिटी बढ़ती है। इसको खाने से बालों का झड़ना, कमजोर होना, आदि समस्याएं खत्म हो जाती हैं और बाल काले व घने होते हैं। आंवले को खाने से ब्लड सर्कुलेशन अच्छा होता है।

**नारियल :** थायरॉइड के मरीजों को नारियल का इस्तेमाल करना चाहिए। आप कच्चे नारियल और नारियल के तेल इन दोनों का उपयोग कर सकतीं हैं। थायरॉइड में नारियल बहुत फायदा करता है। नारियल से मेटाबॉलिज्म अच्छा होता है।

**डेयरी प्रोडक्ट्स :** थायराइड की बीमारी में दही, दूध, पनीर आदि के साथ दूसरे डेयरी प्रोडक्ट्स का उपयोग करना चाहिए। इन चीजों में कैल्शियम, विटामिन, मिनरल्स तथा दूसरे पोषक तत्व पाए जाते हैं।

**मुलेठी :** मुलेठी में कई सारे पोषक तत्व एक साथ पाए जाते हैं। मुलेठी थायराइड ग्रंथि को संतुलित करने में सहायता करती है। इससे थकान, कमजोरी आदि जैसी समस्याएं नहीं होती है।

**सोया :** थायराइड के मरीज के लिए सोयाबीन बहुत फायदेमंद होती है। थायराइड की बीमारी में सोयाबीन से बनी चीजें खानी चाहिए। आप खाने में सोयाबीन, टोफू और सोया मिल्क आदि चीजें बना सकते हैं। इन चीजों से हार्मोन बैलेंस रहते हैं। लेकिन सोयाबीन के साथ-साथ आयोडीन की मात्रा को भी नियंत्रित रखना चाहिए।

**आयोडीन :** थायराइड हो जाने पर आयोडीन का सेवन करना चाहिए। खाने में आयोडीन को मिला कर ही खाएं।

❖ अनन्या मिश्रा

## सूडोकु नवताल- 6859

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6858 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## दैनिक पंचांग

**21 अक्टूबर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| **सूर्य** | तुला में | **तुला** | 05.45 बजे से |
| **चंद्र** | धनु में | **वृश्चिक** | 08.04 ब.से |
| **मंगल** | तुला में | **धनु** | 10.20 बजे से |
| **बुध** | तुला में | **मकर** | 12.25 बजे से |
| **गुरु** | मेष में | **कुंभ** | 14.11 बजे से |
| **शुक्र** | सिंह में | **मीन** | 15.44 बजे से |
| **शनि** | कुंभ में | **मेष** | 17.15 बजे से |
| **राहु** | मेष में | **वृष** | 18.55 बजे से |
| **केतु** | तुला में | **मिथुन** | 20.53 बजे से |
| **राहुकाल** 9.00 से 10.30 बजे तक | | **कर्क** | 23.06 बजे से |
| | | **सिंह** | 01.22 बजे से |
| | | **कन्या** | 03.34 बजे से |

**शनिवार** 2023 वर्ष का 294 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** आश्विन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** सप्तमी 21.54 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाषाढ़। 19.54 बजे को समाप्त। **योग** सुकर्मा 00.36 बजे रात्र को समाप्त। **करण** गर 10.43 बजे तदनन्तर वणिज 21.54 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 06.3 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 10° 31' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871773 **जूलियन दिन** 2460238.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 05 **विशेष** सरस्वती पूजा, नवपत्रिका पूजा।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| **काल** | 05.55 से 07.23 बजे तक | **लाभ** | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| **शुभ** | 07.23 से 08.51 बजे तक | **उद्वेग** | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| **रोग** | 08.51 से 10.19 बजे तक | **शुभ** | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| **उद्वेग** | 10.19 से 11.46 बजे तक | **अमृत** | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| **चर** | 11.46 से 01.14 बजे तक | **चर** | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| **लाभ** | 01.14 से 02.42 बजे तक | **रोग** | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| **अमृत** | 02.42 से 04.10 बजे तक | **काल** | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| **काल** | 04.10 से 05.37 बजे तक | **लाभ** | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7921

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | ■ | | ■ | | ■ | 7 | 8 |
| | ■ | 9 | | 10 | | ■ | ■ | |
| 11 | | | ■ | | ■ | 12 | | |
| ■ | ■ | 13 | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| 15 | | | ■ | 16 | ■ | 17 | | 18 |
| | ■ | ■ | 19 | | 20 | | ■ | |
| 21 | 22 | ■ | | ■ | | ■ | 23 | |
| ■ | 24 | | | ■ | 25 | | | |

**बाएँ से दाएँ**
1. रमण योग्य-4
4. साल, वर्ष-3
6. बांया-2
7. राय, वोट-2
9. तकरार, कहासुनी-4
11. अंधकार, अंधेरा-3
12. सरल, आसान-3
13. चील, ईगल-2
14. देवदास की प्रेमिका-2
15. सूली, क्रूस-3
17. कारण-3
19. मन को हरने वाला-4
21. कार्य, काज-2
23. बाण, तीर-2
24. दबाना, कुचलना-3
25. हाथी चलाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1. परंपरा, रीति-रिवाज-4
2. संस्कृत में 'मेरा'-2
3. भरोसा, विश्वास-3
4. दीदी, भगिनी-3
5. समान, एक जैसा-2
8. अंधेरा, अंधकार-3
9. बोरिया बिस्तर-4
10. रिहा-2
12. तालाब, जलाशय-4
15. तमीज, शिष्टता-3
16. मछली, एक राशि-2
18. ज्वरताप-4
19. चिंतन, विचार-3
20. रनिवास (उर्दू-3)
22. नशा, अभिमान-2
23. पार्थिव देह, लाश-2

### शब्द पहेली -7920 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गी | ला | ■ | गा | य | क | ■ | दी | प |
| ति | ■ | बा | ल | ■ | चा | बी | ■ | व |
| का | ज | ल | ■ | भा | ■ | ना | खू | न |
| ■ | ल | ■ | बा | व | न | ■ | न | ■ |
| स | म | त | ल | ■ | ख | ट | ख | ट |
| ■ | ह | ■ | क | रा | रा | ■ | रा | ■ |
| प | ल | क | ■ | वी | ■ | शा | बा | श |
| र | ■ | ला | ल | ■ | आ | प | ■ | ह |
| ख | त | ■ | ता | जु | ब | ■ | ती | र |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

**वृष राशि :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा।

**मिथुन राशि :** शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्क राशि :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**सिंह राशि :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कन्या राशि :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**तुला राशि :** नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें।

**वृश्चिक राशि :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है।

**धनु राशि :** कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मकर राशि :** बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे, साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा।

**कुंभ राशि :** सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**मीन राशि :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन है। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी।




## गागर में सागर

### राष्ट्रपति मुर्मू को पटना एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दी विदाई



**पटना (बिहार)।** बिहार में तीन दिवसीय दौरे पर आईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने दौरे का समापन शुक्रवार को गया से करेंगी। वे शुक्रवार सुबह पटना से गया के लिए रवाना हुईं। उन्हें पटना एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंटकर और शॉल ओढ़ाकर विदाई दी। एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री के साथ मंत्री विजय चौधरी, मेयर सीता साहू सहित कई वरिष्ठ अधिकारी एवं नेता उपस्थित रहे। गया में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होना है। इसके बाद उनका बिहार दौरा समाप्त होगा और वह गया से ही दिल्ली के लिए रवाना हो जायेंगी। अपने तीन दिवसीय दौरे में राष्ट्रपति ने बिहार के चौथे कृषि रोड मैप का उद्घाटन किया। पटना साहिब गुरुद्वारा में मत्था टेका। इसके अलावा मोतिहारी में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय और पटना एम्स के दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं।

### जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में कार खाई में गिरी, 3 की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी किश्तवाड़ जिले में शुक्रवार को एक कार दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि किश्तवाड़ के कांडनी इलाके में शुक्रवार दोपहर एक कार ड्राइवर के नियंत्रण से बाहर हो गई और खाई में गिर गई। पुलिस ने कहा, इस दुर्घटना में दुर्भाग्यपूर्ण कार में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। इस घटना में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। किश्तवाड़ और डोडा के पहाड़ी जिले सड़क दुर्घटनाओं के लिए कुख्यात हैं। यातायात विभाग के अधिकारियों का कहना है कि ये दुर्घटनाएं लापरवाही से वाहन चलाने के कारण होती हैं, जबकि लोगों का मानना है कि यातायात विभाग की निगरानी में कमी ऐसे हादसों के लिए जिम्मेदार है।

### चंद्रबाबू नायडू की जमानत याचिका पर सुनवाई 9 नवंबर तक टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को फाइबरनेट घोटाला मामले में एन. चंद्रबाबू नायडू की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई 9 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी। यह याचिका आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा उन्हें अग्रिम जमानत देने से इनकार करने के आदेश के खिलाफ दायर की गई थी। जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी की पीठ इस मामले की सुनवाई की। इस सप्ताह की शुरूआत में, पीठ ने कौशल विकास घोटाला मामले के संबंध में एफआईआर को रद्द करने की मांग करने वाली नायडू की एक अन्य याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# भविष्य के भारत की झलक है 'नमो भारत ट्रेन' : प्रधानमंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि नमो भारत ट्रेन भविष्य के भारत की झलक है। इसमें आधुनिकता भी है और स्पीड भी है। ये ट्रेन नए भारत की नई यात्रा और उसके नए संकल्पों को परिभाषित कर रही है। उन्होंने जनता से नई ट्रेनों का ध्यान रखने का आग्रह किया। पीएम ने उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद के साहिबाबाद रैपिडएक्स स्टेशन पर दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के प्राथमिकता वाले खंड का उद्घाटन किया। उन्होंने भारत में क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) के शुभारंभ का प्रतीक, साहिबाबाद को दुहाई डिपो से जोड़ने वाली नमो भारत रैपिडएक्स ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई। मोदी ने बेंगलुरु मेट्रो के पूर्व-पश्चिम गलियारे के दो खंड राष्ट्र को समर्पित किए। प्रधानमंत्री ने क्षेत्रीय रैपिड ट्रेन नमो भारत में यात्रा भी की। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज संपूर्ण देश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि भारत की पहली रैपिड रेल सेवा, नमो भारत ट्रेन लोगों को समर्पित की जा रही है। उन्होंने चार साल पहले दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर की आधारशिला रखने को याद किया और आज साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक इसके संचालन को चिह्नित किया। उन्होंने उन परियोजनाओं का उद्घाटन करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई जिनकी आधारशिला रखी गई है और विश्वास व्यक्त किया कि वह डेढ़ साल बाद आरआरटीएस के मेरठ खंड के पूरा होने का उद्घाटन करने के लिए उपस्थित होंगे। प्रधानमंत्री ने नवरात्रि के अवसर का



जिक्र करते हुए कहा, नमो भारत देश में सशक्त महिला शक्ति का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने अपना विश्वास दोहराया कि भारत का विकास राज्यों के विकास में निहित है। उन्होंने कहा कि मेट्रो के दो हिस्से बेंगलुरु के आईटी हब में कनेक्टिविटी को और मजबूत करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन करीब 8 लाख यात्री मेट्रो से यात्रा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, "21वीं सदी का भारत हर क्षेत्र में प्रगति और विकास की अपनी गाथा लिख रहा है।" उन्होंने चंद्रयान 3 की हालिया सफलता का उल्लेख किया और जी20 के सफल आयोजन का भी जिक्र किया जिसने भारत को पूरी दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र बना दिया है। उन्होंने एशियाई खेलों में सौ से अधिक पदक जीतने के रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन, भारत में 5जी के लॉन्च और विस्तार और रिकॉर्ड संख्या में डिजिटल लेनदेन का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत में निर्मित टीकों का भी उल्लेख किया जो दुनिया के करोड़ों लोगों के लिए जीवनरक्षक साबित हुए। विनिर्माण क्षेत्र में भारत की वृद्धि का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने भारत में मोबाइल फोन, टीवी, लैपटॉप और कंप्यूटर के लिए विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों की उत्सुकता के बारे में बात की। उन्होंने लड़ाकू विमानों और विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत सहित रक्षा विनिर्माण पर भी बात की। मोदी ने कहा कि नमो भारत ट्रेन भी मेड इन इंडिया है। प्लेटफार्मों पर लगाए गए स्क्रीन दरवाजे भी भारत में बने हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि नमो भारत ट्रेन में शोर का स्तर हेलीकॉप्टर और हवाई जहाज की तुलना में कम है।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि नमो भारत भविष्य के भारत की एक झलक है और बढ़ती आर्थिक ताकत के साथ राष्ट्र के परिवर्तन का उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली-मेरठ का यह 80 किलोमीटर का हिस्सा सिर्फ शुरूआत है क्योंकि पहले चरण में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के कई इलाके नमो भारत ट्रेन से जुड़ेंगे। मोदी ने बताया कि आने वाले दिनों में देश के अन्य हिस्सों में भी कनेक्टिविटी सुधारने और रोजगार के नए रास्ते बनाने के लिए इसी तरह की व्यवस्था बनाई जाएगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मौजूदा सदी का ये तीसरा दशक भारतीय रेलवे के बदलाव का दशक है। मोदी ने कहा, मुझे छोटे-छोटे सपने देखने और धीरे-धीरे चलने की आदत नहीं है। मैं आज की युवा पीढ़ी को गारंटी देना चाहता हूं कि इस दशक के अंत तक आपको भारतीय ट्रेनें दुनिया में किसी से कम नहीं मिलेंगी। उन्होंने कहा, अमृत भारत, वंदे भारत और नमो भारत की त्रिमूर्ति इस दशक के अंत तक आधुनिक रेलवे का प्रतीक बन जाएगी। मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी की सोच को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली के सराय काले खां, आनंद विहार, गाजियाबाद और मेरठ बस स्टेशनों, मेट्रो स्टेशनों और रेलवे स्टेशनों को नमो भारत प्रणाली से जोड़ा जा रहा है। दिल्ली में मेट्रो नेटवर्क के विस्तार की तुलना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ, मेरठ, आगरा और कानपुर जैसे शहर भी इसी रास्ते पर चल रहे हैं। कर्नाटक में भी बेंगलुरु और मैसुरु में मेट्रो का विस्तार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने 2040 तक का रोडमैप तैयार किया है, जिसमें मानवयुक्त अंतरिक्ष यात्राओं के लिए गगनयान और भारत का अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करना शामिल है। प्रधानमंत्री ने शहरी प्रदूषण को कम करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे देश में इलेक्ट्रिक बसों का नेटवर्क बढ़ रहा है। केंद्र सरकार ने राज्यों को 10,000 इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध कराने की योजना शुरू की है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार दिल्ली में 600 करोड़ रुपये की लागत से 1300 से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसें चलाने की तैयारी कर रही है। इनमें से 850 से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसें दिल्ली में चलनी शुरू भी हो चुकी हैं। इसी तरह बेंगलुरु में भी 1200 से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसें चलाने के लिए भारत सरकार 500 करोड़ रुपये की मदद दे रही है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार हर शहर में आधुनिक और हरित सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने की कोशिश कर रही है, चाहे वह दिल्ली हो, यूपी हो या कर्नाटक हो। मेरठ-गाजियाबाद क्षेत्र के किसानों के बारे में उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 के केवल 10 महीनों में इथेनॉल के लिए 300 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया है।

## आईआईएम कैट का एडमिट कार्ड अब सात नवंबर को जारी होगा

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

आईआईएम (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट) कामन एडमिशन टेस्ट (कैट) का एडमिट कार्ड जो 25 अक्टूबर को जारी होने वाला था, अब 7 नवंबर, 2023 को जारी होगा। इसकी परीक्षा 26 नवंबर को आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड साथ लेकर परीक्षा केन्द्र पर जाना होगा। आधिकारिक वेबसाइट पर एक नोटिस में लिखा है कि कैट 2023 परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड 07 नवंबर को लाइव किया जाएगा। एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए लॉग-इन करने के लिए उम्मीदवारों को अपनी यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग करना होगा।

**कैट का एडमिट कार्ड 2023 इस तरह करें डाउनलोड**

- आधिकारिक वेबसाइट - आईआईएम कैट डॉट एसी इन पर जाएं।
- होम पेज पर उपलब्ध आईआईएम कैट 2023 एडमिट कार्ड लिंक पर क्लिक करें।
- अपना लॉगिन विवरण दर्ज करके सबमिट पर क्लिक करें।
- आपका एडमिट कार्ड स्क्रीन पर खुलकर आ जाएगा।
- एडमिट कार्ड को चेक करें और पेज डाउनलोड करें।
- भविष्य के लिए इसकी एक हार्ड कॉपी अपने पास रखें।

## बहुपक्षीय संस्थाओं के निर्देशों को हल्के में नहीं ले सकते : सीतारमण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद या डब्ल्यूटीओ जैसी बहुपक्षीय संस्थाओं की प्रभावशीलता कम होने के कारण उनके निर्देशों को हल्के में लेने की जरूरत नहीं है। कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव 2023 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए, सीतारमण ने कहा, वैश्विक स्तर पर, हमें यह कहने में अब संकोच करने की आवश्यकता नहीं है कि बहुपक्षीय संस्थान, न केवल बैंक, बल्कि संयुक्त राष्ट्र, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, या कोई अन्य संगठन, जहां से इन्हें बनाया गया था, वहां से कम प्रभावी हैं। इनके हस्तक्षेप की प्रभावशीलता का स्तर, जो इन्हें वैश्विक परिदृश्य में लाना था, आज एक आदर्श स्थिति से भी कम पर है। क्योंकि ये कम प्रभावी हो गए हैं, क्या हमने जो मान लिया था, उसे अब हल्के में नहीं लिया जा सकता। वित्त मंत्री ने कहा, हमने सोचा कि अगर कहीं कोई व्यवधान होता है, तो डब्ल्यूटीओ भूमिका में आएगा, अगर कोई बड़ी महामारी होती है, तो डब्ल्यूएचओ भूमिका में आएगा। इसी तरह, विकास के विभिन्न स्तरों पर विभिन्न देशों के विकास के एजेंडे में, समय पर काम किया जाएगा और समय-समय पर हस्तक्षेप, जिसके साथ आप समावेशिता की भावना के साथ कुछ बदलाव देखेंगे, ताकि कम विकसित देश अपनी आकांक्षाओं को प्राप्त कर सकें, लेकिन हम इन सभी संस्थानों में इसे कम प्रभावी पाते हैं। वित्तीय मोर्चे पर, सीतारमण ने कहा कि सरकार अपने कर्ज की स्थिति को लेकर सचेत है।

# 10 हजार से कम के कर्ज में 37 प्रतिशत की बढ़त

### 10,000 से 50,000 रुपये वाले कर्ज में 48 प्रतिशत तक की वृद्धि

### कम अवधि के छोटे कर्ज में तेज वृद्धि, कर्ज.लौटा नहीं पा रहे

**आरएनएम। नई दिल्ली**

कोरोना के बाद जब स्थिति सामान्य हुई तो मिडिल क्लास में विशेषकर कर लोअर मिडिल क्लास ने अपना घर खर्च चलाने के लिए छोटा रोजगार शुरू करने हेतु कर्ज लिया। हालत खराब होने के चलते तमाम लोगों ने रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने के लिए छोटे कर्ज लेने शुरू किये। जिसके कारण 10,000 से 50,000 रुपये तक के पर्सनल लोन में 48 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। वह भी तब, जब बैंकों की कुल उधारी 15 प्रतिशत से कम है। इन छोटे कर्जों के डूबने का जोखिम ज्यादा है, जिसे लेकर आरबीआई ने बैंकों को चेतावनी भी दी है। कम आय वाले ग्राहक छोटे कर्ज ज्यादा ले रहे हैं। इन कर्जों की अवधि तीन से चार महीने की होती है। ऐसे में आरबीआई ने उधारी में वृद्धि के बाद कर्जदाताओं से छोटे पर्सनल लोन पर सख्ती बरतने की सलाह दी है। केंद्रीय बैंक की चेतावनी के बाद जोखिम से बचने के लिए बैंक और वित्तीय संस्थान कड़े कदम उठा रहे हैं। इससे कर्ज वसूली की रफ्तार तेज हुई है। बैंकिंग क्षेत्र में बुरे फंसे कर्ज यानी एनपीए एक दशक के निचले स्तर पर आ गया है। आरबीआई का अनुमान है कि मार्च, 2024 तक बैंकों का एनपीए 3.6 प्रतिशत रह सकता है।

**6 गुना तक बढ़ गया 50,000 रुपये से कम कर्ज का एनपीए**

जून 2023 तक 50,000 रुपये से कम के कर्ज का एनपीए 8.1 प्रतिशत था। यह मार्च 2023 तक सभी खुदरा ऋणों के 1.4 प्रतिशत एनपीए का करीब 6 गुना है। 2022-23 में 10,000 रुपये से कम के कर्ज में 37 प्रतिशत की बढ़त आई है, जबकि 10,000 से 50,000 रुपये वाले कर्ज में 48 प्रतिशत तक की वृद्धि दिखी है। वॉल्यूम के आधार पर पिछले 12 महीनों में 10,000 रुपये से कम के 38 प्रतिशत कर्ज के मामले देश के शीर्ष 100 शहरों के बाहर थे। बजाज फाइनेंस के सीईओ राजीव जैन ने वित्तीय परिणाम जारी होने के बाद कहा कि छोटे कर्ज जो कम अवधि के हैं, उनमें काफी तेज वृद्धि देखने को मिल रही है। डिजिटल ऋणदाताओं सहित गैर-बैंक वित्तीय कंपनियां ज्यादा कर्ज दे रही हैं। हालांकि, इसका असर बैंकों पर भी हो सकता है, क्योंकि एनबीएफसी को बैंक ही कर्ज देते हैं। कुछ ऐसे मामले भी हैं, जहां तेजी से वसूली के प्रयास हो रहे हैं। उदाहरण के तौर पर मुंबई के इस्माइल सैयद ने मोबाइल खरीदने के लिए 5,000 रुपये का पर्सनल लोन लिया था। वह कर्ज वापस नहीं कर पाए। इसके बाद तीन एजेंट उनके घर पहुंच गए। सैय्यद ने कहा, इतने छोटे कर्ज के लिए तीन-तीन एजेंटों का घर पर धमकना आश्चर्यजनक है। मुंबई के पराग कदम अपने खर्चों को पूरा करने के लिए बार-बार 10,000 रुपये से कम का कर्ज लेते हैं। कभी-कभी वह इस कर्ज को पूरा करने के लिए नया कर्ज लेते हैं।

## दलाई लामा का सिक्किम, बायलाकुप्पे और हुनसूर का दौरा रद्द

**बायलाकुप्पे धर्मशाला।** दलाई लामा की स्वास्थ्य समस्या को देखते हुए उनके कार्यालय ने शुक्रवार को दिसंबर के मध्य तक सिक्किम, बायलाकुप्पे और हुनसूर की उनकी नियोजित यात्रा रद्द करने की घोषणा की। हालांकि, उनका बोधगया दौरा रद्द नहीं किया गया है। कार्यालय के एक बयान में कहा गया है कि दलाई लामा को हाल ही में हुए फ्लू के मद्देनजर, उनके निजी चिकित्सकों ने यात्रा न करने की सलाह दी है। इसमें कहा गया है, इसलिए, हमने सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद, नवंबर में सिक्किम का दौरा नहीं करने और नवंबर के दूसरे भाग से दिसंबर 2023 के मध्य में होने वाली दक्षिण भारत (बायलाकुप्पे और हुनसूर) यात्रा को भी रद्द करने का निर्णय लिया है। हालांकि, इसमें कहा गया है, दिसंबर के दूसरे भाग में शुरू होने वाली बोधगया यात्रा की योजना में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

## FILMY हलचल

### थलापति विजय की फिल्म 'लियो' का बॉक्स ऑफिस पर धमाल

**लोकेश** कंकराज द्वारा निर्देशित लोकप्रिय और बहुप्रतीक्षित फिल्म 'लियो' 19 अक्टूबर को स्क्रीन पर आ गई है। फिल्म को दर्शकों से मिलीजुली प्रतिक्रिया मिल रही है। थलापति विजय की यह फिल्म कुछ दर्शकों को फीकी लगी तो कुछ को पसंद आई। अब पहले दिन बॉक्स ऑफिस की कमाई सामने आ गयी है। फिल्म 'लियो' ने बॉक्स ऑफिस पर बंपर कमाई की है। सैकनिल्क द्वारा दी गई एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने पहले दिन 63 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। फिल्म के तमिल वर्जन ने 30 करोड़ रुपये की कमाई की है। फिल्म ने केरल में 11 करोड़ रुपये, कन्नड़ में 14 करोड़ रुपये, आंध्र और तेलंगाना में 15 करोड़ रुपये कमाए। वर्ल्डवाइड कमाई की बात करें तो फिल्म ने 140 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म लियो की कमाई बॉलीवुड फिल्मों से भी कम है। अभिनेता शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' ने पहले दिन 75 करोड़ रुपये की कमाई की।



### नवरात्रि में कन्या पूजन और रात्रि कीर्तन की यादें मुझे खुशी से भर देती हैं : आरती सिंह

**'मायका'**, 'उतरन', 'ससुराल सिमर का' और नवीनतम पेशकश 'श्रावणी' जैसे शो में काम करने वाली अभिनेत्री आरती सिंह ने नवरात्रि परंपराओं के बारे में खुलकर बात की। अभिनेत्री ने नवरात्रि पर होने वाले कन्या पूजन और रात्रि कीर्तन के बारे में बात की। आरती ने तीन साल के अंतराल के बाद टीवी में वापसी की है। आरती ने 'श्रावणी' में नकारात्मक भूमिका निभाने के लिए कदम रखा है। इसमें वह चंद्रा ताईजी की भूमिका निभा रही हैं, जो हमेशा 'श्रावणी' के खिलाफ साजिश रचती रहती हैं। इसके विपरीत आरती वास्तविक जीवन में अपने मीठे और चुलबुले स्वभाव के लिए जानी जाती हैं। उत्सव के बारे में बात करते हुए आरती ने कहा, "नवरात्रि के पवित्र दिनों के दौरान मैं और मेरा परिवार पूरे दिल से हमारे रीति-रिवाजों को अपनाते हैं। हम देवी माता मंदिर जाने और नौ दिन का व्रत रखने का निश्चय करते हैं, जैसा कि हम बचपन से करते आ रहे हैं।"

### पहली बार इंडिया फिल्म प्रोजेक्ट में एक साथ स्टेज पर आएंगे ऋचा चड्ढा और अली फजल

**एक्टर** कपल ऋचा चड्ढा और अली फजल वीकेंड के दौरान मुंबई में अपकमिंग इंडिया फिल्म प्रोजेक्ट में पहली बार एक कपल के रूप में लाइव दर्शकों के सामने स्टेज शेयर करने के लिए तैयार हैं। अली और ऋचा दोनों ने हाल ही में 'फुकरे 3' के 100 करोड़ रुपये के क्लब में एंट्री करने और अली की स्ट्रीमिंग रिलीज 'खुफिया' को दर्शकों से मिल रहे पॉजिटिव रिस्पांस का जश्न मनाया।दो दिन के लिए आयोजित यह इवेंट आर्ट्स एंड कल्चर में क्रिएटिविटी के लिए एक स्टेज के रूप में काम करता है। अपना एक्साइटमेंट जाहिर करते हुए, ऋचा ने कहा, "अली और मेरे लिए इंडिया फिल्म प्रोजेक्ट जैसे पब्लिक प्लेटफॉर्म पर एक साथ आना एक अनूठा अवसर है। हम पुशिंग बटन स्टूडियो में अभिनेता और सहयोगी दोनों के रूप में अपने अनुभव साझा करने के लिए रोमांचित हैं। मुझे यह देखना हमेशा अच्छा लगता है जब दो कलाकार इस अनूठे मंच पर सहयोग करते हैं। अली और मैं हमेशा एक-दूसरे के सहायक रहे हैं और यह स्टेज दर्शकों और एक-दूसरे के साथ बातचीत करने का एक अनूठा तरीका है।" ऋचा और अली प्रोडक्शन हाउस पुशिंग बटन स्टूडियो के संस्थापक हैं। उनकी बातचीत उनके करियर के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा करेगी, जिसमें उनके प्रोडक्शन वेंचर के भीतर उनके सहयोग से लेकर उनकी व्यक्तिगत यात्रा तक, एक ही इंडस्ट्री में जीवन साथी और पेशेवर दोनों होने की जटिलताओं को समझना शामिल है। अली फजल ने कहा, "यह कलाकारों पर बातचीत की शुरूआत है।



## उपलब्धि — नौसेना को मिला स्वदेशी गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर जंगी जहाज 'इंफाल'


# भारत की समुद्री ताकत में होगा इजाफा

### नौसैनिक बेड़े में होगा शामिल

### इसी साल अप्रैल में समुद्री परीक्षण के लिए रवाना किया गया था युद्धपोत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना को आज मुंबई के मझगांव शिपबिल्डर्स से पी-15बी क्लास स्टील्थ गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर का तीसरा युद्धपोत इंफाल मिल गया। यह नौसेना के लिए बनाए जा रहे 4 जहाजों में से तीसरा है, जिसे जल्द ही नौसैनिक बेड़े में शामिल करने से भारत की समुद्री ताकत बढ़ेगी। प्रोजेक्ट 15बी के तहत तैयार किया गया तीसरा जंगी जहाज इंफाल पहली बार इसी साल अप्रैल में समुद्री परीक्षण के लिए रवाना किया गया था।



विशाखापत्तनम श्रेणी के स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक के तीसरे जहाज आईएनएस इंफाल का निर्माण मझगांव डॉक लिमिटेड (एमडीएल) में किया गया है। जहाज के निर्माण की आधारशिला 19 मई 2017 को रखी गई थी और इसे 20 अप्रैल 2019 को मुंबई के मझगांव डॉक लिमिटेड में लॉन्च किया गया था। इस जहाज का नाम द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इंफाल की लड़ाई लड़ने वाले भारतीय सैनिकों की मान्यता में रखा गया है। यह भारतीय नौसेना का पहला जहाज है, जिसका नाम पूर्वोत्तर भारत के एक शहर के नाम पर रखा गया है।

भारतीय नौसेना के प्रोजेक्ट 15बी श्रेणी के तहत तैयार किया गया और राडार से बचने में सक्षम तीसरा स्वदेशी विध्वंसक युद्धपोत इंफाल इसी साल 28 अप्रैल को परीक्षण के लिए पहली बार समुद्र में रवाना किया गया। युद्धपोत इंफाल को कई विशिष्ट तकनीकों तथा उच्च स्वदेशी सामग्री से लैस किया गया है। इसे नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने इन-हाउस डिजाइन किया है। इंफाल को अब तक का सबसे बड़ा और सबसे उन्नत विध्वंसक युद्धपोत होने का अनूठा गौरव प्राप्त होगा। युद्धपोत इंफाल राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से उत्तर-पूर्वी क्षेत्र और मणिपुर राज्य के लिए महत्वपूर्ण होगा। नौसेना के मुताबिक इस जहाज को मौजूदा वर्ष के अंत तक बेड़े में शामिल करने की योजना है। इंफाल भारतीय नौसेना की लड़ाकू क्षमताओं में महत्वपूर्ण माध्यम से वृद्धि करेगा।

इसके पहले आईएनएस मोरमुगाओ को दिसंबर 2022 में तथा प्रोजेक्ट-75 की पनडुब्बी आईएनएस वगीर को जनवरी 2023 में कमीशनिंग किया गया है। इंफाल के समुद्री परीक्षणों की शुरूआत सशक्त, आधुनिक एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में मझगांव डॉक लिमिटेड के निरंतर योगदान में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर रही है।


## गागर में सागर

### वित्त मंत्रालय सरकारी कर्ज में कटौती के तरीकों पर कर रहा विचार : सीतारमण



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि उनका मंत्रालय सरकारी कर्ज के समग्र स्तर को कम करने के तरीकों पर विचार कर रहा है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को इसका बोझ न उठाना पड़े। कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन में वित्त मंत्री ने कहा, हम आज भारत सरकार के कर्ज के प्रति सचेत हैं। कई अन्य देशों की तुलना में यह उतना अधिक नहीं हो सकता है। लेकिन वहां भी, हम सचेत रूप से दुनिया के विभिन्न हिस्सों में प्रयोगों पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम उन तरीकों पर विचार कर रहे हैं, जिनसे हम समग्र ऋण को कम कर सकते हैं और मुझे यकीन है कि इसमें बहुत सफल होने जा रहा हूं, क्योंकि मैं भारत की आकांक्षात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए काफी हद तक तैयार हूं। वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि क्रिप्टोकरेंसी विनियमन के लिए एक प्रणाली स्थापित करने पर वैश्विक सहमति बनी है। उन्होंने जी20 बैठक के दौरान इस मुद्दे को सामने लाने में भारत की भूमिका पर प्रकाश डाला। सीतारमण ने कहा, क्रिप्टो वह मुद्दा था, जिसे हम भारत की अध्यक्षता में जी20 बैठक में लाने में सक्षम हुए और सभी देशों को आम सहमति पर लाया। सभी जी20 देश एक टेम्पलेट पर सहमत हुए और वे उस टेम्पलेट के आधार पर विनियमन लाएंगे।

### ब्याज दरें ऊंची बनी रहेंगी : आरबीआई प्रमुख



**नई दिल्ली।** आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक को ग्रोथ को बढ़ावा देने और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के बीच एक नाजुक संतुलन बनाए रखने की चुनौती का सामना करना पड़ता है। दोनों के बीच टकराव की हमेशा संभावना रहती है। दास ने कहा कि आरबीआई ने 2023 में अब तक प्रमुख नीतिगत दरों में कोई परिवर्तन नहीं किया है और 200 आधार अंकों की बढ़ोतरी अभी भी काम कर रही है। कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव 2023 को संबोधित करते हुए दास ने कहा, मुझे लगता है कि ब्याज दरें ऊंची बनी रहेंगी। वे कब तक ऊंची रहेंगी, समय ही बता सकता है। उन्होंने कहा कि आरबीआई मुद्रास्फीति पर कड़ी नजर रख रहा है। उन्होंने कहा, हम मुद्रास्फीति पर अतिरिक्त सतर्क रहते हैं क्योंकि खाद्य मुद्रास्फीति पर दृष्टिकोण अनिश्चितताओं से घिरा हुआ है। दास ने कहा कि मैक्रो स्ट्रेस परीक्षणों से पता चलता है कि भारत के बैंक गंभीर परिस्थितियों में भी नियामक सीमा स्तरों का अनुपालन करने में सक्षम होंगे। हालांकि, उन्होंने भविष्य के संकटों को रोकने के लिए अच्छे समय के दौरान कमजोरियों की पहचान करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, एनबीएफसी (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों) को सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि वित्तीय बाजार छोटी सी जानकारी के प्रति भी अत्यधिक संवेदनशील हो गए हैं। नीतिगत बदलावों और आर्थिक आंकड़ों पर वित्तीय बाजारों की प्रतिक्रिया नीति-निर्माण का एक महत्वपूर्ण पहलू बन गई है। दास ने कहा कि इसके चलते आरबीआई समेत केंद्रीय बैंकों पर वित्तीय स्थिरता बनाए रखने की बड़ी जिम्मेदारी है।

### एक्स जल्द ही दो नए प्रीमियम टियर लॉन्च करेगा : एलोन मस्क

**नई दिल्ली।** एलन मस्क ने शुक्रवार को कहा कि एक्स जल्द ही दो नए पेड प्रीमियम टियर लॉन्च करेगा और विज्ञापनों के साथ उस टियर की कीमत मौजूदा 8 डॉलर प्रति माह से कम होगी। अरबपति ने कहा, दूसरा टियर अधिक महंगा होगा जो सभी विज्ञापनों को हटा देगा। एक्स मालिक ने पोस्ट किया, "एक्स प्रीमियम सब्सक्रिप्शन के दो नए टियर जल्द ही लॉन्च होंगे। एक तो सभी फीचर्स के साथ कम लागत, लेकिन विज्ञापनों में कोई कमी नहीं, और दूसरा अधिक महंगा, लेकिन कोई विज्ञापन नहीं। एक फॉलोअर ने प्रतिक्रिया व्यक्त की, कि इसके बजाय इसे ज्यादा मोनेटाइजेशन पेआउट सिस्टम पर काम करना चाहिए। मस्क के फॉलोअर ने एक्स पर पोस्ट किया, ₹ऐसा लगता है कि कुछ अकाउंट को दूसरों की तुलना में असंगत रूप से अधिक पसंद किया जाता है, जिनके पास बेहतर जुड़ाव और विचार हो सकते हैं। पहले की रिपोर्टों में कहा गया था कि एक्स ज्यादा पैसा कमाने और 2024 तक लाभदायक बनने के लिए अपने प्रीमियम पेड सब्सक्रिप्शन सर्विस को तीन मेंबरशिप टीयर में विभाजित करने की योजना बना रहा है। रिपोर्टों के अनुसार, एक्स मौजूदा 8 डॉलर प्रीमियम सब्सक्रिप्शन को विभिन्न मूल्य बिंदुओं पर तीन अलग-अलग योजनाओं : बेसिक, स्टैंडर्ड और प्लस में विभाजित करेगा। एंट्री-लेवल बेसिक प्लान उपयोगकर्ताओं द्वारा प्लेटफॉर्म पर देखे जाने वाले विज्ञापनों की संख्या को कम नहीं करेगा।

### त्योहारी सीजन में आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतें स्थिर रहेंगी

**नई दिल्ल।** खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव श्री संजीव चोपड़ा ने शुक्रवार को संवाददाताओं बातचीत में कहा कि त्योहारों के सीजन में आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतें स्थिर बनी रहेंगी, क्योंकि सरकार द्वारा मूल्य को स्थिर रखने के लिए अनेक कदम उठाए गये हैं। चीनी भारत सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए पूरे वर्ष उचित मूल्य पर चीनी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अगले आदेश तक चीनी निर्यात पर प्रतिबंध जारी रखा है। सरकार के इस कदम से देश में चीनी का पर्याप्त स्टॉक भी सुनिश्चित होगा और पेट्रोल के साथ एथनॉल मिश्रण (ईबीपी) कार्यक्रम के अंतर्गत हरित ईंधन की दिशा में भारत के प्रयासों में निरंतरता बनी रहेगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय की विगत 18 अक्टूबर, 2023 की अधिसूचना संख्या 36/2023 के अंतर्गत भारत सरकार ने एचएस कोड 17011490 तथा 17019990 के अंतर्गत चीनी (कच्ची चीनी, सफेद चीनी, परिष्कृत चीनी और जैविक चीनी) के निर्यात पर प्रतिबंध की तिथि 31 अक्टूबर, 2023 से अगले आदेश तक बढ़ा दी है। सरकार ने इस नीति के साथ 140 करोड़ घरेलू उपभोक्ताओं के हितों को प्राथमिकता देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उपभोक्ताओं को चीनी की उपलब्धता में किसी तरह की बाधा न हो। यह महत्त्वपूर्ण है कि भारत में अंतरराष्ट्रीय चीनी का मूल्य 12 वर्ष की ऊंचाई पर होने के बावजूद भारत में चीनी विश्व में सबसे सस्ती है और देश में खुदरा चीनी की कीमतों में केवल मामूली बढ़ोत्तरी हुई है।

### वेदांता चेयरमैन को भरोसा, डिफेंस में भारत बनेगा आत्मनिर्भर

# दुनिया की टॉप-3 ताकतों में होगी एंट्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बीते कुछ सालों में भारत एक मजबूत आर्थिक ताकत बनकर उभरा है। अर्थव्यवस्था की ताकत बढ़ने के साथ-साथ रक्षा से लेकर सुरक्षा तक देश की स्थिति मजबूत हो रही है। हालांकि अभी भी देश को रक्षा जरूरतों की पूर्ति के लिए बड़े हद तक अन्य देशों से आयात पर निर्भर रहना पड़ता है। वेदांता चेयरमैन अनिल अग्रवाल का मानना है कि जल्दी ही स्थिति बदल सकती है और भारत रक्षा के मामले में आत्मनिर्भर बन सकता है। साथ ही उन्हें इस बात पर भी यकीन है कि आने वाले समय में भारत दुनिया की तीन बड़ी रक्षा ताकतों में एक बनेगा। मेटल व माइनिंग सेक्टर के दिग्गज उद्योगपति अनिल अग्रवाल ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर इस बारे में अपने विचारों को साझा किया। उन्होंने एक्स पर एक अपडेट में लिखा कि भारत के पास हथियारों और आयुध के मामले में आधुनिक बुनियादी संरचना है। हमारे सभी 52 ऑर्डनेंस प्रतिष्ठान बड़े शहर हैं और मैनपावर व शोध-विकास की क्षमताओं से लैस हैं। हम हर उस चीज को देश में ही बना सकते हैं, जो जल-थल-वायु में हमारी सुरक्षा के लिए जरूरी है। अग्रवाल ने इसरो के हालिया अंतरिक्ष अभियानों का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि भारत ने अंतरिक्ष अभियानों में यह साबित किया है कि कैसे कम लागत में बेहतर आउटपुट हासिल किया जा सकता है। भारत के पास इसका शानदार ट्रैक रिकॉर्ड है। स्पेस प्रोग्राम की तरह इसे अन्य सेक्टर में भी दोहराया जा सकता है। हमारे पास सारी जरूरी क्षमता है और हमें हथियारों व आयुध के लिए अन्य देशों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। वेदांता चेयरमैन ने कहा कि डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग के नेटवर्क में डीआरडीओ और एचएएल जैसे संस्थान हिस्सा बन सकते हैं। ये संस्थान हमें भी वह हासिल कराने में बड़ा योगदान दे सकते हैं, जो रूस और अमेरिका कर चुके हैं। जिस दिन हम आर्म्स एंड एम्युनिशन में आत्मनिर्भर हो गए, हम दुनिया की टॉप-3 ताकतों में शामिल होंगे। अनिल अग्रवाल ने ये टिप्पणी ऐसे समय की है, जब सरकार देश को रक्षा के मामले में आत्मनिर्भर बनाने पर खासा जोर दे रही है। इसके लिए देश में रक्षा विनिर्माण की क्षमताओं को बढ़ाया जा रहा है। सरकार ने अगले दो सालों में हथियारों के निर्यात को बढ़ाकर 5 बिलियन डॉलर करने का लक्ष्य तय किया है। देश को डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग का हब बनाने के लिए सरकार ने महत्वाकांक्षी योजना तैयार की है। स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए 300 से ज्यादा डिफेंस सिस्टम और सब-सिस्टम के आयात पर रोक लगा दी गई है। वेदांता चेयरमैन ने अलग से एक पोस्ट में लिखा कि दुनिया भारत को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाना चाहती है। इसका एक कारण चीन और रूस भी हैं। भारत के लिए एक शानदार कदम यह है कि भूमि रिकॉर्ड को 7/12 की तरह डिजिटल कर दिया गया है। इसकी मदद से रइक जैसी नोडल एजेंसी के साथ मिलकर मार्केटप्लेस जैसा पोर्टल डेवलप किया जा सकता है, जहां खरीदार सीधे कीमत का अनुमान भेज सकते हैं।



**भारत के पास हथियारों के मामले में आधुनिक बुनियादी संरचना है। हमारे सभी 52 ऑर्डनेंस प्रतिष्ठान बड़े शहर हैं और मैनपावर व शोध-विकास की क्षमताओं से लैस हैं**

### सोने के दाम चार महीने की ऊंचाई पर

## इजराइल-हमास युद्ध के कारण डॉलर के रेट गिरने का हुआ असर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सोने और चांदी के रेट में आज उछाल के साथ कारोबार देखा जा रहा है जबकि विगत गुरूवार को इनके रेट में गिरावट देखी गई थी। इजरायल-हमास युद्ध के चलते यूएस फेडरल रिजर्व को ब्याज दरों पर कड़े फैसले लेने पड़ सकते हैं और इसके असर से डॉलर के रेट पर निगेटिव इफेक्ट आने की आशंका जताई जा रही है। फेडरल रिजर्व अभी ब्याज दरों को लेकर सतर्क बना रहेगा और इसके असर से डॉलर के रेट में भी उतार-चढ़ाव देखा जा सकता है। लिहाजा निवेशक सेफ निवेश की ओर जा रहे हैं और सोना-चांदी को इसी का फायदा मिल रहा है। कमोडिटी बाजार में एमसीएक्स पर सोना 4 महीने के उच्च स्तर पर आ चुका है और सोना आज जबरदस्त तेजी दिखा रहा है। चांदी के दाम में भी मजबूती के साथ ट्रेड हो रहा है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर आज सोना 4 महीने के उच्च स्तर पर आ गया है। सोने के रेट में 277 रुपये या 0.l46 फीसदी की उछाल देखी जा रही है और ये 60595 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। आज सोने के रेट ऊपर में 60660 रुपये प्रति 10 ग्राम तक गए थे। सोने के ये दाम इसके दिसंबर वायदा के लिए हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर आज चांदी भी अच्छी उछाल पर कारोबार कर रही है। चांदी के रेट 283 रुपये या 0.40 फीसदी की बढ़त के साथ 71899 रुपये प्रति किलोग्राम तक आ गए हैं। आज ऊपर में चांदी के दाम 72164 रुपये प्रति किलो तक गए थे। चांदी के ये दाम इसके दिसंबर वायदा के लिए हैं। रिटेल बाजार में भी सोना जबरदस्त उछाल के साथ कारोबार कर रहा है और इसमें 820 रुपये तक के उछाल देखे जा रहे हैं जो इसे 62,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक ले जा सकते हैं।



### टाटा मोटर्स ने फ्रेट टाइगर में 26.79 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी

**मुंबई।** टाटा मोटर्स ने डिजिटल प्लेटफॉर्म फ्रेट कॉमर्स सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ('फ्रेट टाइगर') की 26.79 प्रतिशत हिस्सेदारी 150 करोड़ रुपये में खरीदी है। कंपनी ने गुरुवार को शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। सिक्योरिटीज सब्सक्रिप्शन समझौते में प्रावधान है कि टाटा मोटर्स तत्कालीन बाजार मूल्य पर अगले दो साल में कंपनी के 100 करोड़ रुपये तक के शेयर खरीद सकती है। 'फ्रेट टाइगर' एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है जो देश में कार्गो आवाजाही के लिए एंड-टू-एंड लॉजिस्टिक्स वैल्यू चेन समाधान प्रदान करता है। यह शिपर्स, कैरियर्स, लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाताओं और बेड़े मालिकों को एक ही डिजिटल बाजार से जोड़ता है। अधिग्रहण पर टिप्पणी करते हुए, टाटा मोटर्स लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक, गिरीश वाघ ने कहा: हमारा मानना है कि रोड लॉजिस्टिक्स की दक्षता में सुधार के लिए सभी हितधारकों को एक साथ लाने में एक बड़ी और गहरी भूमिका निभाकर, हम अपने मुख्य ग्राहकों, यानी बेड़ा मालिकों के लिए वैल्यू क्रिएट कर सकते हैं।

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने 250 कस्टमर टचपॉइंट्स की उपलब्धि हासिल की




**एजेंसी। नई दिल्ली**

स्कोडा ऑटो इंडिया ने उत्पादों को लेकर आक्रामक रणनीति लॉन्च करने और त्योहारों के लिये अपनी खास पेशकशों की घोषणा करने के साथ, भारत में अपने नेटवर्क को 250 कस्टमर टचपॉइंट्स का बनाने की उपलब्धि हासिल की है। कंपनी की ज्यादा बिकने वाली कारें- कुशाक एसयूवी और स्लाविया सेडान भारत में स्कोडा ब्राण्ड की तरक्की में महत्वपूर्ण हैं। इसके साथ ही, ग्राहकों पर केन्द्रित होने के लिये काफी ध्यान दिया गया है और इसमें नेटवर्क के विस्तार की एक महत्वपूर्ण भूमिका है। इस उपलब्धि पर बात करते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्राण्ड डायरेक्टर पेट्र सोल्क ने कहा कि भारत में स्कोडा की वृद्धि की रणनीति हमारी उत्पाद श्रृंखला को बेहतर बनाने के बारे में है और यह सुनिश्चित करती है कि हम अपने ग्राहकों के लिये ज्यादा करीब और सुलभ रहें। हमारा 250वां कस्टमर टचपॉइंट देश में आंकड़ों और पहुंच के लिहाज से एक उपलब्धि है। हम अपने नेटवर्क को बढ़ाना और ग्रहाकों के स्वामित्व के अनुभव को बेहतर बनाना जारी रखेंगे। इससे स्कोडा परिवार में ज्यादा ग्राहकों का स्वागत होगा और उन्हें बाजार की सबसे सुरक्षित कारें प्रदान की जाएंगी। 250वें कस्टमर टचपॉइंट की उपलब्धि कर्नाटक के गुलबर्गा में एक सेल्स आउटलेट के उद्घाटन से मिली। स्कोडा ऑटो इंडिया और भी विस्तार करेगी और 2024 के अंत तक 350 कस्टमर टचपॉइंट्स करने का लक्ष्य है।

## विदेश

### यूके में आम चुनाव से पहले ऋषि सुनक को झटका

## सेफ सीटों पर उप चुनाव हारी सत्ताधारी पार्टी

**एजेंसी। ब्रिटेन**

ब्रिटिश प्रधान मंत्री ऋषि सुनक की सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी को शुक्रवार को पहले से सुरक्षित संसदीय सीटों पर दो करारी हार का सामना करना पड़ा, जिससे उनकी पार्टी की अगले साल होने वाले आम चुनाव जीतने की क्षमता पर संदेह पैदा हो गया है। दोहरी हार ने कंजर्वेटिवों के समर्थन में नाटकीय गिरावट दिखाई, जिन्होंने पिछले चार राष्ट्रीय चुनाव जीते हैं, और यह केवल तीसरी बार है कि 1991 के बाद से कोई ब्रिटिश प्रधान मंत्री एक ही दिन में दो उप-चुनाव हार गए है। मुख्य विपक्षी लेबर पार्टी ने लंदन के उत्तर में लगभग 50 मील (80 किमी) क्षेत्र में मिड-बेडफोर्डशायर की सीट जीत ली, जिससे लगभग 25,000 का बहुमत पलट गया, जिससे यह 1945 के बाद से उप-चुनाव में पार्टी की सबसे बड़ी हार बन गई। लेबर ने एक अन्य पूर्व कंजर्वेटिव गढ़, टैमवर्थ, जो कि मध्य इंग्लैंड का एक बड़ा ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र है, में भी भारी बहुमत से पलट दिया, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से दोनों पार्टियों के बीच दूसरा सबसे बड़ा स्विंग है। लेबर नेता कीर स्टारमर ने एक बयान में कहा, इन टोरी गढ़ों में जीत से पता चलता है कि लोग भारी बदलाव चाहते हैं और वे इसे पूरा करने के लिए हमारी बदली हुई लेबर पार्टी में अपना विश्वास रखने के लिए तैयार हैं। स्टारमर ने कहा कि 43 वर्षीय पूर्व निवेश बैंकर सुनक ने हाल ही में खुद को एक साहसी सुधारक के रूप में पेश करने की कोशिश की है, न कि अब वह सतर्क टेक्नोक्रेट, जिन्होंने घोटालों और आर्थिक उथल-पुथल के बाद अपने दो पूर्ववर्तियों को पद से हटाने के बाद ब्रिटेन की कुछ विश्वसनीयता बहाल की। उच्च मुद्रास्फीति, आर्थिक स्थिरता और राज्य द्वारा संचालित स्वास्थ्य सेवा का उपयोग करने के लिए लंबे समय तक इंतजार करने से नाराज मतदाताओं के साथ, सुनक के पास श्रम पर अंतर को कम करने के लिए समय और अवसर की कमी हो रही है, जिन्होंने कंजर्वेटिव पर दोहरे अंकों की मतदान बढ़त का आनंद लिया है। एक वर्ष से अधिक के लिए। कंजरवेटिव के एक प्रवक्ता ने कहा कि नतीजे कठिन रहे हैं लेकिन सरकारें आम तौर पर मध्यावधि चुनाव जीतने के लिए संघर्ष करती हैं।



**लेबर नेता कीर स्टारमर ने एक बयान में कहा, इन टोरी गढ़ों में जीत से पता चलता है कि लोग भारी बदलाव चाहते हैं**

## पेज एक के शेष

### योगेंद्र तिवारी ने ...

मूलतः किरण सिंह नाम की महिला की थी, लेकिन इस जमीन को फर्जी तरीके से खरीदी गई। इसमें योगेंद्र तिवारी की दो कंपनियों मेसर्स शरण एक्लोहल प्राइवेट लिमिटेड और स्वास्तिक ट्रेडर्स की भूमिका रही। जमीन की डील में जो जिस राशि का जिक्र है, वह भी मूल भुगतान से अलग है। आरोप है कि रायबंगला की जमीन को हड़पने के लिए किरण सिंह के मकान को ध्वस्त करा दिया गया था। योगेंद्र तिवारी व उसके सहयोगियों के खिलाफ दर्ज 19 कांडों को ईडी ने अपने ईसीआर का हिस्सा बनाया है।

**कर्मियों के नाम पर बैंक खाते, कंपनियां खोल करता था कारोबार :** ईडी ने कोर्ट को बताया है कि योगेंद्र तिवारी व उसके भाई अमरेंद्र तिवारी ने अपने कर्मचारियों के नाम पर कई बैंक खाते खोले थे। शराब दुकानों के सेल्समेन के नाम पर भी कंपनियां बना, योगेंद्र ने उन्हें अपना पार्टनर बनाया था। साल 2021 में इन कंपनियों को थोक शराब कारोबार का टेंडर मिला था। इस कारोबार में होने वाली लाभ का सीधा फायदा योगेंद्र तिवारी को मिलता था। ईडी ने जो दस्तावेज जुटाए है, उसके मुताबिक, अवैध बालू और शराब का सारा कारोबार दूसरों के नाम पर किया जाता था। लेकिन इस कारोबार पर पूरा कंट्रोल योगेंद्र तिवारी का था।

**अवैध धंधों से आए पैसों से लिया शराब का थोक कारोबार :** ईडी ने जांच में आए तथ्यों के आधार पर कोर्ट को बताया है कि योगेंद्र तिवारी कई तरह के अवैध धंधों में लिप्त था। बगैर चालान वह बालू की बिक्री अवैध तरीके से करता था। कई बार दूसरों के नाम पर भी चालान बनवा वह बालू का कारोबार करता था। वहीं शराब की रिटेल दुकानों में अवैध शराब की स्टोरेज भी की जाती थी। इस लाइसेंसी दुकानों पर भी योगेंद्र का पूरा कंट्रोल होता था। ये दुकानें उसके लोगों के ही नाम पर आवंटित भी होती थीं। अवैध कारोबार से योगेंद्र तिवारी ने काफी कमायी कैश में की। कैश राशि की इंट्री वह खुद के द्वारा नियंत्रित बैंक खातों में किया करता था। इन पैसों से ही 2021 में शराब के थोक सप्लाई का लाइसेंस लिया गया था।

### विधि व्यवस्था के लिए ...

भाईचारा बनाए रखने के लिए सभी जिलों में प्रभारी पाधिकारी के रूप में वरीय प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इन आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति विभिन्न जिलों में की गई है। उनका दायित्व है कि वह अपने आवंटित जिलों का भ्रमण कर विधि व्यवस्था संधारण से संबंधित सभी निरोधात्मक करवाई, यथा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 107 के तहत नोटिस तामिला, शांति समिति की बैठक, प्रतिमा विसर्जन, जुलूस, भीड़ के रोड का भौतिक सत्यापन करेंगे। अगर जिलों में अतिरिक्त सुरक्षा बलों और उपकरणों की आवश्यकता हो तो उसके लिए भी मुख्यालय से संपर्क कर सकते हैं। जिलों में प्रभारी पदाधिकारी के रूप में तैनात किए गए अफसर सीधे मुख्यालय को रिपोर्ट करेंगे।

### 5 लाख के इनामी ...

मनिका थाना क्षेत्र के सिकित जंगल में जमे हुए हैं। इस सूचना के बाद जिला पुलिस और सीआरपीएफ की टीम गठित की गई और संयुक्त रूप से छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में पुलिस को देखकर नक्सली भागने लगे। इसी दौरान पुलिस ने मोटरसाइकिल से भाग रहे दो नक्सलियों को धर दबोचा। छानबीन के क्रम में पता चला कि गिरफ्तार नक्सली सब जोनल कमांडर सुशील उरांव तथा उसकी सहयोगी अमरेश उरांव है। पुलिस ने उनके पास से एक एके-47 राइफल, एक देसी बंदूक, 82 गोली तथा अन्य सामान बरामद किए। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार सब जोनल कमांडर सुशील पर लातेहार समेत आसपास के जिलों के विभिन्न थाना क्षेत्र में 35 से अधिक मामले दर्ज हैं। एसपी ने बताया कि अभियान के दौरान मनिका थाना प्रभारी भानु प्रताप सिंह, हेरहंज थाना प्रभारी शुभम कुमार आदि की भूमिका सराहनीय रही।

### वैज्ञानिक के घर से ...

इसी बीच उनके भाई ने लाखों नगदयह सूचना दी कि घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। बनारस से जब योगेंद्र प्रसाद अपने घर पहुंचे तो घर के हालात देखकर वह दंग रह गए। चोरों के द्वारा सबसे पहले बाहर के ग्रिल को काटा गया उसके बाद बेहद मजबूत माने दरवाजे के लॉक को भी तोड़ डाला गया था। कमरों के अंदर तो और भी और भी भयावह स्थिति थी, कमरे के अंदर हर तरफ समान बिखरा पड़ा था ,एक आलमीरा ,कबर्ड ,बक्शे सब के ताले टूटे पड़े थे।कपड़ा और दूसरे सामान बिखरे पड़े थे।कमरे को देख कर ऐसा लग रहा था जैसे चोर पांच से छह घण्टे तक घर मे मौजूद थे और घर का एक एल समान चेक कर सभी कीमती गहने और नगद पैसे उड़ा ले गए।तीन लाख नगद ,12 सोने का कंगन, 06 सोने का हार, 25 कान बाली ,02 सेट डायमंड के गहने, 02 डायमंड की नोज पिन ,20 सोने की अंगूठी, 13 सोने का चेन, 19 चांदी पायल, मंगलसूत्र ,चांदी का सिक्का, मांग टिका, चांदी की हासुली।

**तफ्तीश में जुटी पुलिस :** मामले की जानकारी मिलने के बाद कांके पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरी को अंजाम देने वाले अपराधियों की तलाश में जुटी हुई है। मौके पर डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम को बुलाकर जांच भी करवाई गई है हालांकि अभी तक पुलिस को इस कांड में कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। कहां के थाना प्रभारी आभास कुमार ने बताया है कि सीसीटीवी में छह से सात लोग इलाके में घूमते देखे गए है आशंका है कि उन्हीं के द्वारा इस वारदात को अंजाम दिया गया है।

## हमला जारी

### गाजा पट्टी पर इजराइल के ताबड़तोड़ हमले जारी

# तीन हजार से अधिक लोगों ने गवाई जान, सैंकड़ो घायल

**एजेंसी। तेल अवीव**



इजराइल के रक्षामंत्री द्वारा सैनिकों को गाजा को 'भीतर से देखने' यानी व्यापक स्तर पर जमीनी हमले के लिए तैयार होने के आदेश दिए जाने बीच विगत बृहस्पतिवार को गाजा पट्टी पर हवाई हमले जारी रहे और इसके दक्षिणी भाग पर भी हमले किए गए जहां फलस्तीनियों को शरण लेने के लिए कहा गया था। हालांकि यह नहीं बताया गया है कि जमीनी स्तर हमला कब शुरू होगा। गाजा में अधिकारी जहां मिस्र से आने वाली अत्यंत आवश्यक मानवीय सहायता का प्रबंध कर रहे हैं। वहीं, गाजा के अस्पताल घटती चिकित्सा आपूर्ति और जनरेटरों के लिए ईंधन के इंतजाम की कोशिश में लगे हैं। हालत यह है कि चिकित्सक अंधकार में डूबे वार्डों में मोबाइल फोन की रोशनी में सर्जरी कर रहे हैं। एनेस्थीसिया से लेकर कई आवश्यक दवाओं के अभाव में संक्रमित घावों के इलाज के लिए सिरके (विनेगर) का इस्तेमाल किया जा रहा है। राष्ट्रपति जो बाइडन ने युद्ध के बीच इजराइल की सुरक्षा के लिए 'आज और हमेशा' अटूट समर्थन का वादा किया। उन्होंने कहा कि घिरे हुए गाजा पट्टी में निर्दोष फलस्तीनियों को दुनिया नजरअंदाज नहीं कर सकती। इजराइल की यात्रा से वाशिंगटन लौटने के कुछ घंटों बाद बाइडन ने बृहस्पतिवार रात ओवल कार्यालय से एक संबोधन में आम फलस्तीनी नागरिकों और गाजा को नियंत्रित करने वाले आतंकवादी समूह हमास के बीच अंतर बताया। उन्होंने गाजा में मौजूदा युद्ध को यूक्रेन पर रूसी हमले से जोड़ते हुए कहा कि हमास और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दोनों लोकतंत्र को पूरी तरह से नष्ट करना चाहते हैं। बाइडन ने कहा कि वह, इजराइल और यूक्रेन दोनों को आपातकालीन सैन्य सहायता प्रदान करने के लिए शुक्रवार को संसद में तत्काल बजट अनुरोध भेजने की तैयारी कर रहे हैं। इस बीच पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के साथ इस क्षेत्र में अमेरिकी सेना को बढ़ते खतरों का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिकी नौसेना के एक युद्धपोत ने विगत बृहस्पतिवार को इजराइल की ओर जा रही मिसाइलों को मार गिराया। वहीं, इराक और सीरिया में अमेरिकी शिविरों को बार-बार ड्रोन हमलों से निशाना बनाया गया। उत्तरी लाल सागर में अमेरिकी नौसेना के युद्धपोत वरर कार्नी ने यमन में हूती बलों द्वारा दागी गई तीन मिसाइलें और कई ड्रोन नष्ट कर दिये। यह कार्रवाई इजराइल की रक्षा में अमेरिकी सेना द्वारा उठाए गए पहले कदम का प्रतिनिधित्व करती है। पेंटागन के प्रेस सचिव ब्रिगेडियर जनरल पैट राइडर ने संवाददाताओं से कहा कि मिसाइलें संभावित रूप से इजराइल की ओर जा रही थीं।






## वर्ल्ड कप में दर्ज की लगातार दूसरी जीत

# ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को रौंदा





**एजेंसी। बेंगलुरु**

ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड कप 2023 के 18वें मुकाबले में पाकिस्तान को 62 रन से हरा दिया है। ऑस्ट्रेलिया की टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत है, जबकि पाकिस्तान की लगातार दूसरी हार है। बेंगलुरु के एम.चिन्नास्वामी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श के शतक की बदौलत 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 367 रन बनाए। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम अब्दुल्ला शफीक और इमाम उल हक के बीच शतकीय साझेदारी के बावजूद 27 गेंद शेष रहते ये मैच हार गई। पाकिस्तान ने 45.3 ओवर में 305 रन बनाए। पाकिस्तान के लिए इमाम उल हक ने सर्वाधिक 70 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए एडम जंपा ने चार विकेट और स्टॉयनिस ने दो विकेच चटकाए। ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श के शतक की बदौलत 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 367 रन बनाए हैं। वॉर्नर और मिचेल के बीच पहले विकेट के लिए 259 रन की साझेदारी हुई। ऑस्ट्रेलिया के लिए डेविड वॉर्नर ने 163 रन की धमाकेदार पारी खेली।

पाकिस्तान के लिए शाहीन अफरीदी ने पांच विकेट लिए। इसके जवाब में पाकिस्तान ने अच्छी शुरूआत की है। पहले विकेट के लिए अब्दुल्ला शफीक और इमाम उल हक के बीच पहले विकेट के लिए 134 रन की साझेदारी हुई। इमाम ने 70 और शफीक ने 64 रन की पारी खेली। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की टीम को सलामी बल्लेबाजों ने दमदार शुरूआत दिलाई। मिचेल मार्श और डेविड वॉर्नर के बीच पहले विकेट के लिए 259 रन की साझेदारी हुई है। मिचेल मार्श 108 गेंद में 121 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद अगली ही गेंद पर ग्लेन मैक्सवेल बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए।

शाहीन अफरीदी ने एक ही ओवर में इन दोनों बल्लेबाजों को आउट किया। 39वें ओवर में उसामान ने स्मिथ को पवेलियन का रास्ता दिखाया। हारिस राउफ ने डेविड वॉर्नर को 163 रन पर पवेलियन भेजा। जॉश इंग्लिस 13 रन ही बना सके। मार्कस स्टॉयनिस ने 24 गेंद में 21 रन बनाए। लाबुशेन 8 रन ही बना सके। इसके बाद अंतिम ओवर में शाहीन ने मिचेल स्टार्क और हेजलवुड को पवेलियन भेजा।

### स्कोर बोर्ड

| ऑस्ट्रेलिया | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डेविड वॉर्नर 163 | 124 | 14 | 9 | |
| मिचेल मार्श 121 | 108 | 10 | 9 | |
| ग्लेन मैक्सवेल 0 | 1 | 0 | 0 | |
| स्टीव स्मिथ 7 | 9 | 0 | 0 | |
| मार्कस स्टॉयनिस 21 | 24 | 1 | 1 | |
| जॉश इंग्लस 13 | 9 | 3 | 0 | |
| मार्नस लाबुशेन 8 | 12 | 1 | 0 | |
| पैट कमिंस 6 | 8 | 0 | 0 | |
| मिचेल स्टार्क 2 | 3 | 0 | 0 | |
| जॉश हेजलवुड 0 | 1 | 0 | 0 | |
| ऐडम जैम्पा 1 | 1 | 0 | 0 | |

**अतिरिक्त :** 25, **कुल :** 367/9 (50 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-259, 2-259, 3-284, 4-325, 5-339, 6-354, 7-360, 8-363, 9-363 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** शाहीन शाह अफरीदी 10-1-54-5, हसन अली 8-0-57-0, इफ्तिखार अहमद 8-0-37-0, हारिस रउफ 8-0-83-3, उसामा मीर 9-0-82-1, मोहम्मद नवाज 7-0-43-0

| पाकिस्तान | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अब्दुल्लाह शफीक | 64 | 61 | 7 | 2 |
| इमाम-उल-हक | 70 | 71 | 10 | 0 |
| बाबर आजम | 18 | 14 | 3 | 0 |
| मोहम्मद रिजवान | 46 | 40 | 5 | 0 |
| सऊद शकील | 30 | 31 | 5 | 0 |
| इफ्तिखार अहमद | 26 | 20 | 0 | 3 |
| मोहम्मद नवाज | 14 | 16 | 0 | 1 |
| उसामा मीर | 0 | 3 | 0 | 0 |
| शाहीन शाह अफरीदी | 10 | 8 | 2 | 0 |
| हसन अली | 8 | 8 | 2 | 0 |
| हारिस रउफ | 0 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 19, **कुल :** 305/10 (45.3 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-134, 2-154, 3-175, 4-232, 5-269, 6-274, 7-277, 8-287, 9-301, 10-305 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** मिचेल स्टार्क 8-0-65-1, जॉश हेजलवुड 10-1-37-1, पैट कमिंस 7.3-0-62-2, ऐडम जैम्पा 10-0-53-4, ग्लेन मैक्सवेल 5-0-40-0, मार्कस स्टॉयनिस 5-0-40-2

## शर्मनाक हार : जीत की राह पर लौटना चाहेंगे इंग्लैंड-द. अफ्रीका



**एजेंसी। मुंबई**

दोनों टीमों को पिछले मैच में कमजोर टीमों के हाथों अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा लेकिन अब दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड शनिवार को विश्व कप के मैच में यहां आमने सामने होंगे तो नजरें जीत की राह पर लौटने पर लगी होंगी। विश्व कप में सर्वाधिक स्कोर (पांच विकेट पर 428 रन) का रिकॉर्ड बनाने के बाद दक्षिण अफ्रीका को धर्मशाला में वषार्बाधित मैच में नीदरलैंड ने हराकर उलटफेर कर दिया। यह इस विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका की पहली हार थी। इसी तरह इंग्लैंड को दिल्ली में अफगानिस्तान ने मात दी। पचास ओवरों के विश्व कप के इतिहास में इंग्लैंड का दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रिकॉर्ड भले ही 4-3 का है लेकिन इस बार दक्षिण अफ्रीका का प्रदर्शन बेहतर रहा है।

दक्षिण अफ्रीका ने टूर्नामेंट की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका को सौ से अधिक रनों के अंतर से हराया लेकिन डच टीम से हार ने एक बार फिर साबित कर दिया कि दबाव के सामने टीम बिखर जाती है। इंग्लैंड की टीम भी हर विभाग में जूझ रही है और उसका मनोबल गिरा हुआ है।

### वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | नेट प्वाइंट्स | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| न्यूजीलैंड | 4 | 4 | 0 | 6 | +1.923 |
| भारत | 4 | 4 | 0 | 8 | +1.659 |
| सा. अफ्रीका | 3 | 2 | 1 | 4 | +1.385 |
| ऑस्ट्रेलिया | 4 | 2 | 2 | 4 | -0.193 |
| पाकिस्तान | 4 | 2 | 2 | 4 | -0.456 |
| इंग्लैंड | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.084 |
| बांग्लादेश | 4 | 1 | 3 | 2 | -0.784 |
| नीदरलैंड्स | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.993 |
| अफगानिस्तान | 4 | 1 | 3 | 2 | -1.250 |
| श्रीलंका | 3 | 0 | 3 | 0 | -1.532 |

## यूनाइटेड कप टीम इवेंट में हिस्सा लेंगे जोकोविच, इगा स्विएटेक





**एजेंसी। सिडनी**

रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच और महिला एकल विश्व नंबर 1 इगा स्विएटेक यूनाइटेड कप में हिस्सा लेंगे। यूनाइटेड कप 29 दिसंबर से 7 जनवरी 2024 तक पर्थ और सिडनी में आयोजित किया जाएगा। 2024 में मिश्रित टीम स्पर्धा में दुनिया की शीर्ष दस महिलाओं में से पांच और दुनिया के शीर्ष बीस पुरुषों में से नौ शामिल होंगी, जिसका ड्रा सोमवार को जारी किया जाएगा। 24 बार के प्रमुख चैंपियन और वर्तमान विश्व नंबर 1 जोकोविच के नेतृत्व में सर्बिया 2024 में पदार्पण करेगा। टीम पोलैंड की कप्तानी चार बार के ग्रैंड स्लैम विजेता स्विएटेक और 11वीं रैंकिंग वाले ह्यूबर्ट हर्काज करेंगे, जिन्हें शीर्ष 16 देशों से पंजीकरण की पुष्टि के बाद 2024 संस्करण के लिए शीर्ष वरीयता दी गई है। ग्रीस का नेतृत्व स्टेफानोस सितसिपास और मारिया सक्कारी करेंगे, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका का प्रतिनिधित्व विश्व नंबर 4 जेसिका पेगुला और 10वीं रैंकिंग वाले टेलर फ्रिट्ज करेंगे। फ्रांस का नेतृत्व विश्व नंबर 10 कैरोलिन गार्सिया और एड्रियन मन्नारिनो करेंगे। इस साल की विंबलडन विजेता मार्केटा वोंद्रोसोवा जिरी लेहेका के साथ चेक गणराज्य टीम का नेतृत्व करेंगी, जबकि क्रोएशिया बोर्ना कोरिक और डोना वेकिक के नेतृत्व में हिस्सा लेगा। ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व शीर्ष ऑस्ट्रेलियाई एलेक्स डी मिनौर करेंगे, साथ ही तीन बार के प्रमुख क्वार्टर फाइनलिस्ट अजला टोमलजानोविक, युगल खिलाड़ी स्टॉर्म हंटर, मैट एबडेन और एलेन पेरेज और पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी जॉन मिलमैन होंगे।

## प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 का शेड्यूल जारी
## 2 दिसंबर को शुरू होगा टूर्नामेंट

**एजेंसी। मुंबई**

प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आयोजक मशाल स्पोर्ट्स ने 10वें सीजन के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 के लिए 12-शहर के कारवां प्रारूप में लौट रही है। टूर्नामेंट 2 दिसंबर 2023 को अहमदाबाद के एरेना बाय ट्रांसस्टेडिया स्टेडियम में शुरू होगा और उसके बाद प्रत्येक फ्रेंचाइजी के गृह शहरों में स्थानांतरित हो जाएगी। लीग चरण 2 दिसंबर 2023 से 21 फरवरी 2024 तक आयोजित किया जाएगा। प्लेऑफ के कार्यक्रम की घोषणा बाद में की जाएगी। प्रो कबड्डी लीग के सीजन 10 का सीधा प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और डिज्नी+हॉटस्टार पर किया जाएगा।




लीग इस सीजन में प्रत्येक फ्रैंचाइजी के गृह शहरों से स्टेडियम में वापस आने वाले कबड्डी फैंस का स्वागत करने के लिए रोमांचित है। अहमदाबाद चरण 2-7 दिसंबर 2023 तक आयोजित किया जाएगा। इसके बाद लीग स्थानों के निम्नलिखित क्रम में आगे बढ़ेगी जिसमें बेंगलुरु (8-13 दिसंबर 2023), पुणे (15-20 दिसंबर 2023), चेन्नई (22-27 दिसंबर) 2023), नोएडा (29 दिसंबर 2023 - 3 जनवरी 2024), मुंबई (5-10 जनवरी 2024), जयपुर (12-17 जनवरी 2024), हैदराबाद (19-24 जनवरी 2024), पटना (26-31 जनवरी 2024), दिल्ली (2-7 फरवरी 2024), कोलकाता (9-14 फरवरी 2024) और पंचकुला (16-21 फरवरी) शामिल है। प्रो कबड्डी लीग का दसवां सीजन गुजरात जायंट्स और तेलुगु टाइटंस के बीच की प्रतिद्वंद्विता को नए सिरे से शुरू करने के साथ शुरू होगा। पवन सहरावत, फजल आतराचली, अजिंक्य पवार और नवीन कुमार जैसे शीर्ष सितारे शुरूआती सप्ताहांत में हाई-ऑक्टेन क्लैश के माध्यम से प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं। पीकेएल सीजन 10 के शेड्यूल के बारे में मशाल स्पोर्ट्स के प्रमुख स्पोर्ट्स लीग और प्रो कबड्डी लीग के लीग कमिश्नर अनुपम गोस्वामी ने कहा, 'मशाल स्पोर्ट्स को प्रो कबड्डी सीजन 10 मैच शेड्यूल जारी करते हुए खुशी हो रही है। पिछले सीजन की तरह यह शेड्यूल पीकेएल प्रशंसकों की भावनाओं के साथ-साथ हमारे लीग के ऐतिहासिक दसवें सीजन के दौरान हाई क्वालिटी और रामांचक प्रतिस्पर्धा को बनाए रखने के बारे में कई विचारों और सावधानीपूर्वक योजना का परिणाम है।

## यूईएफए ने सुरक्षा स्थिति के कारण इजराइल में मैचों को किया निलंबित

**एजेंसी। जेरूसलम**

यूईएफए ने घोषणा की है कि कोई भी मैच अगली सूचना तक इजराइल में आयोजित नहीं किया जाएगा। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यूईएफए ने कहा कि उसने इजराइल के पूरे क्षेत्र में वर्तमान सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के बाद यह निर्णय लिया है। इजराइली चैंपियन मैकाबी हाइफा, जो यूईएफए यूरोपा लीग में भाग लेता है और मैकाबी तेल अवीव जो यूईएफए यूरोपा कॉन्फ्रेंस लीग का हिस्सा हैं, उन्हें आईएफए के साथ मिलकर अपने घरेलू मैचों के लिए इजराइल के बाहर वैकल्पिक स्टेडियम की पेशकश करने के लिए कहा गया है। इससे पहले कई मैचों को स्थगित किया



जा चुका है। हालांकि, तब मैच होने की संभावना थी लेकिन अब अगली सूचना तक इजराइल में सभी मैचों को निलंबितकर दिया गया है। इजराइल क्रमशः 15 और 18 नवंबर को स्विट्जरलैंड और रोमानिया के खिलाफ यूईएफए यूरो 2024 क्वालीफाइंग मैचों की मेजबानी करने वाला है। यदि यूईएफए का निर्णय तब भी प्रभावी रहा, तो दोनों मैचों को किसी न्यूट्रल वेन्यू पर खेला जाएगा।

## हार्बिन में 2025 एशियाई शीतकालीन खेलों के लिए कार्यक्रम की घोषणा

**एजेंसी। हार्बिन**

ओसीए ने 2025 में चीन के हार्बिन में होने वाले 9वें एशियाई शीतकालीन खेलों के लिए खेल कार्यक्रम की घोषणा की है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एशिया में सभी राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों को भेजे गए एक पत्र में ओसीए के कार्यवाहक महानिदेशक विनोद कुमार तिवारी ने खुलासा किया कि कुल छह खेल, 11 अनुशासन और 64 प्रतियोगिताएं होंगी।

छह खेल हैं- बायथलॉन, कर्लिंग, आइस हॉकी, स्केटिंग, स्कीइंग और स्की पर्वतारोहण। सभी छह खेलों में पुरुषों और महिलाओं की स्पधाएं होंगी, साथ ही विशिष्ट विषयों में मिश्रित स्पधाएं भी होंगी। ओसीए के कार्यवाहक महानिदेशक विनोद कुमार तिवारी के अनुसार, ओसीए जल्द ही एक समन्वय समिति का गठन करेगा जो खेलों के सभी स्थानों और तैयारियों को देखने के लिए जल्द ही हार्बिन का दौरा करेगी। पूर्वोत्तर चीन के हेइलोंगजियांग प्रांत की राजधानी हार्बिन को जुलाई में बैंकॉक, थाईलैंड में आयोजित 42वें ओसीए कांग्रेस द्वारा 2025 एशियाई शीतकालीन खेलों की मेजबानी के लिए सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई थी।

## लसिथ मलिंगा को मुंबई इंडियंस ने नियुक्त किया नया गेंदबाजी कोच

**एजेंसी। मुंबई**

मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2024 सीजन से पहले श्रीलंका के तेज गेंदबाजी दिग्गज लसिथ मलिंगा को अपना नया गेंदबाजी कोच घोषित किया है। मलिंगा शेन बॉन्ड की जगह लेंगे, जो 2015 से इस सप्ताह के शुरू में पद छोड़ने तक टीम में इस पद पर थे। मलिंगा, जो पहले 2022 और 2023 सीजन के लिए आईपीएल टीम



राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजी कोच थे। वो मार्क बाउचर के नेतृत्व वाली मुंबई इंडियंस कोचिंग टीम में शामिल हो गए हैं और उनके पूर्व साथी कीरोन पोलार्ड, जो बल्लेबाजी कोच के रूप में कार्यरत हैं उनके साथ टीम से जुड़ेंगे। मलिंगा ने कहा, मुंबई इंडियंस का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया जाना मेरे लिए वास्तव में सम्मान की बात है। एमआई न्यूयॉर्क और एमआई केपटाउन के बाद वनफैमिली में मेरी यात्रा जारी है। मैं मार्क, पॉली, रोहित शर्मा और बाकी टीम के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।

**खिलाड़ियों में उत्साह** | **झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023**

# 'टूर्नामेंट से राज्य के युवा खिलाड़ियों को मदद मिलेगी'

## सलीमा, संगीता, निक्की प्रधान घरेलू प्रशंसकों के सामने प्रदर्शन के लिए उत्साहित

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी सलीमा टेटे, निक्की प्रधान और संगीता कुमारी ने प्रतिष्ठित झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 में घरेलू दर्शकों के सामने प्रदर्शन करने को लेकर काफी उत्साहित हैं। यह टूर्नामेंट 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलेगा, जिसमें भारत, जापान, चीन, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। सविता टूर्नामेंट में भारतीय महिला हॉकी टीम का नेतृत्व करेंगी और दीप ग्रेस एक्का उनकी डिप्टी होंगी। भारत टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरूआत शुक्रवार, 27 अक्टूबर 2023 को थाईलैंड के खिलाफ करेगा। भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड संगीता ने प्रमुख टूर्नामेंट के लिए रांची लौटने पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, मैंने अपना पहला टूर्नामेंट रांची में तब खेला था जब मैं अंडर-14 टीम में थी और




हमने हॉकी झारखंड के लिए कांस्य पदक जीता था। बाद में, मैंने यहां सब जूनियर स्तर पर भी खेला। हालांकि, रांची में इतने बड़े अंतरराष्ट्रीय आयोजन में भाग लेने का यह मेरा पहला मौका होगा। मैं घरेलू प्रशंसकों के सामने जाने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का और इंतजार नहीं कर सकती। संगीता को बचपन में शहर में मैच खेलने की अच्छी यादें हैं और वह राज्य में हॉकी के विकास पर गर्व महसूस करती हैं। उन्होंने कहा, जब मैं छात्रावास पहुंची, तो वहां कुछ सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं। पहले, राज्य से केवल कुछ ही खिलाड़ी निकलते थे। हालांकि, अब झारखंड में राष्ट्रीय टीम में कई खिलाड़ी हैं। हॉकी टर्फ और उपकरण सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। पिछले कुछ वर्षों में, हॉकी इंडिया और झारखंड सरकार ने राज्य में हॉकी के विकास को सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत की है। इस बीच, भारतीय महिला हॉकी टीम की डिफेंडर निक्की प्रधान, जो पहले ही भारत के लिए 150 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी हैं, ने कहा कि टूर्नामेंट से राज्य के युवा खिलाड़ियों को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि हॉकी इंडिया और झारखंड सरकार ने यहां रांची में इस तरह के एक प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयोजन करने का फैसला किया है। राज्य में हॉकी बढ़ रही है, और यह टूर्नामेंट खेल के उत्थान को और बढ़ावा देगा। जल्द ही, वह समय आएगा जब हमारा राज्य अपने सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ियों के कारण जाना जाएगा। राज्य में हमारे युवा खिलाड़ियों को भी इस टूर्नामेंट से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।" निक्की ने यह भी खुलासा किया कि उनके परिवार के सदस्य रांची में भी अंतरराष्ट्रीय हॉकी खेलते हुए देखने के लिए उत्सुक हैं और उन्हें उम्मीद है कि टूर्नामेंट शुरू होने के बाद वे स्टेडियम को पैक कर देंगे। उन्होंने कहा, यह पहली बार होगा जब इस स्तर का कोई अंतरराष्ट्रीय मैच यहां रांची में खेला जा रहा है। मेरे परिवार के सभी सदस्य, चचेरे भाई-बहन और दोस्त बहुत उत्साहित हैं और मुझे फोन करके पूछते रहते हैं कि मैच कब शुरू होंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि सभी भीड़ का हिस्सा होंगे। इससे मुझे थोड़ी घबराहट होती है लेकिन मैं अपने प्रियजनों के सामने प्रदर्शन करने के लिए भी उतना ही उत्साहित हूं।

### जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा में अनावरण किया गया

**शुक्रवार** को सुबह 11:00 बजे से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा में झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 अनावरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य अतिथि उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी अबु इमरान, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार राय, अनुमंडल पदाधिकारी सुरेन्द्र उरांव जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक, जिला ओलम्पिक संघ कार्यकारी अध्यक्ष चन्द्रेश शर्मा,



हॉकी चतरा अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह, हॉकी चतरा सचिव राकेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र चन्द्रवंशी एवं अन्य शामिल रहे। ज्ञात हो कि हॉकी खेल एवं उक्त प्रतियोगिता को युवाओं के बीच लोकप्रिय बनाने एवं बढ़ावा देने के लिए हॉकी झारखंड द्वारा उक्त ट्रॉफी का प्रदर्शन 14 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2023 तक राज्य के सभी जिलों में किया जा रहा है। झारखंड महिला, एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 का आयोजन 27 अक्टूबर से 05 नवंबर 2023 तक झारखंड की राजधानी रांची में होने वाला है।

## वर्ल्ड कप 2023 जीतने के लिए भारत लगा रहा है पूरी ताकत : इयान हीली

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर इयान हीली ने 2023 पुरुष विश्व कप अभियान में लगातार चार मैच जीतने के बावजूद भारत को लेकर कुछ चिंताएं व्यक्त की और आश्चर्य जताया कि क्या रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम टूर्नामेंट की शुरूआत में ही पूरी ताकत लगा रही है। गुरुवार को पुणे के एमसीए स्टेडियम में भारत ने विराट कोहली के नाबाद शतक की बदौलत बांग्लादेश को सात विकेट से हरा दिया। भारत ने पहले ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और पाकिस्तान को हराने के बाद अपना विजय क्रम जारी रखा। लेकिन हीली इस बात को लेकर थोड़े परेशान दिखे कि भारत टूर्नामेंट के शुरूआती दिनों में बहुत अधिक तीव्रता और ऊर्जा डाल रहा है। हीली ने एसईएन रेडियो पर कहा, वे आसानी से आगे नहीं बढ़ रहे हैं, मेरे मन में भारत के लिए एक नया डर है। कोहली की अच्छी पारी थी, रोहित शर्मा और शुभमन गिल भी शीर्ष पर अच्छे थे। लेकिन अगर आप उनकी जीत में जा रही ऊर्जा को देखें, तो मुझे डर है कि उन्हें भावनात्मक रूप से निराश होना



पड़ेगा। वे इसमें बहुत सारी ऊर्जा लगा रहे हैं, हो सकता है कि वे इसे ज्यादा कर रहे हों।

जब कोई खराब गेंद फेंकता है तो मैदान में तीव्रता, हाव-भाव, अच्छे फील्डिंग प्रयासों का अति-उत्साह, इस तरह की सभी चीजें। पुणे में फैंस की भीड़ थी और यह एक सुंदर दिखने वाला मैदान है। हालांकि, उनके पास एक बेहतरीन टीम है। मेरा मानना है कि मेजबानों को टूर्नामेंट के अंतिम चरण आने तक अपनी कुछ ऊर्जा बरकरार रखनी चाहिए। टूर्नामेंट में भारत का अगला मैच रविवार को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ होगा। यह मुकाबला काफी दिलचस्प होने वाला है क्योंकि जंग टूर्नामेंट की दो बेस्ट टीमों के बीच है।